हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची • शनिवार • 06.07.2024 • वर्ष : 14 • अंक : 343 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# झारखंड की राजनीतिक फिजा में घुल रहा चुनावी रंग, सज रहे मैदान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड की राजनीतिक फिजा में चुनावी रंग घुल रहा है। विधानसभा चुनाव को लेकर धीरे-धीरे मैदान सज रहे हैं। सभी पार्टियों ने अपनी चुनावी तैयारी शुरू कर दी है। पक्ष-विपक्ष के नेताओं के भाषण और मिजाज चुनावी हैं। साथ ही जमीनी स्तर पर चुनाव की तैयारी भी शुरू है। जेल से निकलने के बाद राज्य में एक बार फिर हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बन गई है।

हेमंत सोरेन के पास स्पष्ट बहुमत भी है। तीसरी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बने हेमंत सोरेन को एक सप्ताह के अंदर विश्वासमत हासिल करना है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने नयी सरकार को एक सप्ताह के अंदर विश्वासमत हासिल करने का निर्देश दिया है। झारखंड विधानसभा में कुल 77 विधायक हैं। पांच विधायक इस बार सदन में नहीं होंगे। चार विधायकों में दो भाजपा और दो झामुमो के विधायक लोकसभा का चुनाव जीतकर संसद पहुंच गये हैं। इसमें भाजपा के मनीष जायसवाल, ढुल्लू महतो और झामुमो के नलिन सोरेन व जोबा मांझी हैं। वहीं, झामुमो विधायक सीता सोरेन ने भाजपा में शामिल होने को बाद इस्तीफा दे दिया था। वर्तमान विधानसभा में बहुमत के लिए 39 विधायकों का संख्या बल चाहिए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली सरकार के पास बहुमत का मजबूत आंकड़ा है। झारखंड विधानसभा में इंडी गठबंधन के साथ 47 विधायक हैं। मनोनीत विधायक को भी वोटिंग का अधिकार है। मनोनीत ग्लेन जोसेफ गॉलस्टन हेमंत सोरेन सरकार का समर्थन करेंगे। वहीं, एनडीए गठबंधन के पास फिलहाल 27 वोट है।



भाजपा विधायक जेपी पटेल भले ही सदन में विरोधी पक्ष में बैठाये जायेंगे लेकिन उनका वोट हेमंत सोरेन के पक्ष में ही होगा। निर्दलीय सरयू राय और अमित मंडल साथ आये, तब भी एनडीए आंकड़ा से काफी दूर है।एनडीए के खाते में 27 विधायक होंगे। सदन में हेमंत सोरेन सरकार को विश्वासमत के दौरान किसी तरह की परेशानी नहीं दिख रही है।

झामुमो के खिलाफ लोबिन हेंब्रम ने मोर्चा खोल रखा है। झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम सरकार के खिलाफ वोटिंग कर सकते हैं लेकिन इससे इंडी गठबंधन की सेहत में कोई असर नहीं पड़ने वाला है। वहीं, भाजपा विधायक जेपी पटेल सरकार के साथ आये, तो हिसाब बराबर हो जायेगा। विधायक चमरा लिंडा को लेकर भी असमंजस की स्थिति है। चमरा लिंडा बुधवार को गठबंधन की बैठक में शामिल नहीं हुए।

विधानसभा चुनाव को लेकर इंडी और एनडीए गठबंधन दोनों दलों के नेताओं ने कमर कसकर मैदान में उतर गए हैं। विधानसभा में रणनीति के तहत ही झामुमो ने आनन-फानन में चम्पाई सोरेन से इस्तीफा और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ताजपोशी हुई। दूसरी ओर, भाजपा ने विधानसभा चुनाव को देखते हुए तीन महीने का खाका तैयार किया है। इसमें विस्तारित कार्यसमिति से लेकर घोषणा पत्र व आरोप पत्र तैयार करने के लिए कमेटी बनायी गयी है। कांग्रेस आलाकमान ने भी प्रदेश के आला नेताओं के साथ विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक की। इसमें प्रदेश के नेताओं को चुनावी टिप्स दिये गये और ब्लू प्रिंट बनाने को कहा गया है।

माना जा रहा है कि झारखंड में निर्धारित समय से पूर्व विधानसभा चुनाव होने की अटकलें लग रहीं हैं। वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल पांच जनवरी तक है। राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि झारखंड में हरियाणा व महाराष्ट्र के साथ अक्टूबर में चुनाव हो जाये। चुनाव आयोग भी अक्टूबर को समय सीमा मानकर तैयारी में जुटा है। वर्ष 2019 में झारखंड में नवंबर-दिसंबर में चुनावी प्रक्रिया पूरी हुई थी। छह नवंबर को पहले फेज के लिए अधिसूचना निकाली गयी थी। वहीं, 30 नवंबर से 20 दिसंबर तक पांच चरणों में विधानसभा चुनाव हुए थे।

## एक नजर

### 11 अगस्त को होगी नीट पीजी की परीक्षा

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड ने उच्च चिकित्सा शिक्षा की परीक्षा राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा - नीट पीजी 11 अगस्त को आयोजित करने की घोषणा की है। बोर्ड ने शुक्रवार को यहां बताया कि यह परीक्षा दो पाली में होगी। नीट यूजी की परीक्षा में पेपर लीक होने के बाद राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड ने नीट पीजी की परीक्षा टाल दी थी। यह परीक्षा 22 जून को आयोजित की जानी थी।

### राष्ट्रपति ने सशस्त्र बल कर्मियों को 10 कीर्ति चक्र और 27 शौर्य चक्र प्रदान किए



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्र के लिए सर्वस्व बलिदान करने वाले 37 बहादुर सैनिकों को वीरता पुरस्कार प्रदान किये। राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह-2024 (चरण-1) में राष्ट्रपति ने 10 कीर्ति चक्र तथा 27 शौर्य चक्र प्रदान किये। 10 में सात कीर्ति चक्र और 27 में सात शौर्य चक्र मरणोपरांत प्रदान किये गये। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी मौजूद थे।

# सीएम बहन-बेटी स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना लागू, मिलेंगे एक हजार रुपये प्रतिमाह




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्य में महिलाओं की सशक्तीकरण के लिए मुख्यमंत्री बहन-बेटी मई-कुई स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना लागू कर दी गयी है। कैबिनेट के फैसले के बाद महिला, बाल विकास विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। इस योजना के तहत राज्य की 45 लाख से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये प्रोत्साहन मिलेगा। इसका लाभ 21 से 50 वर्ष की उम्र वाली गरीब महिलाओं को दिया जायेगा। इस योजना का लाभ लेने के लिए योग्यता भी तय की गयी है।

आर्थिक लाभ प्राप्त करने लिए आवेदिका का पहचान पत्र, आधार कार्ड, परिवार का अंत्योदय अन्न योजना कार्ड, पीला रंग का राशन कार्ड, गुलाबी कार्ड या सफेद राशनकार्ड धारी को इसका लाभ मिलेगा। इनकम टैक्स भरने वाले, सरकारी नौकरी करने वाले परिवार को इसका लाभ नहीं मिलेगा। ईपीएफ धारी महिला इस योजना की पात्र नहीं होगी। अन्य किसी योजना से पेंशन पा रही महिला को भी इसका लाभ नहीं मिलेगा।

महिला विकास विभाग ने योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आधार की आवश्यकता को अनिवार्य किया है और बैंक खाता या पोस्ट ऑफिस का खाता से आधार लिंक कराना होगा। हालांकि, जिनका आधार लिंक नहीं है वे भी दिसंबर तक इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। सरकार का मानना है हर माह 1000 रुपये की राशि से महिलाओं का शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण सहित हर छोटी-छोटी जरूरतें पूरी की जा सकेंगी। आवेदन के लिए जल्द ही पोर्टल जारी किया जायेगा।

## कार की स्टीयरिंग थाम हेमन्त सोरेन ने दिया जनता को संदेश

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने करीब 5 महीने बाद कार की स्टीयरिंग थामी। गुरुवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद हेमंत सोरेन प्रोजेक्ट भवन गये थे। वहां से लौटते वक्त उन्होंने खुद कार ड्राइव किया। साथ में उनकी पत्नी और विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन थीं। उन्होंने अपने फोन हेमन्त के ड्राइविंग के दौरान जनता को दिये संदेश को रिकॉर्ड किया। कल्पना सोरेन ने शुक्रवार को इस वीडियो को अपने एक्स (ट्विटर) पर पोस्ट किया।



हेमन्त ने कहा कि 2019 में आपने (जनता) आशीर्वाद और ताकत दोनों दिया था। सरकार चलाने के दौरान कई गतिरोध आते रहे। कभी सरकार गिराने की साजिशें रची गई। कभी विधायकों की खरीद-फरोख्त की कोशिश हुई। प्रदेश में एक अजीब की राजनीति चल रही है, लेकिन जनता के जनादेश की बदौलत हमने सरकार को एक खरोंच नहीं आने दिया। उन्होंने कहा कि 2019 में जो संकल्प लिया था आज उसे फिर से पूरा करने के लिए आपके बीच आया हूं।

हेमन्त सोरेन ने कहा कि कार में ड्राइवर भी है और पत्नी की ओर इशारा करते हुए कहा कि खलासी भी है। वहीं, कल्पना सोरेन ने कहा कि ज्यादा तेजी से योजनाओं पर काम होगा। हमारा राज्य खनिज संपदा से भरा हुआ है। लोगों को योजनाओं का लाभ मिले। जैसे ये गाड़ी बेहतर चला रहे हैं, उसी तरह राज्य को भी अच्छी तरह से चलायेंगे।

### हेमन्त सोरेन ने मां बगलामुखी मंदिर में की पूजा-अर्चना



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन पत्नी कल्पना सोरेन के साथ शुक्रवार को महात्मा गांधी मार्ग (काली स्थान रोड) रांची स्थित मां बगलामुखी मंदिर पहुंचकर शीश नवाया। मौके पर मुख्यमंत्री ने मां बगलामुखी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर समस्त राज्यवासियों की सुख, शांति, समृद्धि एवं उन्नति की कामना की।

## झारखंड हाई कोर्ट के 15वें चीफ जस्टिस बने डॉ. बीआर सारंगी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट के 15वें चीफ जस्टिस के रूप में डॉ. बीआर सारंगी ने शुक्रवार को शपथ ली। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें राजभवन के बिरसा मंडप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। पूर्व चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की सेवानिवृत्ति के बाद वह झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस बने हैं।

शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ उपस्थिति रहे। इनके अलावा हाई कोर्ट के सभी जज, झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो, महाधिवक्ता राजीव रंजन, डीजीपी, गृह सचिव वंदना डाडेल, राज्यसभा सदस्य महुआ मांझी, हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता, स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष, काउंसिल के सदस्य, एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष, महासचिव, सदस्य समेत अपर महाधिवक्ता और महाधिवक्ता कार्यालय के सभी अधिवक्ता समेत हाई कोर्ट के कई अधिवक्ता उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री ने ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से किया संवाद



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रत्यक्ष और वर्चुअल माध्यम से पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से बातचीत की। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि वह उनके जीतकर आने पर स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने खिलाड़ियों से कहा कि ओलंपिक एक बड़ा मंच है जहां पर हमें जाकर केवल खेलना है और अपना सर्वोत्तम देना है। सीखने वालों के लिए यहां अवसरों की कमी नहीं है और शिकायत करने वालों के लिए अवसरों का हमेशा अभाव रहेगा। सीखने वाला खिलाड़ी अन्य देशों के खिलाड़ियों को खेलते देखकर भी उनसे सीखता है। उन्होंने एक-एक कर कई खिलाड़ियों से बातचीत की। इस संवाद का वीडियो आज सार्वजनिक किया गया है। उन्होंने वर्चुअल माध्यम से जुड़े ओलंपिक में जैवलिन थ्रो स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा से बातचीत की। उन्होंने अपने पिछले संवाद को याद किया। इसी तरह उन्होंने दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु से बातचीत की।

# मोदी की रूस यात्रा से पहले 35 हजार एके-203 राइफलें रक्षा मंत्रालय को मिलीं

- एके-200 सीरीज की असॉल्ट राइफलों का उत्पादन करने वाला पहला देश बना भारत।
- शुरुआत में तैयार होने वाली 70 हजार असॉल्ट राइफल्स में रूसी कलपुर्जे लगे होंगे।




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूस यात्रा पर जाने से ठीक पहले दोनों देशों के बीच एक संयुक्त उद्यम इंडो-रूसी राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड (आईआरआरपीएल) ने 35 हजार एके-203 असॉल्ट राइफलें रक्षा मंत्रालय को सौंप दी हैं। रूस के रोस्टेक राज्य निगम रोबोरोनएक्सपोर्ट ने शुक्रवार को कलाश्निकोव राइफलें सौंपने का आधिकारिक रूप से ऐलान किया। प्रधानमंत्री मोदी 08-10 जुलाई को रूसी संघ और ऑस्ट्रिया गणराज्य की आधिकारिक यात्रा करेंगे। वह 22वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

रूस के सहयोग से उत्तर प्रदेश के अमेठी स्थित कोरवा ऑर्डिनेंस फैक्टरी में एके-203 राइफलों का निर्माण करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 3 मार्च, 2019 को इस योजना का औपचारिक उद्घाटन किया था। लगभग एक दशक तक इंतजार के बाद अमेठी की इस आयुध फैक्टरी में पिछले साल जनवरी में एके-203 असॉल्ट राइफलों का उत्पादन शुरू हुआ था। एके-203 असॉल्ट राइफल 7.6239 मिमी कारतूस के लिए बनाई गई एके-200 राइफल का एक संस्करण है। इसी के साथ भारत विश्व प्रसिद्ध ब्रांड कलाश्निकोव की एके-200 सीरीज की असॉल्ट राइफलों का उत्पादन शुरू करने वाला पहला देश बन गया। अब इस फैक्टरी में तैयार 35 हजार असॉल्ट राइफलों की पहली खेप रक्षा मंत्रालय को सौंप दी गई है।

प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा से ठीक पहले आईआरआरपीएल ने शुक्रवार को 35 हजार राइफलों का उत्पादन होने और भारतीय रक्षा मंत्रालय को हस्तांतरित करने औपचारिक घोषणा रूस के रोस्टेक राज्य निगम ने की है। रोबोरोनएक्सपोर्ट के महानिदेशक अलेक्जेंडर मिखेव ने एक बयान में कहा कि शुरूआत में तैयार होने वाली 7.62 39 एमएम कैलिबर की 70 हजार एके-203 राइफल्स में रूसी कलपुर्जे लगे होंगे लेकिन इसके बाद यह पूरी तरह से स्वदेशी हो जाएगी। राइफल्स का स्वदेशीकरण करने के लिए सभी आवश्यक उपकरण कोरवा आयुध कारखाने में भेज दिए गए हैं। प्रारंभिक बैच विभिन्न सेना इकाइयों को सौंप दिया गया है और अब बाद के बैचों का निरीक्षण करके उन्हें बहुत जल्द सौंप दिया जाएगा।

रोस्टेक के महानिदेशक सर्गेई चेमेजोव ने कहा कि कहा कि भारत में निर्मित एके-203 राइफलों का मॉडल उत्कृष्ट एर्गोनॉमिक्स के साथ दुनिया में सबसे अच्छी अटैक राइफल्स में से एक है। एके-203 असॉल्ट राइफलों का उत्पादन शुरू होने के साथ ही उच्च गुणवत्ता वाले सुविधाजनक और आधुनिक छोटे हथियार भारत की रक्षा और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के इस्तेमाल में जल्द ही आएंगे। उन्होंने कहा कि रूस और भारत मजबूत साझेदारी संबंधों से जुड़े हुए हैं।

# राहुल गांधी पहुंचे नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन, लोको पायलट से की मुलाकात



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को रेलगाड़ियां चलाने वाले लोको पायलटों से मुलाकात की और उन्हें विश्वास दिलाया कि वह ह्यरेलवे के निजीकरण' और भर्तियों की कमी का मुद्दा उठाएंगे। कांग्रेस के अनुसार, उसके पूर्व अध्यक्ष दोपहर के समय नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पूरे भारत के लगभग 50 लोको पायलट से मिले। इस मुलाकात के दौरान लोको पायलटों ने बताया कि उन्हें आराम करने का पूरा समय नहीं मिलता। कांग्रेस ने इस मुलाकात का वीडियो एवं तस्वीर भी जारी की।

पार्टी के अनुसार, लोको पायलटों की शिकायत है कि वे लंबी दूरी की रेलगाड़ियां चलाते हैं और अक्सर पर्याप्त विराम के बिना उन्हें फिर ड्यूटी पर भेज दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इससे अत्यधिक तनाव होता है और एकाग्रता में कमी आती है जो दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण है। कांग्रेस ने कहा कि विशाखापत्तनम में दुर्घटना की हालिया जांच सहित कई रिपोर्ट में इस बात को रेलवे द्वारा स्वीकार किया गया है।

पार्टी ने कहा, लोको पायलटों की मांग है कि उन्हें साप्ताह में 46 घंटे का आराम मिले। इसका मतलब यह है कि शुक्रवार दोपहर को घर लौटने वाला ट्रेन चालक रविवार की सुबह से पहले ड्यूटी पर लौट आएगा। रेलवे अधिनियम 1989 और अन्य नियमों में पहले से ही प्रति सप्ताह 30 जमा 16 घंटे आराम का प्रावधान है, जिसे लागू नहीं किया जा रहा है। हवाई जहाज के पायलटों को भी आम तौर पर इतनी ही छूट मिलती है।

कांग्रेस का कहना है कि लोको पायलट की यह भी मांग है कि लगातार दो रात की ड्यूटी के बाद एक रात का आराम होना चाहिए और ट्रेनों में चालकों के लिए बुनियादी सुविधाएं होनी चाहिए।

## एक नजर

### जहरीला पदार्थ का सेवन कर महिला ने की आत्महत्या

**मेदिनीनगर (पलामू) :** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम महरजा निवाशी जगदेव साहू की पत्नी मीना देवी उम्र 35 वर्ष बीती रात मानसिक तनाव में आकर जहरीला पदार्थ का सेवन कर ली। जहरीला पदार्थ का सेवन करने की वजह से उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए लेसलीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के क्रम में महिला की मौत हो गई। वही इस घटना के बाद से परिजनों का अस्पताल में रोरो कर बुरा हाल था। वही घटना की जानकारी मिलने पर शुक्रवार की सुबह शहर थाना की पुलिस अस्पताल पहुंचकर शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वही इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

### महूदी मामले में हिन्दू पक्ष के 21 नामजद अभियुक्तों को मिली जमानत

**बड़कागांव :** महुदी रामनवमी जुलूस विवाद में सभी हिन्दू पक्ष के नामजद 21 अभियुक्तों को न्यायालय द्वारा अग्रिम जमानत बाहर से दे दी गई है। जिसका कांड संख्या 105/24 एवं 106/24 है। आरोपित नामजद अभियुक्त में पुर्व विधायक लोकनाथ महतो, खेमलाल महतो, टुकेश्वर प्रसाद, बच्चन देव कुमार, सुनीता देवी, दामोदर प्रसाद मेहता, सीताराम राणा, रविकांत महतो, राजकुमार राणा, छात्रधारी राणा, रवि कुमार, आनंद महतो, चंद महतो, सुधीर राणा, ललिता देवी, रेखा देवी, भोला महतो, सिकंदर महतो, भोला महतो, सिकंदर महतो, प्रकाश महतो, खिरोधर महतो, देव कुमार राणा ने न्यायालय की शरण में गए थे। जहां पर सभी को अग्रिम जमानत बाहर से ही दे दी गई है। मामले को लेकर रामभक्तो ने कहा कि महुदी रामनवमी जुलूस शोभायात्रा शांतिपूर्वक निकलने के बाद प्रशासन के द्वारा वापसी में भोले भाले निर्दोष रामभक्तो के ऊपर जानबूझकर मामले को जिंदा रखने के लिए झुठा केस कर फंसाया गया था। हम लोगों को न्यायालय के ऊपर पूर्ण न्याय की पूर्ण भरोसा था। हम लोगों के ऊपर दो झूठे मुकदमे किए गए थे उनमें जमानत मिली है। इसके लिए हम लोग न्यायालय का आभार प्रकट करते हैं। एवं आगे भी शांतिपूर्वक महुदी आंदोलन को निरंतर जारी रखते हुए संघर्षरत रहेंगे। अधिवक्ता दामोदर कुमार सिंह, श्रवण कुमार एवं अंचल कुमार थे। इस मौके पर हजारीबाग न्यायालय के बाहर सैकड़ो की संख्या में सनातनी राम भक्त मौजूद थे।

### पदमा में रेफरी अविनाश कुमार का हुआ स्वागत

**पदमा :** मां विंध्यवासिनी महाविद्यालय के शिक्षक अविनाश कुमार को मिली बड़ी उपलब्धि। विगत 28 – 30 जून 2024 को केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में झारखंड प्रांत से एकमात्र चयनित रेफरी अविनाश कुमार जो पदमा प्रखंड स्थित माँ विंध्यवासिनी कॉलेज आफ एजुकेशन से खेल प्राध्यापक ने भागीदारी किया। महाविद्यालय परिवार की उपस्थिति में प्राचार्य डॉक्टर चेतलाल प्रसाद तथा संस्था अध्यक्ष डॉक्टर अनूप कुमार मेहता द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया साथ ही प्राध्यापकों तथा प्रशिक्षुओं ने बधाइयां तथा शुभकामनाएं दी।

# पलामू में हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री बनने पर जेएमएम कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाइयां

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**छत्तरपुर(पलामू) :** हेमंत सोरेन को पुनः झारखंड के मुख्यमंत्री बनाए जाने पर केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा के नेतृत्व में छतरपुर प्रखंड के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा शुक्रवार को जपलामोड पर खुशियां मनाते हुए मिठाइयां बांटी गई एवं भाजपा के खिलाफ हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन झारखंड मुक्ति मोर्चा के छतरपुर प्रखंड अध्यक्ष सह चराई पंचायत के मुखिया रविंद्र राम ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि मोदी एवं अमित शाह के इशारे पर इडी के द्वारा झारखंड में लोकतंत्र की हत्या करने की कोशिश की गई थी। गलत केस में फंसा कर झारखंड



में इंडिया गठबंधन की सरकार को अस्थिर करते हुए भाजपा के सरकार को लाने की साजिश थी जो नाकाम साबित हुई। उच्च न्यायालय पर हम लोगों को पूरा भरोसा था कि न्याय मिलेगा और मिला।भाजपा की साजिश बेनकाब हुई और इसका खामियाजा लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को भुगतना पड़ा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा आंदोलन की पार्टी है हमें सत्ता से ज्यादा जनहित प्रिय है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा किए जा रहे जनहित के कार्यों से भाजपा ने बेचैन होकर यहां के सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की लेकिन माननीय उच्च न्यायालय ने दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया। हम लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा के सिपाही हैं और धमकियां या जेल जाने से नहीं डरते। हम लोगों ने जनहित के लिए हमेशा काम किया है और करते रहेंगे। स्थानीय विधायक पुष्पा देवी की ओर इशारा करते हुए चंदन सिन्हा ने कहा कि पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर के कार्यकलापों से आजीज आकर छतरपुर विधानसभा के लोगों ने पुष्पा देवी को रिकॉर्डमतों से जीताने का काम किया था लेकिन यहां के लोगों के हाथ में निराशा ही लगी। छतरपुर में भ्रष्टाचार घटने के बजाय जबरदस्त बढ़ा दिया गया। मनोज कुमार के इशारे पर बिचौलियों एवं दलालों का काम किया जा रहा है।आम अवाम और गरीब गुरबों का शोषण चरम पर है। आने वाले विधानसभा चुनाव में यहां की जनता इनको सबक सिखाएगी। बाहरी सभी लोगों को खदेड़ कर स्थानीय विधायक का चयन करेगी जो उनके सुख-दुख में हमेशा साथ रहे। प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र राम ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की ओर से झारखंड मुक्ति मोर्चा चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। छतरपुर झारखंड मुक्ति मोर्चा के बैनर तले चुनाव लड़ने के मांग की जाएगी। कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला संगठन सचिव विवेकानंद सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा के केंद्रीय सचिव एजाज आलम, कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह, शिवनाथ सुरीला, मदन यादव बलराम सिंह कुलदीप सिंह, फिरदौस आलम, अनिल सिंह चेरो सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए।

## विधायक अंबा प्रसाद ने उप विकास आयुक्त से की मुलाकात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** शुक्रवार को विधायक अंबा प्रसाद ने उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित से उनके कार्यालय में मुलाकात की। विधायक अंबा प्रसाद में इस दौरान डीएमएफटी मद से विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति प्रदान कराने समेत अनेक मसलों पर सार्थक वार्ता हुई। इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव चौक में हो रहे जल जमाव पर नाली निर्माण जिस संवेदक ने किया उसके द्वारा पानी निकासी हेतु जगह नहीं छोड़ने पर नाराजगी जताते हुए कार्रवाई करने की बात कही। विधायक ने कहा कि बड़कागांव चौक में काफी मेहनत के बाद नाली निर्माण का कार्य करवाया गया लेकिन सभ्यता की लापरवाही से पानी निकासी नहीं हो रहा है जिस पर उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिया। वहीं पकरी बरवाडीह में दिनेश साव के घर से हेठगढ़ा तक डीएमएफटी मद से बना रहे पथ



निर्माण में हो रहे त्रुटि एवं निर्दिष्ट स्थल पर पथ निर्माण नहीं होने पर दोनों दिशा से सड़क व नाली बनाने की बात कही। जिस पर तुरंत ग्रामीण कार्य विभाग के सहायक अभियंता व कनीय अभियंता को उचित दिशा निर्देश दिया गया। डीएमएफटी मद से कई विकास योजनाओं की स्वीकृति प्रदान करने को लेकर सार्थक वार्ता हुई वहीं बड़कागांव में दिव्यांग जनों के लिए सामुदायिक भवन बनाने के दिशा में भी उचित दिशा निर्देश दिया गया। विधायक द्वारा केरेडारी एवं बड़कागांव प्रखंड कार्यालय में फैला भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने हेतु अधिकारियों पर कार्रवाई करने की बात कही गई।

## प्रदीप प्रसाद ने जगन्नाथ धाम मंदिर में तड़ित चालक यंत्र का किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र के सिलवार स्थित जगन्नाथ धाम मंदिर परिसर पहुंचे भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद जहां पर स्थानीय लोगों के द्वारा प्रसाद का स्वागत व अभिनंदन किया गया। जिसके बाद प्रदीप प्रसाद ने मंदिर परिसर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों के सुख शांति समृद्धि की मंगल कामना की जिसके साथ मुख्य पुजारी, मंदिर कमेटी के सदस्य एवं स्थानीय लोगों की उपस्थिति में मंदिर परिसर में प्रदीप प्रसाद के द्वारा लगाए गए तड़ित चालक यंत्र का उद्घाटन किया गया। ज्ञात होगा कि पिछले वर्ष 2023 में अचानक बिजली चमकने से दो युवक की मृत्यु सहित कई अन्य लोग घायल हो गए थे। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदीप प्रसाद ने यह सराहनीय



कदम जनता जनार्दन के लिए उठाया है ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को मेले में किसी भी तरह की अप्रिय घटना ना हो। साथ ही प्रदीप प्रसाद के द्वारा मंदिर परिसर में 175 पौधारोपण किया गया वहीं कई पौधे स्थानीय लोगों के बीच वितरण किया गया, 7 जुलाई को मेले के दिन मंदिर परिसर के समक्ष दिनभर खिचड़ी महा भोग का वितरण किया जाएगा। हरियाली महोत्सव के तहत 50 हजार से भी अधिक पौधारोपण एवं पौधा वितरण किया जा चुका है। 5 जून से प्रारंभ हरियाली महोत्सव सदर विधानसभा क्षेत्र में एक नई कामयाबी को हासिल करता हुआ नजर आ रहा है इस कामयाबी के बीच सदर विधानसभा क्षेत्र की समस्त जनता जनार्दन का प्रयास और आशीर्वाद है अब तक 50 हजार से भी अधिक पौधारोपण एवं पौधा वितरण किया जा चुका है जिसमें आम,अमरूद,कटहल जैसे अनेकों पौधे शामिल है इस मुहिम में कई संस्था भी अपना साथ और सहयोग प्रदान की है तो वहीं दूसरी ओर महिलाएं और बच्चे भी बढ़-चढ़कर प्रदीप प्रसाद के साथ कदम से कदम चलकर हजारीबाग को स्वच्छ सुंदर बनाने में अपना सहयोग कर रहे हैं।

## पदाधिकारी-कर्मचारी सुधरें अन्यथा होगा उग्र आंदोलन : प्रमिला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** चैनपुर व रामगढ़प्रखंड सह अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। बगैर रिश्वत के जनता का कोई भी काम नहीं हो रहा है। जनप्रतिनिधियों के संरक्षण में पदाधिकारी-कर्मचारी नागरिकों को लूट रहे हैं। जनता झारखंड सरकार की इंडी गठबंधन की गलत नीतियों का खामियाजा भुगत रही है। उक्त बातें आजसू के केंद्रीय समिति सदस्य चंद्रशेखर सिंह छोटू ने कही। वे शुक्रवार को चैनपुर व रामगढ़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर पार्टी के हल्ला बोल कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कहा कि जनप्रतिनिधियों के संरक्षण पाकर पदाधिकारी व कर्मचारी बेलगाम हो गए हैं। इसका सीधा खामियाजा स्थानीय नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने नागरिकों से झारखंड सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया।




उन्होंने पदाधिकारियों व कर्मचारियों को चेतावनी दी। कहा कि पदाधिकारी व कर्मचारी अपनी कार्यकलाप में सुधार लाएं । ऐसा नहीं हुआ तो आजसू पार्टी क्रमबद्ध आंदोलन को बाध्य होगी। इसके पूर्व पार्टी की महिला मोर्चा की पलामू जिला अध्यक्ष प्रमिला देवी ने कहा कि नागरिकों का संविधान प्रदत्त अधिकार नहीं मिल रहा है। गांव में आज भी महिलाएं मुफलसी की जिंदगी जीने को मजबूर हैं। सरकार केवल गरीबों की बात बोलती है। लेकिन केवल अमीरों, सरकार में बैठे मंत्रियों-विधायकों, पदाधिकारियों व कर्मचारियों के लिए काम कर रही है। कहा कि आम लोग छोटे से छोटे काम के लिए प्रखंड व अंचल कार्यालय का चक्कर लगाकर थक जा रहे हैं। लेकिन काम नहीं हो रहा है। ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार का बोलबाला है। मौके पर पार्टी के पलामू जिला उपाध्यक्ष विशाल मेहता ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत से लेकर मंत्री व विधायक को भी इस बात की जानकारी है कि नागरिकों का पदाधिकारी व कर्मचारी शोषण व दोहन कर रहे हैं। लेकिन जनप्रतिनिधि अपना फर्ज नहीं निभा रहे हैं। कहा कि आजसू पार्टी नागरिकों के हक व अधिकार के लिए लड़ेगी। संगठन सचिव शिव शंकर प्रसाद ने कहा कि अधिकारी व कर्मचारी अपने कार्यपद्धति में सुधार लाएं। बिचौलियागिरी बर्दाश्त नहीं होगा। कार्यक्रम में परमानंद सिंह, भुवनेश्वर प्रजापति, नितेश कुमार, बबलूडोगरा, राजीव सिंह, सुजीत तिवारी, प्रमोद प्रजापति, अख्तर अली, झुन्नु बैठा, प्रेमचंद, ओम प्रकाश सिंह, पारस विश्वकर्मा, राजीव सिंह, मणि चंद्रवंशी, दयानंद सिंह, लक्ष्मी चंद्रपाल व सुदेश्वर प्रजापति समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता हल्ला बोल प्रदर्शन में शामिल थे।

### मुखिया ने स्कूली बच्चों के बीच किया शैक्षणिक किट का वितरण

**मेदिनीनगर (पलामू) :** सदर प्रखंड के रजवाडीह पंचायत के मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी ने बड़कागांव उत्क्रमित मध्य विद्यालय में छात्रों के बीच शिक्षण किट का वितरण किया। शिक्षण किट पाकर सभी बच्चे खुशी से झूम उठे। मुखिया के द्वारा वितरण किए गए शैक्षणिक किट में अभ्यास पुस्तिका, रबर, कटर, कलम, औजार बॉक्स शामिल थे। वही मौके पर उपस्थित मुखिया ने शिक्षकों से कहा कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे निर्धन परिवार से आते हैं। इसलिए सभी शिक्षक पूरे मनोयोग से बच्चों को शिक्षा प्रदान कराए। उन्होंने बच्चों से कहा कि प्रतिदिन समय पर विद्यालय पहुंचकर ठीक से पढ़ाई करें। उन्होंने शिक्षकों को भी समय से विद्यालय संचालित करने मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा अभिभावकों से बच्चों को साफ सुथरा पोषाक पहनाकर समय से स्कूल भेजने की अपील की।

# खिलाड़ी हार जीत की चिंता न करें और पूरी निष्ठा के साथ मेहनत करें : आयुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** कर्जन ग्राउंड में प्रमंडलस्तरीय अंडर 17 बालिका वर्ग सुब्रतो कप फुटबॉल टूनार्मेंट के तीसरे और अंतिम दिन आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा, क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक सुमनलता टोपनो बलिहार की गरिमामय उपस्थिति में हजारीबाग एवं कोडरमा के बीच रोमांचक दौर का फाइनल मैच खेला गया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि के साथ सभी अतिथियों का जिला शिक्षा पदाधिकारी की अगुवाई में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की बैंड टीम द्वारा बैंड परिचालन कर भव्य स्वागत किया गया। किस्पोट्टा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ी हार जीत की



चिंता ना करते हुए अपनी मेहनत को जारी रखें। खेल रोमांचकारी और उत्साहवर्धक होता है साथ ही ये जिज्ञासु एवं अनुशासित बनाए रखने में सहायक होता है। टोपनो ने कहा पढ़ाई के साथ साथ खेल भी है जरूरी। खिलाड़ियों से यही उम्मीद और आशा करते हैं खिलाड़ी यह मैच जीत कर राष्ट्रीय स्तर पर खेलेंगे और हमारे प्रमंडल एवं अपने स्कूल का नाम रोशन करेंगे। इसके पूर्व खेल शिक्षक मधुसूदन कुमार सिंह ने कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए कहा यह टूर्नामेंट बच्चों को विद्यालय स्तर से प्रखंड जिला होते हुए राज्य स्तर पर खेल कौशल दिखाने का अवसर प्रदान करता है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने मुख्य अतिथियों को समापन समारोह में बहुमूल्य समय देने एवं प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में सलग्न खेल शिक्षकों बीआरपी, सीआरपी, सहायक शिक्षकों एवं जिला अध्यक्ष को हृदय से आभार प्रकट किया। टूर्नामेंट का शुरूआती मैच हजारीबाग एवं रामगढ़ के बीच खेला गया जिसमें हजारीबाग 4-1 गोल से विजयी रहा, दूसरे मैच में धनबाद बोकारो में धनबाद 1-0 से, तीसरा मैच चतरा एवं गिरिडीह में चतरा टाई ब्रेकर द्वारा 4-0 से विजयी रहा। इस प्रकार हजारीबाग, धनबाद, चतरा सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं कोडरमा सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्रथम सेमीफाइनल मैच कोडरमा एवं गिरिडीह के बीच हुआ जिसमे कोडरमा 4-0 से एवं दूसरा सेमीफाइनल मैच हजारीबाग और धनबाद के बीच हुआ। जिसमे हजारीबाग 4-0 से जीत हासिल कर फाइनल में अपना स्थान बनाया।

## संक्षिप्त खबरें

### हजारीबाग में झारखंड राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस का राज्यस्तरीय सम्मेलन कल



**हजारीबाग :** झारखंड राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नागवाला और प्रदेश संयुक्त सचिव चंद्रशेखर मिश्र ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता किया। प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने बताया की कल रविवार को टाउन हॉल में राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ संजय सिंह, प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडे, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत पूरे राज्य भर के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस दौरान हजारीबाग समेत तमाम जगहों के मजदूर रैयत विस्थापितों के हक अधिकार की चर्चा करेंगे। हजारीबाग बड़कागांव केरेडारी के रैयत विस्थापित से करेंगे मुलाकात। प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नागवाला ने कहा है कि हजारीबाग में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस का कार्यक्रम होना अपने आप में ऐतिहासिक पल है और जिसका लाभ यहां के मजदूर ,रैयत विस्थापितों को निश्चित रूप से होगा। आने वाले समय में जितने भी कोल मजदूर यूनियन के लोग रहेंगे। उनके परिवार के अधिकार और हितों की रक्षा राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस की इकाई निश्चित तौर पर करने का काम करेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नागवाला, संयुक्त संगठन सचिव चंद्रशेखर मिश्रा, वरिष्ठ नेता धीरज सिंह, दीपक गुप्ता, कजरू साहू, सुनील चंद्रवंशी, रामबिलाश सिंह, रितलाल मंडल, सालिक शुभानी, बीजीआर यूनिट अध्यक्ष परमेश्वर कुमार, नीतीश वर्मा समेत इंटक के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गोरियाकरमा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जन आरोग्य स्वास्थ्य समिति का हुआ गठन



**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत गोरियाकरमा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जन आरोग्य स्वास्थ्य समिति के गठन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी, जिप सदस्य मंजू देवी व जीप प्रतिनिधि गणेश यादव उपस्थित रहें। कार्यकारिणी अध्यक्ष के रूप में जिला परिषद सदस्या मंजू देवी, सचिव के रूप मे वर्तमान चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन चंदन और सदस्य के रूप मे एएनएम बदेही रॉय को सर्वसम्मति से चुना गया। उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्रवाई को समाप्त किया गया। डॉ ज्ञानी ने बताया कि गुणवत्तापूर्ण विस्तारित प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुनिश्चित करने में सहयोग प्रदान करना। सेंटर के भवन, उपकरणों के साफ–सफाई के साथ उनका रख–रखाव और सुरक्षा सुनिश्चित कराना। परिसर के दुरूपयोग को रोकना। अनटाइड फंड के प्रबंधन एवं उसका बेहतर उपयोग करना। समुदाय स्पर पर स्वास्थ्य एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यक्रमों, गतिविधियों एवं आउटरिच पर उपलब्ध सेवाओं में सुधार के लिए वीएचएसएनडी के माध्यम से सामुदायिक कार्रवाई को नेतृत्व प्रदान करना। गैर सरकारी संगठनों से संसाधानों को जुटाने के साथ सीएसआर फंड की निधियों के माध्यम से सेंटर पर सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना। साथ ही, सेवाओं और सुविधाओं का प्रचार प्रसार कराना।स्वास्थ्य योजना बनाने में क्षेत्र की ग्राम पंचायतों को सुविधा और सहायता प्रदान करना। सेंटर पर उपलब्ध सेवाओं की सूची सिटीजन चार्टर के रूप में प्रदर्शित कराना। सेंटर में सुरक्षित पेयजल, गुणवत्ता वाले आहार, कूड़े मुक्त परिसर, स्वच्छ शौचालय, साफ सादर, सुव्यवस्थित प्रतीक्षा क्षेत्र, अच्छी सुरक्षा बायोमेडिकल अपशिष्ट व नियमित अपशिष्ट निपटान और परिसर का स्वच्छ रख–रखाव सुनिश्चित करना समेत कई चीजें शामिल है। मौके पर गोरियाकर्मा मुखिया कुमारी मीरा, प्रधान लिपिक पंकज कुमार आजाद, बीपीएम नारायण राम, सुधांशू सुमन, चिकित्सा पदाधिकारी गोरियाकरमा, गोरियाकरमा विद्यालय प्रधानाध्यापक, योग शिक्षक नंदकिशोर कुमार, एमपीडब्ल्यू संतोष कुमार आदि उपस्थित रहें।

### सीसीएल के खदानों में ड्रोन कैमरे के जरिए चलाया विशेष निरीक्षण अभियान

**टंडवा / हजारीबाग :** कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया के निर्देश पर सीसीएल के सतर्कता विभाग ने अनाधिकृत प्रवेश और निकास का आकलन करने के लिए सीसीएल की खदानों में ड्रोन कैमरे के जरिए विशेष निरीक्षण अभियान चलाया है। कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया के निर्देश पर सतर्कता टीम ने सीसीएल मुख्यालय के अधिकारियों के सहयोग से कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया द्वारा अनिवार्य विशेष अभियान के दूसरे दिन ड्रोन कैमरे के जरिए सीसीएल की मगध परियोजना का निरीक्षण किया। आज जारी इस अभियान में कोयला संसाधनों पर निगरानी बढ़ाने के उद्देश्य एवं निरीक्षण गतिविधियों की देखरेख के लिए ड्रोन कैमरे के जरिए मगध परियोजना का निरीक्षण किया गया। अनाधिकृत प्रवेश और निकास की निगरानी के लिए सीसीएल के विभिन्न खदानों में ड्रोन कैमरे लगाए जा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य कोयला संसाधनों की सुरक्षा बढ़ाना और खदानों की महत्वपूर्ण संपत्तियों की रक्षा करना है। चल रहे इस अभियान में आज सीसीएल के विजिलेंस के साथ टेक्निकल टीम में आर आर सिंह, महाप्रबंधक सिविल बिमल कुमार, मुख्य प्रबंधक खनन सतर्कता आदित्य प्रकाश, उप प्रबंधक सिविल सतर्कता बलवंत सिंह, सहायक प्रबंधक सर्वेक्षण के द्वारा मगध परियोजना का ड्रोन कैमरे से निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर परियोजना पदाधिकारी एस. सत्यनारायणा, सर्वेक्षण अधिकारी छोटेलाल भगत भी उपस्थित थे।

### लग्जरी कार से बारह गैलन अंग्रेजी शराब बनाने वाला स्प्रिट बरामद, दो गिरफ्तार

**चौपारण :** चौपारण थाना प्रभारी की तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। एक तरफ तस्कर अपनी तस्करी के लिए बार–बार न्याब तरीके ढूंढते रहते हैं। वहीं थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नजरों से तस्करों का बचाना अब असंभव सा दिख रहा है। इस कड़ी में थानेदार दीपक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को रात्री में गुप्त सूचना मिली की बरही जी०टी० रोड की तरफ से चौपारण होते हुए बिहार की ओर एक वाहन सं0–बीआर26वाई–8467 जा रही है। जिस पर अवैध रुप से अंग्रेजी शराब बनाने वाला नकली स्प्रीट लोड कर तस्करी करने के लिए बिहार जे जाया जा रहा है। इस सूचना पर थाना प्रभारी दीपक सिंह पुलिस बल के साथ चोरदाहा चेक पोस्ट पर बैरिकेटिंग लगाकर बरही की ओर से आने वाली सभी वाहनों का गहन से चेकिंग करना शुरू किया। इसी बीच समय करीब 04 :00 बजे सुबह टाटा टिगोर वाहन सं०– बीआर26वाई– 8467 आते हुआ दिखाई दिया। जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से रुकने का ईशारा किया गया। जिसे देख टाटा टिगोर वाहन के चालक अपनी गाडी को चेक पोस्ट के पास रोककर चालक एवं एक अन्य व्यक्ति भागने लगा।

## एक नजर

### राज्यपाल ने विधानसभा के आठ जुलाई के विशेष सत्र को दी मंजूरी

**रांची :** राजपाल सीपी राधाकृष्णन ने झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र आठ जुलाई को आहूत करने के लिए मंजूरी दे दी है। विधानसभा का विशेष सत्र पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होगा। इस दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बहुमत साबित करेंगे। एक दिन चलने वाले विशेष सत्र के संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

### सरफराज अहमद राज्यसभा में झामुमो संसदीय दल के नेता नियुक्त

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन ने राज्यसभा के सभापति को लिखे पत्र में कहा है कि झारखंड से झामुमो के राज्यसभा सदस्य डॉ. सरफराज अहमद राज्यसभा में झामुमो संसदीय दल के नेता चुने गए हैं। झामुमो संसदीय दल की बैठक में शुक्रवार को इस बाबत निर्णय लिया गया। सरफराज वरिष्ठ नेता हैं। वरिष्ठ सांसद हैं। इन्हें संसदीय कार्यों का अनुभव है। कई संसदीय कमेटियों में कार्य कर चुके हैं। डॉ. सरफराज अहमद गिरिडीह जिले की गांडेय विधानसभा सीट से विधायक थे। इनके इस्तीफे के बाद एक तरफ जहां इन्हें राज्यसभा भेज दिया गया और वे निर्विरोध निर्वाचित हुए, वहीं दूसरी ओर गांडेय सीट से सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को विधानसभा उपचुनाव लड़ाया गया। इस सीट से फिलवक्त कल्पना सोरेन विधायक हैं। झामुमो ने एक बार फिर इन पर भरोसा जताया है और उन्हें राज्यसभा में संसदीय दल का नेता बनाया है।

### लक्ष्मीकांत वाजपेयी फिर बनाए गए भाजपा के झारखंड प्रभारी



**रांची :** झारखंड में इस साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। भाजपा इसके लिए रणनीति बनाने में जुट गई है। इस बीच शुक्रवार को भाजपा ने उत्तर प्रदेश के दिग्गज नेता लक्ष्मीकांत वाजपेयी को एक बार फिर से झारखंड का प्रभारी बनाया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने झारखंड समेत विभिन्न प्रदेशों में प्रदेश प्रभारी एवं सह-प्रभारियों की नियुक्ति की है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। लक्ष्मीकांत वाजपेयी को 2022 में भी झारखंड भाजपा का प्रभारी बनाया गया था। लक्ष्मीकांत वाजपेयी को झारखंड प्रभारी नियुक्त करने से पहले भाजपा ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को झारखंड विधानसभा चुनाव का प्रभारी नियुक्त किया जबकि असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा को सह प्रभारी नियुक्त किया है। वे लगातार झारखंड का दौरा भी कर रहे हैं। 20 जुलाई, 1951 को मेरठ में जन्मे लक्ष्मीकांत वाजपेयी को 1977 में भाजपा के युवा मोर्चा के युवा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया गया था। वर्ष 1980 से 1987 तक वे मेरठ जिले के महासचिव पद पर रहे। वर्ष 1984 से 1986 तक यूपी में भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष पद पर रहे। वे मेरठ से चार बार विधायक रह चुके हैं। वर्ष 2012 से 2014 तक वे यूपी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं।

### विश्व आदिवासी दिवस पर 9-10 अगस्त के कार्यक्रम को लेकर डीसी ने की बैठक

# बिरसा स्मृति उद्यान में होगा आदिवासी दिवस समारोह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने समाहरणालय में 9 से 10 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में प्रस्तावित राज्य स्तरीय समारोह को लेकर बैठक की। कार्यक्रम का आयोजन भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में किया जायेगा। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारी को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस कार्यक्रम के लिए कोषांग और इवेंट टीम का जल्द गठन करने की बात कही गई। डीसी ने आयोजन स्थल पर पिछले वर्ष के अनुभवों के साथ और बेहतर तैयारी किस प्रकार हो इस पर मंथन किया। कार्यक्रम के दौरान यहां लगने वाले स्टॉल, फूड स्टॉल, पार्किंग व्यवस्था, साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, अग्निशमन व्यवस्था अन्य सभी व्यवस्था, दूसरे जिलों से कार्यक्रम में शामिल होने आये कलाकारों के भोजन, पानी, रहने की व्यवस्था की समीक्षा की गई।

बैठक में विश्व आदिवासी दिवस पर दो दिवसीय जनजातीय महोत्सव में अन्य राज्यों की जनजातीय संस्कृति, संगीत, नृत्य, साहित्य, इतिहास, कला एवं हुनर, उनकी अलग-अलग आर्थिक क्रिया, खेलकूद क्षेत्र की विशेषताओं के समायोजन पर भी चर्चा की गयी। डीसी ने कहा कि यह कार्यक्रम झारखंड की लोक संस्कृति, यहां के लोगों की ऐतिहासिक विरासत को विश्व के मानचित्र पर दिखाने के लिए बहुत बड़ा माध्यम है। इसके लिए इसे भव्य बनाने के लिए हर व्यवस्था बेहतर कराने को लेकर तैयारी शुरू करने को कहा। लोग दूसरे देशों की जनजातीय संस्कृति को देख सकें इसके लिए डीसी ने कार्यक्रम के दौरान एक प्रदर्शनी लगाने को कहा। जिससे झारखंड और अन्य राज्यों से आए लोग दुनिया के कई देशों की जनजातीय संस्कृति से रूबरू हो सकें।

**कार्यक्रम के स्वरूप में नवीनता लाने का प्रयास करें**

डीसी ने कहा कि कार्यक्रम के स्वरूप में नवीनता लाने का प्रयास करें।

इसके लिए दूसरे देशों के जनजातीय समूह को भी इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम में शामिल करने का प्रयास करें, ताकि झारखंड राज्य की जनजातीय समूह वहां के जनजातीय समूह के बारे में अच्छे से जान सकें। वहीं बैठक में डीसी के अलावा आदिवासी कल्याण आयुक्त अजयनाथ झा, प्रोजेक्ट डायरेक्टर आईटीडीए संजय कुमार भगत, उप निदेशक आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय संगीता शरण, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक, जिला नजारत उप समाहर्ता सुदेश कुमार, उप निदेशक टीआरआई मोनिका रानी टुडी, सहायक निदेशक आरआई रांची राकेश रंजन उरांव, प्रोजेक्ट मैनेजर जुड़को रांची अनुराग कुमार एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सर्राफा व्यवसायी की हत्या के आरोपी का पोस्टर जारी, 50 हजार का इनाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** पुलिस ने शुक्रवार को आभूषण व्यवसायी राजेश पॉल की हत्या के मुख्य आरोपित का पोस्टर जारी किया। इसके ऊपर 50 हजार का इनाम भी घोषित किया गया है।

डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि लगातार प्रयास के बावजूद अब तक राजेश पॉल के हत्यारे की पहचान नहीं हो पाई है। ऐसे में अब उसका पोस्टर जारी किया गया है, ताकि उसकी पहचान की जा सके। डीएसपी ने बताया कि राजेश पॉल की हत्या में शामिल अपराधी के बारे में सूचना देने वाले व्यक्ति को 50 हजार का इनाम दिया जाएगा और उसकी पूरी पहचान गुप्त रखी जाएगी।

डीएसपी बताया कि अरविंद ज्वेलर्स में लूट कांड को अंजाम देने वाले आरोपितों की तलाश में रांची पुलिस ने अब तक दूसरे राज्यों में छापेमारी कर चुकी है लेकिन पुलिस को कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। अपराधी का सीसीटीवी फुटेज हासिल होने के बावजूद उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

उल्लेखनीय है कि सात जून, 2022 को रांची के डेली मार्केट थाना क्षेत्र में स्थित अरविंद ज्वेलर्स को अपराधियों ने दिनदहाड़े लूटने का प्रयास किया था। घटना के वक्त अरविंद ज्वेलर्स के मालिक और अपराधियों के बीच जमकर हाथापाई हुई थी। इसके बाद अपराधियों ने अरविंद ज्वेलर्स के मालिक राजेश पॉल को गोली मार दी थी। इससे राजेश की मौत हो गई थी। मौके पर अपराधियों के भागने के क्रम में हथियार गिर गया था। अपराधी हथियार छोड़ कर भाग गए थे।

## भगवान जगन्नाथ 15 दिनों के एकांतवास के बाद छह जुलाई को आयेंगे बाहर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ 15 दिनों के एकांतवास के बाद शनिवार को बाहर आयेंगे। इतने दिनों तक भगवान की प्रतिमा का अलौकिक श्रृंगार किया गया। शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नेत्रदान होगा। फिर भगवान भक्तों को दर्शन देंगे।

भगवान के दर्शन के लिए दोपहर दो बजे से भक्तों की भीड़ जुटने लगेगी। शाम चार बजे नेत्रदान अनुष्ठान शुरू होगा। फिर 108 दीपों से मंगलआरती, जगन्नाथ अष्टकम, गीता के द्वादश अध्याय का पाठ और भगवान की स्तुति की जायेगी। भगवान जगन्नाथ को मालपुआ सहित अन्य मिष्ठानों का भोग लगाया जायेगा। शनिवार को भगवान रात नौ बजे तक दर्शन मंडप में दर्शन देंगे और यहीं रात्रि विश्राम करेंगे।

सात जुलाई को प्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जायेगी। सुबह चार बजे से ही भक्त पूजा करने के लिए कतारबद्ध होने लगेंगे। महिला और पुरुष भक्तों के लिए अलग-अलग कतार बनायी जायेगी। दोपहर दो बजे सभी विग्रहों को बारी-बारी से रथारुढ़ किया जायेगा। रथ के ऊपर सभी विग्रहों का श्रृंगार होगा। विष्णु सहस्त्रनाम अर्चना होगी। इस अनुष्ठान के बाद विष्णु सहस्त्रनाम अर्चना में शामिल भक्त रथ पर सवार होकर भगवान को पुष्प अर्पित करेंगे। मंगल आरती होगी। रथ में रस्सा बंधन होगा। रविवार शाम पांच बजे रथयात्रा शुरू होगी। भक्त रस्सी के सहारे रथ को खींच कर मौसीबाड़ी लायेंगे, जहां महिलाएं भगवान की पूजा करेंगी। शाम सात बजे तक सभी विग्रहों को मौसीबाड़ी में रखा जायेगा। फिर आरती और भोग निवेदन होगा। रात आठ बजे भगवान का पट बंद कर दिया जायेगा, जो अगले दिन सुबह पांच बजे खुलेगा। आठ जुलाई को सुबह छह बजे मंगल आरती व बाल भोग लगाया जायेगा। दोपहर 12 बजे अन्न भोग लगाया जायेगा और 12:10 बजे पट बंद हो जायेगा।

दोपहर तीन बजे मंदिर का पट पुनः खुलेगा, जो रात आठ बजे तक खुला रहेगा। शाम 7:30 बजे आरती व भोग निवेदन होगा। रात आठ बजे पट बंद हो जायेगा। यह क्रम 16 जुलाई तक चलेगा। 16 जुलाई को रात में भगवान को गुंडिचा भोग लगाया जायेगा। खीर, खिचड़ी और सब्जी का भोग लगेगा। पूरे साल में सिर्फ एक ही दिन रात्रि में गुंडिचा भोग लगता है। 17 जुलाई को घुरती रथ यात्रा है।

## टीम यलो ने वॉलीबॉल मीडिया कप पर जमाया कब्जा




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** खेलगांव स्थित टाना भगत स्टेडियम में रांची प्रेस क्लब के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय वॉलीबाल लीग टूर्नामेंट का शुक्रवार को समापन हो गया। टीम येलो ने टीम ब्लू को कड़े मुकाबले में परास्त कर मीडिया कप वॉलीबाल टूर्नामेंट के खिताब पर कब्जा जमाया।

टूर्नामेंट के दूसरे दिन टीम ग्रीन ने टीम रेड को तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 25-17, 23-25, 15-6 से हराया जबकि टीम ब्लू ने टीम येलो को तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 25-9, 23-25, 15-6 से हराया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला टीम येलो और टीम ब्लू के बीच खेला गया। इसमें टीम येलो ने टीम ब्लू को 25-23, 25-23 से हराकर अरपीसी मीडिया कप वॉलीबॉल टूर्नामेंट 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक सह झारखंड बॉलीबॉल संघ के महासचिव शेखर बोस मौजूद थे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह, शशी शेखर, प्रकाश सहाय, विनय वर्मा, शम्भूनाथ चौधरी, राघवेन्द्र, चंचल भटाचार्य, दीपक ओझा मौजूद थे।

मुख्य अतिथि शेखर बोस ने कहा कि पत्रकारों के बीच खुद को पाकर उन्हें बेहद खुशी महसूस हो रही है। इस तरह के आयोजन से न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ती है, बल्कि उनका सेहत भी बना रहता है। वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह ने कहा कि प्रेस क्लब के जरिये इस तरह का आयोजन एक-दूसरे को करीब लाता है।

पत्रकारों को सेहत के प्रति जागरूक होने की जरूरत है और यह इस तरह के टूर्नामेंट के आयोजन से ही सम्भव है।

## रांची के बिरसा कारागार में कैदी ने बाथरूम में की खुदकुशी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) में एक विचाराधीन कैदी ने शुक्रवार को बाथरूम में खुदकुशी कर ली। मृत कैदी का नाम सोमरा उरांव बताया गया है। वह साल 2017 से ही रांची जेल में बंद था। उस पर दहेज के लिए पत्नी की हत्या करने का आरोप था। मिली जानकारी के अनुसार सोमरा उरांव बाथरूम गया था। काफी देर तक जब वह बाथरूम से बाहर नहीं निकला तब दूसरे कैदियों ने अंदर जाकर देखा तो वह बाथरूम की खिड़की पर फंदे के सहारे लटका हुआ था। जेल प्रशासन से मामले की जानकारी मिलने के बाद खेलगांव थाना प्रभारी चंद्रशेखर सिंह मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल कर शव को मजिस्ट्रेट की निगरानी में पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया। उन्होंने बताया कि मृतक सोमरा उरांव झारखंड के लोहरदगा जिला का रहने वाला था। उसपर दहेज हत्या का आरोप था। अभी वह अंडर ट्रायल ही था। हत्या के मामले में अब तक उसे सजा नहीं सुनाई गई थी। वह मानसिक रूप से बीमार था, उसका इलाज रिनपास में चल रहा था। उसके परिजनों को मामले की सूचना दे दी गयी है।

# संघ के प्रांत प्रचारकों की तीन दिवसीय बैठक रांची में 12 से, आठ को पहुंचेंगे सरसंघचालक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की प्रतिवर्ष होने वाली अखिल भारतीय स्तर की प्रांत प्रचारकों की तीन दिवसीय बैठक 12, 13 एवं 14 जुलाई को राजधानी रांची में होगी। बैठक में शामिल होने के लिए सरसंघचालक आठ जुलाई को रांची पहुंचेंगे।

बैठक में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित अन्य वरिष्ठ शामिल होंगे। साथ ही मई-जून में संपन्न संघ के प्रशिक्षण वर्गों की लगभग दो माह की श्रृंखला के पश्चात देशभर के सभी प्रांत प्रचारक इस बैठक में उपस्थित रहेंगे। संघ की संगठन योजना में कुल 46 प्रांत बनाये गए हैं। यह जानकारी शुक्रवार को विश्व संवाद केन्द्र के प्रमुख संजय कुमार आजाद ने दी।

बैठक में संघ के प्रशिक्षण वर्ग के वृत्तांत एवं समीक्षा, आगामी वर्ष की योजना का क्रियान्वयन, सरसंघचालक की वर्ष 2024-25 की प्रवास योजना जैसे विषयों पर चर्चा की जायेगी। साथ ही संघ शताब्दी वर्ष (2025-26) के आग्रह और उपक्रमों पर बैठक में विचार विनिमय होगा।

बैठक में सभी सहसरकार्यवाह डॉ. कृष्णगोपाल, सीआर मुकुंद, अरुण कुमार, रामदत्त, आलोक कुमार, अतुल लिमये सहित कार्यकारिणी के सदस्य हिस्सा लेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल से केंद्रीय मंत्री ने की मुलाकात



**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राजभवन में मुलाकात की। दोनों की मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया गया।

### राज्यपाल से मिले विधायक डॉ. लंबोदर महतो, सौंपा ज्ञापन



**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने राज भवन में मुलाकात की। इस दौरान महतो ने विभिन्न विषयों से संबंधित ज्ञापन राज्यपाल को सौंपा। राज्यपाल को दिए गए ज्ञापन में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद, सिंदरी विधान सभा अंतर्गत बलियापूर प्रखंड में अवस्थित पर्जन्य बी.एड कॉलेज से संबंधित विषयों को आकृष्ट करने के साथ राजकीय डिग्री महाविद्यालय, गोमिया में झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी का अध्ययन केंद्र स्थापित करने एवं गोमिया विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत गोमिया, कसमार तथा पेटरवार प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों को उत्क्रमित करने के लिए पहल करने का आग्रह किया।

### सीसीएल के सतर्कता विभाग ने शुरू किया निरीक्षण अभियान



**रांची :** कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में निरीक्षण अभियान शुरू किया गया। सीवीओ पकंज कुमार के नेतृत्व मे सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के सतर्कता विभाग द्वारा संचालन विभाग के सहयोग से सीसीएल खदानों में एक विशेष निरीक्षण अभियान शुरू किया गया। चार जुलाई को शुरू हुई यह पहल अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगी। अभियान के दूसरे दिन सीसीएल सीवीओ पंकज ने सतर्कता अधिकारियों की एक टीम के साथ बरका-सयाल क्षेत्र की उरीमारी खदानों का निरीक्षण किया और निवारक सतर्कता बढ़ाने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। इसके तहत सीसीएल के 10 कमांड क्षेत्रों के 12 खदानों में निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। इसमें विशेष टीमें किसी भी सुरक्षा उल्लंघन की पहचान करने और उसे सुधारने के लिए गहन निरीक्षण करेंगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य खदानों के भीतर अनाधिकृत प्रवेश और निकास का जांच करना है। इस निवारक कदम से कोयला संसाधनों की सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा और सीसीएल की महत्वपूर्ण संसाधन एवं संपत्तियों की सुरक्षा होगी। सीवीओ ने कहा कि इस निरीक्षण अभियान से हमारी सतर्कता बढ़ाने के साथ ही हमारी संपत्तियों को अवैध गतिविधियों से बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। बता दें कि अनाधिकृत प्रवेश और निकास बिंदुओं की निगरानी के लिए सीसीएल के विभिन्न खदानों में ड्रोन कैमरे लगाए गए हैं।

### सीआईडी डीएसपी से लूटकांड का हुआ खुलासा, दो अपराधी समेत चार गिरफ्तार




**रांची :** सीआईडी डीएसपी सरिता मुर्मू से कचहरी चौक के पास बाइक सवार अपराधियों ने गले से चेन लूट लिया था। एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल दो अपराधी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनमें लूट की घटना में शामिल फरहान अंसारी और जाहिद खान को गिरफ्तार किया गया है। वहीं लूटी हुई चेन खरीदने के आरोप में राजेश सोनी और मुकेश कुमार को भी रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में अजय सोनी अभी भी फरार है। गिरफ्तार अपराधियों की निशानदेही से लूटी हुई सोना के चेन के साथ 11500 रुपए को भी जब्त किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा और सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। राजधानी के भीड़भाड़ वाले कचहरी चौक पर महिला डीएसपी सरिता मुर्मू से बाईक सवार अपराधियों ने चेन छिनतई कर ली था। इतना ही नहीं महिला डीएसपी ने जब चेन छीने जाने का विरोध किया, तो स्नेचर्स ने धक्का देकर उन्हें गिरा दिया। इस संबंध में डीएसपी सरिता मुर्मू ने कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। थाने में डीएसपी द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया है कि वह अपने निजी काम से कचहरी चौक गई थी। जब वह कचहरी चौक के पास पहुंची, तो बाइक सवार दो अपराधी वहां आये और उनके गले से सोने की चेन छीनकर भाग गए।

### महेंद्र सिंह धोनी से 15 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में कोर्ट में हाजिर नहीं हुए आरोपी

**रांची :** पूर्व भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी से धोखाधड़ी को लेकर दर्ज मामले में सिविल कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। समन जारी होने पर भी न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडेय की अदालत में अरका स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के मिहिर दिवाकर और उसकी पत्नी सौम्या दास ने उपस्थिति दर्ज नहीं कराई। अदालत ने अगली उपस्थिति की तिथि 20 जुलाई निर्धारित की है। उस दिन स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से अदालत में पक्ष रखने को कहा है। अदालत ने पिछली सुनवाई में आरोपितों के खिलाफ पर्याप्त सबूत रहने के कारण संज्ञान लिया था। दोनों आरोपितों पर धोखाधड़ी करके धोनी को 15 करोड़ रुपये की आर्थिक क्षति पहुंचाने का आरोप है।

# ठेकाकर्मी अपने अस्तित्व की लड़ाई में सफल : बिके चौधरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** सेल मे सिर्फ बोकारो स्टील मे ब्लडप्रेशर और सुगर के नाम पर काम से बैठाये जाने के खिलाफ नन एन जे सी एस द्वारा 11 जूलाई को एक दिवसीय 9 सूत्री मांगपत्र सह हड़ताल नोटिस दिया गया है जिसे 100% सफल करने के उद्देश्य से प्लांट मे 2 जूलाई से बिभिन बिभागों मे चलाए जा रहे जनजागरण के तहत आज सी आर एम-1,2 और 3 मे काम कर रहे ठेकाकर्मियों से संवाद किया गया । कार्यक्रम मे मुख्य बक्ता जय झारखण्ड मजदूर समाज के महामंत्री एवं नन एन जे सी एस के संयोजक बि के चौधरी ने कहा कि बोकारो स्टील प्लांट के इतिहास मे पहली बार ठेकेदार मजदूर अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है जिसमे वह हड़ताल से पूर्व हीं सफल हो रहा है क्योंकि जिस तरह से 2 जूलाई को कोक ओवेन मे और 5 जूलाई को प्लांट गोलचक्कर पर हजारों-हजार मजदूरों ने अपनी चट्टानी एकता के साथ आवाज बुलंद किया और



अभी बिभागीय जनजागरण मे मजदूरों की भारी संख्या उपस्थित होना इस बात को परिलक्षित करता है कि वह अपने अस्तित्व की लड़ाई मे सफल है और 11 जूलाई को निश्चित रूप से प्लांट का जाम सफल होगा। मजदूर शुरू से हीं ठेकेदार इन्जीनियर इन्चार्य गठजोड के कारण आर्थिक और मानसिक शोषण से जूझ रहा था लेकिन अब तो उनके सामने अपनी रोजी रोटी पर बन आया है। प्रबंधन को प्लांट हित और रोज कमाने और खाने बाले मजदूर के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। और तत्काल प्रभाव से प्रभावित मजदूरों को बोकारो जनरल अस्पताल से दवा का पर्ची लिखते हुए दवा दिया जाना चाहिए और दवा का सेवन करते हुए मजदूरों को काम पर वापस भेजना चाहिए। बि के चौधरी ने मजदूर हित मे काम करने बाले युनियनों से अपील करते हुए कहा कि इस्पात मजदूर मोर्चा (सीटू) की तरह इस हड़ताल का सिर्फ समर्थन हीं नहीं जमीनी स्तर पर भी बिरोध होना चाहिए। कार्यक्रम मे उपस्थित जनता मजदूर सभा के महामंत्री संदीप कुमार आस ने अपने संबोधन मे कहा कि जनजागरण कार्यक्रम मे अपेक्षाकृत ज्यादा उपस्थिति एवं प्रबंधन के खिलाफ उनका आक्रोश इस बात का दशार्ता है कि उनकी मांगे उनके बहुत करीब आ चुका है बाकी पूरा मांगे 11 जूलाई को संपूर्ण हड़ताल के बीच आ जायगा। अब सिर्फ अनफिट तक सिमित नही होकर बांकी 9 सूत्री मांगो पर प्रबंधन को झूकना पड़ेगा । कार्यक्रम मे मुख्य रूप से संयुक्त महामंत्री एन के सिंह, एस के सिंह, राजेन्द्र प्रसाद, माणिकचन्द्र साह, देवैन्दर गोराई, ओमप्रकाश चौहान, सी प्रिंस, बिखेर साव, सी प्रिंस, भूषण पासवान, राजकुमार, राजकपूर, रवि कर्मकार, दिवाकर, मंटू, माणिक, एल मांझी, रोशन कुमार, रामा रवानी, बिजय साह, बालेसर राय, बिशवजीत मोहंती, बादल कोईर, शशिकांत, आर आर सोरेन, एसआर टूडू, के रजवार, शुरेश प्रसाद, हरिमोहन प्रसाद, डी महतो इत्यादि उपस्थित थे।

## एक नजर

### सोमनाथ शेखर को जिला सचिव बनाए जाने पर बधाई

**बोकारो :** बोकारो जिला अधिवक्ता संघ के कोषाध्यक्ष सोमनाथ शेखर को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति का बोकारो जिला का सचिव बनाए जाने पर आज कोर्ट परिसर में इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स की ओर से आज उन्हें बोकारो पहुंचने पर फूल माला और मिठाई खिला कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने कहा की बोकारो जिला के अधिवक्ताओं के लिए काफी गर्व की बात है की अपने अधिवक्ता समाज से झारखंड की अशिमता की रक्षा और 1932 के खतियान को लागू करने के लिए आंदोलनरत संगठन ने उन्हें इसके काबिल समझा। अधिवक्ता दिनेश शर्मा ने उन्हें माला पहना कर स्वागत किया वहीं अधिवक्ता अतुल कुमार ने कहा की हमे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है की सोमनाथ शेखर अपने मंच के माध्यम से अधिवक्ताओं के समस्या पर लोगों का ध्यान आकृष्ट करेंगे। इस अवसर पर अधिवक्ता वंशिका सहाय, दीपिका सिंह, राज श्री, रीना कुमारी, दीप्ति सिंह, सुमन वर्मा, प्रीति श्रीवास्तव, बबिता कुमारी, मंतोष बनर्जी, एस डी पांडेय, फटीक चंद्र सिंह, संजय कुमार प्रसाद, रंजन कुमार मिश्रा, धुर्वेश्वर मंडल, अमर देव सिंह, निताई महतो, भुवनेश्वर प्रसाद, समेत सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद थे।

### एमजीएम स्कूल में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**बोकारो :** प्रतिनिधि एमजीएम स्कूल सेक्टर 4 में शुक्रवार को छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह व पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पहली कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा के कुल 40 मेधावी छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया 'इस अवसर पर स्कूल में बनाए गए हेड गर्ल हेड बॉय के बीच पदभार ग्रहण कराया गया। समारोह के मुख्य अतिथि एमजीएम स्कूल प्राचार्य डॉक्टर जोशी वर्गीज ने सभी मेधावी छात्रों व हेड बॉय व हेड गर्ल को सम्मानित किया।

### प्रेरणा सम्मान समारोह में 10 टॉपर्स और चार शिक्षकों को किया गया पुरस्कृत

**बोकारो :** ई एस एल स्टील लिमिटेड, वेदांता समूह की एक कंपनी और भारत में एक अग्रणी ग्रीनफील्ड एकीकृत स्टील उत्पादक, सामाजिक और सामुदायिक विकास के प्रति प्रतिबद्ध है। ई एस एल स्टील लिमिटेड और अन्य सभी वेदांता कंपनियां अपने आसपास रहने वाले ग्रामीणों के समग्र विकास को प्राथमिकता देता है।

इस वर्ष की कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षाओं में ई एस एल स्टील लिमिटेड के सी एस आर परिचालन क्षेत्र से उपस्थित सभी छात्र उत्तीर्ण हुए और 100 प्रतिशत सफलता मिली। सफल छात्रों में सीबीएसई बोर्ड व झारखंड एकेडमिक काउंसिल बोर्ड के छात्र शामिल थे। ये उपलब्धि ई एस एल स्टील लिमिटेड सीएसआर द्वारा अपने विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों के अंतर्गत मिला है वो सराहनीय है। प्रोजेक्ट प्रेरणा जैसे शैक्षिक कार्यक्रम के माध्यम से, बोकारो जिले के चास और चंदनकियारी ब्लॉक के 27 गांवों को कवर करने वाले ई एस एल स्टील लिमिटेड के सीएसआर परिचालन क्षेत्र के अधिकांश छात्र लाभान्वित हुए हैं और इससे वो शैक्षिक रूप से और बेहतर हुए हैं।

इन सभी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण होने वाले छात्र जिन्होंने प्रेरणा केंद्रों से पढ़ाई की उनके इस उपलब्धि पर गर्व की भावना पैदा करने की मंशा से प्रेरणा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे प्रत्येक टॉपर को एक नया लैपटॉप प्रदान किया गया।

# बोकारो में जमीनी विवाद को लेकर महिला पर हुआ जानलेवा हमला



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** शुक्रवार को महिला खून से लथपथ स्थिति में बीजीएच अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। महिला काफी गंभीर रुप से घायल हो गई है। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। मामला हरला थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। घायल महिला का नाम रश्मि देवी बताया जा रहा है और वह सेक्टर 11 के लेवातांड की रहने वाली है। जानकारी के मुताबिक भूमि विवाद में एक महिला पर कुछ लोगों के द्वारा जानलेवा हमला कर दिया गया। जिसके बाद महिला को जख्मी हालत में इलाज के लिए बीजीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है। मालूम हो कि भूमि विवाद में महिला पर कुछ लोगों को द्वारा ईट व पत्थर से हमला कर दिया। जिसके बाद महिला खून से लतपथ जमीन पर ही गिर गई। यह घटना हरला थाना क्षेत्र का है। घटना की प्राथमिक की दर्ज नहीं कराई गई है, पुलिस ने जख्मी को पहले इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है।

# हिमांशी चौरसिया को ढुल्लू महतो ने धनबाद का नाम रोशन करने के लिए दी बधाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** वित्तीय साक्षरता प्रश्नोत्तरी में हिमांशी चौरसिया को पहला स्थान मिलने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को धनबाद सांसद ढुलू महतो ने हिमांशी चौरसिया को बेकार बांध स्थित गुप्तेश्वर अपार्टमेंट में उनके फ्लैट में पहुंचकर हिमांशी को धनबाद का नाम रोशन करने के लिए पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी एवं और आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। इस मौके पर सांसद ढुलू महतो ने कहा कि बहुत गर्व और खुशी की बात है कि हमारे भाई आनंद चौरसिया की बेटी ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था और पूरे उत्तर भारत में टॉप किया यह हम सब धनबादवासियों के लिए गर्व की बात है, आज हिमांशी को इस सफलता के लिए बधाई देकर



हौसला अफजाई करने आए हैं कि भगवान हिमांशी को और आगे बढ़ाएं और हमें पूर्ण विश्वास है कि जिसके माता-पिता दादा-दादी साक्षात भगवान के रूप में शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए खड़े है वह संस्कार के साथ शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ता है जिसका उदाहरण हिमांशी चौरसिया है। हम सबों की बेटी हिमांशी एक दिन सफलता के और भी आयाम छूएगी। हिमांशी के पिता आनंद चौरसिया ने बताया कि हिमांशी ने मुंबई में सेबी और एनआईएसएम (भारत सरकार) राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता प्रश्नोत्तरी 2024 में सफलता हासिल की है। पोस्ट ग्रेजुएट श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करते हुए उसने दिल्ली स्कूल आफ इकोनॉमिक्स का प्रतिनिधित्व किया और उत्तर भारत में टॉपर के रूप में पहला स्थान और अखिल भारतीय स्तर पर पांचवा स्थान प्राप्त किया है।

# कसमार में सीडब्ल्यूसी की तत्परता से 15 साल की नाबालिग की रुकी शादी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कसमार :** कसमार प्रखंड के खैराचातर गांव में बाल कल्याण समिति, बोकारो की तत्परता से एक बाल विवाह को रोक दिया गया। मामले में शुक्रवार को चाईल्ड हेल्पलाइन व सहयोगिनी संस्था ने गांव पहुंचकर गांव में हो रही बाल विवाह की जानकारी लेते हुए लड़की के माता-पिता की उपस्थिति में बैठक करते हुए लिखित आवेदन भरवाया। इस दौरान स्थानीय मुखिया विजय कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में पूरे गांव की बैठक हुई। बैठक मे बताया गया कि बाल विवाह अपराध की श्रेणी में आता है,और हमारे समाज में अगर ऐसी शादियां होती है तो इसके



दुष्परिणाम लोगों को भुगतनी पड़ती है। बैठक में बताया गया कि 10 जुलाई को 15 वर्षीय बालिका की शादी हजारीबाग जिले के बिष्णुगढ में होने वाली थी। इसकी जानकारी जब बाल कल्याण समिति बोकारो को मिली तो तत्काल बीडीओ सह बाल निषेध पदाधिकारी अनिल कुमार को पत्र लिखकर मामले में कार्रवाई करते हुए बाल विवाह को रोकने की बात कही गई। बीडीओ ने मामले की सूचना कसमार थाने को देते हुए लड़की के माता-पिता से तत्काल शादी पर रोक की बात कही। इस दौरान गांव में माता-पिता व स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति में लिखित रूप से बेटी की शादी 18 वर्ष पूरा होने के बाद करने की बात कही गई। लड़की के पिता ने कहा कि लड़की की शादी तभी करेंगे जब वह बालिग हो जाएंगी। सहयोगिनी संस्था के फुलेंद्र रविदास ने बताया कि बाल विवाह मुक्त को लेकर सहयोगिनी संस्था लगातार अभियान जा रही है। अगर कहीं भी बाल विवाह करने की सूचना मिलती है तो उसपर जिला प्रशासन व बाल कल्याण समिति के सहयोग से रोक लगायी जा रही है। मौके पर मुखिया विजय कुमार जायसवाल, वार्ड सदस्य ममता देवी, अशोक कालिंदीसहित अन्य लोग मौजूद थे।

### संतोषी माता के मंदिर से चोरी हुई मूर्ति

**बोकारो :** नगर मे चोरों का हौसला काफी बुलंद दिख रहा है मनोबल इतना बड़ा हुआ है कि बेखौफ चोरों ने मंदिरों अब को भी अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया है। घटना सिटी थाना क्षेत्र के कैम्प 2 स्तिथ हनुमान नगर का है। जहाँ स्तिथ संतोषी माता मंदिर से चोरों ने गुरुवार की रात मंदिर में स्थापित मूर्ति लेकर ही फरार हो गए । चोरी होने के मामले का पता तब चला जब सुबह मंदिर का पुजारी मंदिर पहुँचा तो देखा मंदिर से मूर्ति गायब है। स्थानीय लोगो ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी, पुलिस मौके पर पहुँच मामले की जाँच पड़ताल में जुटी हुई है। इधर स्थानीय लोगो मे इस घटना को लेकर आक्रोश भी व्यप्त है। लोगो ने एक सुर में प्रशासन से अबिलम्ब मंदिर परिषर में मूर्ति स्थापित एवं इस घटना का जल्द ही उद्वेदन करने की मांग की है।

# ब्यूटी ऑफ वेडिंग फोटोग्राफी पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** सोनी कंपनी के द्वारा आयोजित ब्यूटी ऑफ वेडिंग फोटोग्राफी वर्कशॉप, धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन एवं झारखंड फोटोग्राफी एसोसिएशन सेंट्रल के संयुक्त तत्वाधान में पार्कलेन रिसॉर्ट गोविंदपुर में की गई। सोनी कंपनी से आए सोनी इनफ्लुएंसर राजा अवस्थी, एरिया सेल्स मैनेजर रवि रावत, रीजनल सेल्स ऑफिसर सरफराज अहमद को अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया एवं झारखंड फोटोग्राफी एसोसिएशन सेंट्रल के अध्यक्ष सी के पंडित को सचिव मनीष शाह एवं झारखंड फोटोग्राफी एसोसिएशन सेंट्रल के सचिव उपेंद्र कुमार को कोषाध्यक्ष प्रकाश कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उद्घाटन के बाद तकनीकी विशेषज्ञों ने फोटोग्राफी




के क्षेत्र में आ रहे बदलाव पर चर्चा की। कार्यशाला में धनबाद,बोकारो, कोडरमा, जामताड़ा, गिरिडीह,गया आदि जगहों से लगभग 150 फोटोग्राफरों ने भाग लिए। सभी फोटोग्राफी व संपादन की बारीकियों व गहन तकनीको से अवगत हुए। कार्यशाला मेंटर राजा अवस्थी ने कहा कि फोटोग्राफी के लिए झारखंड में बहुत संभावनाएं हैं ब्यूटी ऑफ वेडिंग फोटोग्राफी के लिए जरूरी लाइट सेटिंग एवं फोटो एडिटिंग के बारे में बताया। इनडोर तथा आउटडोर फोटोग्राफी के बीच के तकनीक की अंतर को भी बताया। आने वाले परेशानियों की जानकारी दी और इसके समाधान के तरीके बताएं। आकार एग्जिबिशन प्राइवेट लिमिटेड की ओर से अगस्त में दिल्ली एवं इमेज क्राफ्ट की ओर से कोलकाता में आयोजित होने वाले फोटो, वीडियो एक्सपो का पोस्टर धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन एवं झारखंड फोटोग्राफी एसोसिएशन सेंट्रल के पदाधिकारी द्वारा लॉन्च किया गया। सभी फोटोग्राफरों से अपील की गई कि आप फोटो, वीडियो एक्सपो में आकर सफल बनाने में हमारा सहयोग प्रदान करें। फोटोग्राफर्स वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सचिव एवं धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया की झारखंड में लगातार फोटोग्राफी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है जिससे धनबाद के साथ-साथ झारखंड के सभी फोटोग्राफर लाभान्वित हो रहे है। कार्यक्रम की सफलता में धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी रंजीत जायसवाल, अनूप कुमार, गुड्डू गुप्ता, साजिद खान, सुबोध महाराज, संजय कुमार, सूरज रवानी, जयंत जायसवाल, अनिल कुमार गुप्ता,मनोज राठौर,उमेश शर्मा का अहम योगदान रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### पूरे भारत में ऑल इंडिया पिकलबॉल एसोसिएशन देगी पिकलबॉल खेलों का निर्देश



**धनबाद :** झारखंड पिकलबॉल संघ के उपाध्यक्ष धनबाद निवासी बी. सुधीर ने जानकारी दी की झारखंड के पिकलबॉल संघ के सचिव प्रभात कुमार को आल इंडिया पिकलबॉल एसोसिएशन से स्थाई सदस्यता का सर्टिफिकेट ससम्मान मुंबई में दिया गया। इंडियन पिकलबॉल एसोसिएशन और आल इंडिया पिकलबॉल एसोसिएशन का विलय पिछले दिनों होने के बाद वन इंडिया वन फेडरेशन के तहत पुरे भारत में पिकलबॉल आल इंडिया पिकलबॉल एसोसिएशन के साथ पिकलबॉल के विकास के लिए काम करेगी। जबकि झारखंड पिकलबॉल एसोसिएशन झारखंड में विकास के लिए आल इंडिया पिकलबॉल एसोसिएशन के दिशानिर्देश अनुसार काम करेगी।झारखंड स्टेट पिकलबॉल एसोसिएशन का विलय झारखंड पिकलबॉल एसोसिएशन मे कर दिया गया है। धनबाद के पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल का पिकलबॉल खेल से लगाव को देखते हुए झारखंड पिकलबॉल एसोसिएशन के सदस्यों ने उनसे मिल कर झारखंड पिकलबॉल एसोसिएशन के उच्च पद को सुशोभित करने के लिए आमंत्रित करने का कार्यक्रम है। झरीया बनिहारी में मेयर फंड से एक पिकलबॉल कोर्ट का निर्माण करवाने में पूर्व मेयर शेखर अग्रवाल का योगदान को पिकलबॉल खिलाड़ियों द्वारा साधूवाद देते हैं। इस पर झारखंड के सभी पिकलबॉल खिलाड़ियों में उत्साह है। झारखंड के गौरव कुमार, मो.जैद, चंदन, सोनू ने प्रसंता जताई है।

### सरस्वती शिशु मंदिर में बाल अधिकार पर एक दिवसीय सेमिनार का हुआ आयोजन



**कतरास (धनबाद):** शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह विद्यालय में बाल अधिकार पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में संदीप गुप्ता, डी.एस.पी, मुख्यालय 2, धनबाद मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम में प्रदीप पाण्डेय जिला कॉर्डिनेटर एटसक, धनबाद अतिथि के रुप में, विद्यालय प्रबंधन से अध्यक्ष प्रदीप खेमका, उपाध्यक्ष श्रवण खेतान, सचिव विक्रम कुमार राजगढ़िया एवं फिरोज रजा धनबाद एथलेटिक संघ, आयकर अधिवक्ता डी.एन.चौधरी अतिथि के रूप में शामिल हुए। सम्मेलन में आये सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर एवं तिलक लगाकर किया गया। दीप प्रज्वलित कर एवं श्रीफल फोड़कर कार्यक्रम कि शुरूआत की गयी। कार्यक्रम में बाल अधिकार, बाल व्यापार, बाल श्रम, बाल विवाह, पोक्सो अधिनियम से संबंधित कई गंभीर विषयों पर संबोधन चचार्यें हुई जिससे बच्चें अपने अधिकार कानून से अवगत हुए। बच्चे इस सेमीनार के आयोजन से काफी उत्साहित थे एवं उन्हें काफी ज्ञानवर्धक चीजें सीखने को मिली। विद्यालय के आचार्य एवं बच्चों के सहयोग से कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य अभिमन्यु कुमार, उप प्राचार्य श्रेया सरकार, आचार्य एवं दीदीजी संयुक्त रूप से सम्मिलित हुए। विद्यालय के प्राचार्य ने सभी आगंतुक अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त किया जिन्होंने बच्चों के बीच महत्वपूर्ण जानकारी साझा किया।

### डीएवी उच्च विद्यालय में बीएलओ प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन



**कतरास (धनबाद) :** डीएवी उच्च विद्यालय के सभागार में कतरास नगर निगम अंचल क्षेत्र के सभी छः वार्डो के बीएलओ के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 121 बीएलओ में से क्षेत्र के करीब 80 बीएलओ उपस्थित हुए। प्रशिक्षण का नेतृत्व बाघमारा अंचलाधिकारी रवि भूषण प्रसाद कर रहें थे। उन्होंने बताया की आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर तैयारियां शुरू हो चुकी है। सभी बीएलओ को ऑनलाइन ऐप के माध्यम से कार्य करना है, जिसमें कुछ बीएलओ को कठिनाई हो रही थी। इसलिए सभी को बुला कर उन्हें विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि ऐप के माध्यम से मतदाता सूची तैयार करने में किसी को कोई कठिनाई न हो।

### राष्ट्रीय जनता दल का 28 वां स्थापना दिवस मनाया गया




**कतरास (धनबाद) :** शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल के 28 वां स्थापना दिवस कतरास में मनाया गया। जिसमें माननीय राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को बधाई दिया गया कि आपने वह पाटी बनाया है, जिसमें गरीब अमीर सब का अधिकार सब का सम्मान एक होता है। जिसमें न्याय समाजिकता नजर आता है। ना कि हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई के नाम पे राजनीति करती है। इसके अलावा लालू जी ने गलत के सामने झुकने नही सिखाया। ना ही सत्ता के लिए झुका परिणाम जो हो। आज माननीय तेजस्वी यादव जी भी अपने पिता के ही रास्ते पे चलते हैं। सत्ता नहीं रहते भुखा। हमेशा न्याय की लड़ाई लडते है। हम बिनय पासवान राजद कतरास नगर अध्यक्ष श्री पुर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जी से कहना चाहता हूँ। कि आप झारखंड धनबाद जिले का दौरा करे, क्योंकि यहाँ राजद परिवार आपका नहीं आना काफी सम्मान में ठेस पहुचता है। इसलिए आप यहाँ आकर हम सभी कार्यकताओं का मनोबल बढाये। इस स्थापना दिवस पे गरीब गुरबा के बीच पढने वाले बच्चे को शिक्षीत बनने के लिए कलम कांपी बांटा गया।

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की टीम ने आदिवासी छात्रावास का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिला भ्रमण के दौरान राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, दिल्ली की टीम के द्वारा आवासीय विद्यालय चपाटोली विशुनपुर, आदिवासी छात्रावास, दुदरिया, गुमला का भ्रमण किया गया। जिसके पश्चात विभिन्न आदिवासी समाजिक संगठन के साथ बैठक की गई। क्षेत्र भ्रमण के पश्चात समिति के द्वारा जिला स्तरीय बैठक में बिंदुवार लगभग 20 से 25 विभागों की समीक्षा की गई। शिक्षा विभाग को समीक्षा के क्रम में सदस्या के द्वारा शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित सभी विद्यालयों में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के विद्यार्थियों की संख्या से संबंधित रिपोर्ट की मांग की , वहीं एसटी एससी समुदाय के शिक्षकों की भी संख्या की नियुक्ति एवं उपलब्ध शिक्षकों से संबंधित प्रतिवेदन की मांग की गई। इसके साथ ही आशा लकड़ा ने सभी एसटी एससी विद्यालयों के विद्यार्थियों का पर्सनेलिटी डेवलप करने हेतु भी




कार्य करने का निर्देश दिया उन्होंने नियमित प्रतियोगिताओं का आयोजन करने की भी सलाह दी। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा चापाटोली एवं दुनदुरिय स्थित कल्याण विभाग के आवासीय विद्यालय के भ्रमण के क्रम में पाया कि वहां के बिल्डिंग की स्थिति खराब है एवं बच्चों के रहने की स्थिति भी आरामदायक नहीं है। आशा लकड़ा द्वारा कल्याण विभाग को आवासीय विद्यालयों की स्थिति में सुधार करने हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही नए गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण एवं कामकाजी महिलाओं के लिए भी हॉस्टल्स का निर्माण करने हेतु प्रस्ताव बनाने की बात कही गई। आशा लकड़ा ने अबुआ आवास की समीक्षा के क्रम में बताया कि जिले के कुछ स्थानों में धोखाधड़ी एवं गबन करने के मामले सामने आ रहे हैं इसपर विभाग द्वारा जमीनी स्तर पर जांच करने की आवश्यकता है। जिला आपूर्ति विभाग के समीक्षा के क्रम में आशा लड़का के द्वारा कहा गया कि बरसात के दिनों में पहाड़ी क्षेत्रों में राशन के लिए किसी भी व्यक्ति को लाइन लगाने की आवश्यकता ना पड़े इसके साथ ही यदि इस समय में कहीं ऑनलाइन एंट्री के कार्य नहीं हो पा रहें हैं तो लाभुकों को ऑफलाइन राशन दिया जाए साथ ही पर्व त्योगारों में भी यदि ऑनलाइन एंट्री नहीं हो पारही है तो ऑफलाइन माध्यम से सभी को राशन उपलब्ध कराया जाए। मनरेगा अंतर्गत गर्भवती महिलाओं का भी जॉब कार्ड बनाना सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिया गया। इस दौरान निरुपम चकमा द्वारा डिस्ट्रिक्ट लेवल अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों के लिए बने जिला स्तरीय कमेटी को एक्टिव करने की बात कही एवं नियमित बैठक करते रहने का निर्देश दिया। सभी अधिनारियों को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण करते हुए अपने विभाग अंतर्गत योजनाओं से आम नागरिकों को आच्छादित करने का निर्देश दिया गया । स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत सभी अस्पतालों एवं सीएचसी तथा रेफरल अस्पतालों से संबंधित जानकारी ली गई इसके साथ ही सीएचसी केंद्रों में डॉक्टर के विजिट के समय एवं डॉक्टर का पंचायतों एवं ग्राम भ्रमण के संबंध में रोस्टर तैयार करने का निर्देश दिया गया। आशा लकड़ा द्वारा भूमि संरक्षण , जिला समाज कल्याण विभाग, खनन विभाग, श्रम विभाग, वन विभाग की भी समीक्षा की गई जिला सामाजिक सुरक्षा विभाग की समीक्षा के क्रम में डोर टू डोर सर्वे करते हुए बुजुर्गों को पेंशन योजनाओं से आच्छादित करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान आशा लकड़ा द्वारा पुलिस अधीक्षक से जिले में होने वाली गतिविधियों की भी जानकारी ली उन्होंने ह्यूमन ट्रैफिकिंग के केस पर कड़ी नजर रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि को भी लोग बाहर जाकर काम करते हैं उनका अनिवार्य रूप से थाना में रिकॉर्ड रखें। इसके साथ ही उन्होंने सभी प्रखंडों में पीसीआर वैन तैनात कराने की बात कही। इसके अतिरिक्त आशा लकड़ा ने जिले के पदाधिकारियों एवं कर्मियों की सुरक्षा एवं उनके समस्याओं के निवारण को लेकर एक इंटरनल ग्रेवियांस कमिटी का गठन करने का निर्देश दिया।

## भाजपा सिल्ली मंडल ने 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम में किया पौधरोपण



**सिल्ली :** सिल्ली एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को भाजपा सिल्ली मंडल कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में कई जगहों पर पौधरोपण किया। भाजपा सिल्ली मंडल के संयोजक राजेंद्र प्रसाद साय ने अपने निज निवास परिसर में पिता परमानंद साय व माता काली दासी देवी एवं कार्यकर्ताओं के साथ पौधरोपण किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से भाजपा के रांची जिला कानुनी सलाहकार प्रो ललीत प्रसाद, सिल्ली मंडल कोषाध्यक्ष शैलेंद्र बड़ाइक, मंडल मंत्री चंदन गोस्वामी व वरिष्ठ कार्यकर्ता शंभूनाथ कुम्हार मौजूद थे। मौके पर प्रो ललीत प्रसाद ने बताया की देश को ग्लोबल वॉर्मिंग जैसी चुनौतियों से बचाने के लिए पूरे देश में प्रधानमंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने का आह्वान किया है। इसी श्रृंखला में सिल्ली में पौधे लगाये गये। इस मौके पर भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।


झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, गुमला

**अप्रेन्टिसशिप मेला संबंधी सूचना**

उप निदेशक प्रशिक्षण (मु0) निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के आदेशानुसार दिनांक 08.07.2024 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से 4:00 बजे अपराह्न तक कार्तिक उराँव महाविद्यालय, गुमला में आई0टी0आई0 पास/डिप्लोमा/ इंजीनियरिंग/Short Term Skill etc गैर तकनीकी छात्रों 5वीं से स्नातक आदि अभ्यर्थियों के लिए अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया गया है। अप्रेन्टिसशिप मेला में भाग लेने वाले अभ्यार्थी सभी कागजातों के साथ मेला में भाग ले सकते है।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनालय, गुमला

PR 328779 Labour Employment and Traning(24-25).D


# नगर परिषद के नगर प्रबंधक ने विभिन्न वार्डों का किया भ्रमण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिला मुख्यालय में शुक्रवार को नगर परिषद नगर प्रबंधक के नेतृत्व में वार्ड संख्या 16, 17 एवं 18 का भ्रमण किया गया। भ्रमण के क्रम में तीनों वार्ड के अंतर्गत रोड एवं नाली से संबंधित विभिन्न प्रकार की समस्याओं का जायजा लिया गया। वार्ड भ्रमण के दौरान कई सड़कें ऐसी पाई गई जिन्हें मरम्मत किए जाने की आवश्यकता है। साथ ही कई नालियों में आशिक टूट फूट है एवं स्लैब भी कई जगहों से टूटा है, जिसे बरसात के पहले ठीक कराया जाना आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर कचरा आदि भी पाया गया जिसे 24 घंटे के अंदर साफ करने हेतु नगर प्रबंध को के द्वारा आश्वासित किया गया। सड़क एवं नालियों की मरम्मती के संबंध में सहायक अभियंता के द्वारा बताया गया की जो छोटी-मोटी मरम्मती है उन्हें तत्काल आवश्यकता के मद्देनजर कराया जाएगा एवं जो कार्य बड़े पैमाने पर किए जाने हैं उसके लिए निविदा प्रकाशित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान नगर प्रबंधकों एवं सहायक अभियंता के द्वारा आम जनों से भी समन्वय स्थापित किया गया एवं उनकी समस्याओं को सुनते हुए उस पर तत्काल आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया गया।

# आरोग्य अमृत तुल्य चाय दुकान का हुआ उद्घघाटन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** ओरमांझी मेदांता हॉस्पिटल के बगल में 5 जुलाई शुक्रवार को आरोग्य अमृततुल्य चाय दुकान का उद्धघाटन ईरबा के समाज सेवी शह पंचायत समिति सदस्य जनाब इम्तियाज होदर ने विधिवत फीता कर कर दुकान का ओपनिंग किया गया। दुकान के संचालन अफताब आलम ने कहा कि इस छेत्र में एक भी दुकान इस तरह का नहीं था काफी आरोग्य अमृत तुल्य का सवखिन रखने वाले को देखते हुए। इस दुकान का ओपनिंग किया गया। ताकि लोगो को हॉस्पिटल और छेत्र के लोगो को अच्छा चाय सुविधा मिल। मौके पर डबलू कलाम अंसारी, मोलना समीउल्लाह अंसारी, साकीर काशिद अंसारी, अमीरूल अंसारी आदि शामिल थे।


कार्यालय नगर परिषद्, चतरा

पत्रांक 729/न0प0 ,दिनांक 04.07.2024

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक–27.06.2024 को नगर परिषद् बाजार की बन्दोबस्ती में किसी भी डाकवक्ता के द्वारा बोली नही लगाने के कारण पुनः उक्त सैरात की बन्दोबस्ती उनके नाम के सामने अंकित अवधि तक के लिए खुली डाक बोली द्वारा दिनांक–12.07.2024 को समय 11:00 बजे पूर्वाह्न से कार्यालय नगर परिषद्, चतरा के सभा कक्ष में की जायेगी। किसी कारणवश उक्त तिथि को डाक नही होने की स्थिति में दिनांक–13.07.2024 को निर्धारित समय पर डाक होगा।

| क्र. | सैरात का नाम | अवधि | सुरक्षित राशि | जमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद् बाजार बन्दोबस्ती | कार्यादेश की तिथि से एक वर्ष तक के लिये मान्य होगा। | 14,95,000.00 | 1,49,500.00 |

नोट:– 1. डाक बोलने का स्थान : कार्यालय नगर परिषद्, चतरा का सभाकक्ष एवं तिथि:–12.07.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे।
2. डाक के नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा।

PR.NO.328746 Urban Development(24-25):D



कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा

**वित्तीय वर्ष 2022–23 एवं 2023–24 में पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति भुगतान से संबंधित आवश्यक सूचना**

पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 एवं 2023–24 के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के ekalyan (ekalyan.cgg.gov.in) पोर्टल पर लोहरदगा जिला अन्तर्गत जिन छात्र–छात्राओं का ऑनलाईन आवेदन वर्ष 2022–23 एवं 2023–24 का Status "Approved by DLC Officer" (Student Login में "Pending by DLC Officer") है वे आवेदन में दिये गये आधार संख्या को अपने बैंक खाता के साथ दिनांक 10 जुलाई 2024 तक निश्चित रूप से लिंक करा ले। कुछ आवेदन से संबंधित आधार असक्रिय (Inactive) होने के कारण भी भुगतान नहीं हो पा रहा है। ऐसे आवेदक अपना आधार को दिनांक 10 जुलाई 2024 तक सक्रिय (Active) करा लें। पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति का भुगतान PFMS के माध्यम से Aadhar Enabled DBT द्वारा ही करने का विभागीय निदेश प्राप्त है।

उक्त तिथि के पश्चात् Mapping/आधार Active कराने वाले छात्रों को वर्ष 2022–23 एवं 2023–24 का छात्रवृति राशि का भुगतान करना सम्भव नहीं होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी आवेदक की होगी। आधार लिंक एवं NPCI में Mapping की जानकारी आधार की वेबसाईट से (https://mya adhaar.uidai.gov.in→ Login पर क्लिक करना होगा। जिसके बाद आधार न0 एवं Captcha Enter करके Send OTP करना है। Send OTP करने के पश्चात आपके आधार से रजिस्टर्ड मोबाईन न0 पर 6 अंको का OTP प्राप्त होगा, OTP Enter कर Login करना है। Login करने के बाद Bank Seeding Status पर क्लिक करके) प्राप्त किया जा सकता है। अथवा ई–कल्याण पोर्टल में (Services & Schedule→Student Services & Schedule (Post-Matric) → Check status of your AADHAAR linked bank account number Click Here) लिंक के माध्यम से ऑनलाईन प्राप्त की जा सकती है।

ह0/–
परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, लोहरदगा

PR 328808 Welfare(24-25).D


# सरिया के प्रवासी मजदूर की मुंबई में सड़क दुर्घटना में मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया(गिरिडीह) :** शुक्रवार को सरिया की उर्रो गांव के एक प्रवासी मजदूर की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार उर्रो गांव के सूरज सिंह के पुत्र शुभम कुमार सिंह जो मुंबई में रहकर मजदूरी का काम करता था। गुरुवार की देर शाम सड़क पास करने के दौरान एक बस की चपेट में आने से वह बुरी तरह से जख्मी हो गया। घायल अवस्था में उसे मुंबई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के क्रम में शुक्रवार की सुबह लगभग 8:00 बजे प्रवासी मजदूर की मौत हो गई। घटना की सूचना प्रकार बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह शुक्रवार को मृतक के घर पहुंच कर स्वजनों को शोक संवेदना प्रकट किया एवं हर संभव विभागीय प्रावधान के अनुसार पीड़ित को उचित मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान माले नेता जिम्मी चौरसिया समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# मनरेगा कर्मियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत कार्यरत मनरेगा कर्मियों ने शुक्रवार के दिन झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक को मांग पत्र सौंपा।मांग पत्र के जरिए उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य के मनरेगा कर्मियों की सेवा शर्त नियमावली में सुधार कर सेवा स्थायीकरण एवं वेतनमान का प्रावधान किया जाए। मांग पत्र सौंपने के बाद कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार प्रमाणिक ने कहा कि हम सभी कर्मी विगत 17 वर्षों से काम करते आ रहे हैं जबकि यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। हम लोग बहुत अल्प मानदेय में काम कर रहे हैं और हम लोगों को स्थायी नहीं किया गया है। अल्प मानदेय में हम सभी मनरेगा कर्मियों से भारी-भारी काम कराया जाता है। हम लोगों को सरकार द्वारा 10 से 12 हजार वेतन के रूप में दिया जा रहा है जिससे हम लोगों का घर चलना मुश्किल हो गया है।अपनी मांगों को लेकर हम सभी मनरेगा कर्मी तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल 18 जुलाई से 20 जुलाई तक करेंगे। अगर वर्तमान की सरकार हम लोगों की मांगों पर पहल नहीं करती है तो हम लोग निश्चित तौर पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। वहीं स्थानीय विधायक ने मनरेगा कर्मियों को आश्वस्त किया कि हम आप लोगों के साथ हैं तथा सरकार को पत्राचार कर आप लोगों की मांगों से अवगत कराएंगे।


कार्यालय जिला परिषद, पलामू
E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com

**हाट बाजार बंदोबस्ती हेतु संशोधित आम सूचना**

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 1376/दिनांक 01.04.2015 के द्वारा सैरातों की बन्दोबस्ती हेतु त्रिस्तरीय पंचायतों को शक्तियां प्रत्यायोजित की गयी है, जिसके अनुसार 100000.00 (एक लाख) रूपये से अधिक राशि के सैरात की बन्दोबस्ती जिला परिषद स्तर से की जाएगी।

अतः एतद द्वारा कार्यालय ज्ञापांक 414/जि0प0, दिनांक 21.06.2024 एवं 450/जि0प0, दिनांक 02.07.2024 में अंकित तिथि को विस्तारित करते हुए पलामू जिला अंतर्गत निम्नांकित हाट बाजार की खुली डाक द्वारा बंदोबस्ती हेतु सर्वसाधारण से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है–

| क्र0 | हाट/बाजार का नाम | प्रखण्ड/अंचल क्षेत्र | वर्ष 2024 हेतु डाक की तिथि | समय | डाक की न्यूनतम राशि (1 वर्ष के लिए) | अग्रधन की राशि (10%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लेस्लीगंज हाट | नीलाम्बर पीताम्बरपुर | 16-07-2024 | 01:00 AM बजे से | 240500.00 | 24050.00 |
| 2 | मनातू हाट | मनातू | 16-07-2024 | | 130000.00 | 13000.00 |

उपरोक्त हाट बाजार के बंदोबस्ती हेतु पलामू जिला के निवासी भाग ले सकते हैं। इस खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 15.07.2024 तक कॉलम संख्या–7 में निर्धारित अग्रधन राशि कैश/बैंक ड्राफ्ट द्वारा जो सचिव, जिला परिषद, पलामू (Secretary, Zila Parishad, Palamu) के पदनाम से भुगतेय होगा कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। उक्त राशि के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। हाट बाजार की बंदोबस्ती की अवधि एक वर्ष की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् सम्पूर्ण डाक राशि का 50% राशि तत्काल तथा शेष 50% राशि अगले 6 माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। **डाक की बोली का अन्तर न्यूनतम 10000.00 (दस हजार) रूपये होगा।**

विस्तृत आम सूचना के नियम व शर्तें पलामू NIC के वेबसाइट– www.palamu.nic.in/जिला परिषद के सूचना पट्ट/अनुमण्डल कार्यालय/प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है। विशेष जानकारी के लिए सम्पर्क संख्या– 7903556060 पर कार्यालय अवधि में जानकारी ली जा सकती है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू

PR 328712 District(24-25)#D


# भालू के हमले से घायल वृद्ध को वनकर्मियों ने अस्पताल में कराया भर्ती



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के कुरुमगढ़ थाना अंतर्गत सकरा गांव में जंगली भालू के हमले से गांव की ही एक 67 वर्षीय वृद्ध मिलन दास गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसे वन कर्मियों ने दो हफ्ते बाद शुक्रवार को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहां मिलन दास का इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी अनुसार मिलन दास अपने भाई लालसाय दास के साथ सकरा गांव में रहते हैं। इन दोनों भाइयों के अलावा घर में और कोई सदस्य नहीं है लालसाय दास ने बताया कि घटना के दिन वह मेहमान गया हुआ था 23 जून की शाम लगभग 6:00 बजे जब मिलन दास अपने घर लौट रहा था इस बीच बगीचा के समीप एक जंगली भालू ने मिलन दास पर हमला कर उसके कूल्हे एवं पीठ में नाखून गड़ाकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया कुछ ग्रामीणों ने घायल मिलन दास को उठाकर उसके घर पहुंचा दिया वहीं देर रात जब भाई लालसाय दास घर पहुंचा तो मिलन को गंभीर रूप से घायल पाया जिसका घरेलू इलाज चल रहा था। लालसास दास ने बतलाया कि सुदूरवर्ती गांव में रहने के कारण एवं वाहन नहीं मिलने के कारण वह अपने भाई मिलन का इलाज घर पर ही देहाती दवा से कर रहा था और उसकी भी तबीयत खराब थी। जब लालसाय की तबीयत ठीक हुई तो वह गुरुवार को चैनपुर साप्ताहिक बाजार आया और घटना की जानकारी वन कर्मियों को दी। वहीं शुक्रवार को वनकर्मी चंद्रेश उरांव एक अन्य वनकर्मी के साथ सकरा गांव पहुंच घायल मिलन दास को चैनपुर लाकर अस्पताल में भर्ती कराया। वन कर्मियों ने कहा कि सकरा सुदूरवर्ती गांव है वहीं तत्काल घटना की सूचना ना तो गांव वालों ने दी और ना ही परिजनों ने जैसे ही सूचना मिली घायल को लाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


OFFICE OF THE RANCHI MUNICIPAL CORPORATION, RANCHI
(SANITATION SECTION)
KUTCHERY ROAD, RANCHI, PIN-834001 E-Mail :- support@ranchimunicipal.com

**Very Short Notice Inviting E Tender**
NIT No. 392/Sanitation Date: 05 /07 /2024

| Sl. No. | Event | Details |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Request for Proposal for Annual rate contract for Supply of Eco Ball and Monitoring of Water Quality for Purification & Restoration of Swami Vivekanand Sarovar (Bada Talab) within Ranchi Municipal Corporation Area |
| 2. | Publishing of Tender | For more details and bid documents please visit website: www.jharkhandtenders.gov.in |
| 3. | Project Cost | Rs 900000/- (Rupees Nine Lakh Only) |
| 4. | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs 50000/- (Rupees Fifty Thousand Only)shall be paid towards earnest money deposit through online payment gateway of https://jharkhandtenders.gov.in |
| 5. | Tender Fee | Rs 5000/- + 18% GST (i.e., Rs 5900) (non-refundable) (excluding indirect taxes, services & gateway charges) shall be paid through online payment gateway of https://jharkhandtenders.gov.in |
| 6. | Period of Contract | 1 Year |
| 7. | Bid Validity | 180 Days |
| 8. | Bid Start Date | 06/07 /2024 |
| 9. | Bid Due Date | 12/07/2024 at 5:00 PM |
| 10. | Date & Time of Bid Opening | 13/07/2024 at 3:00 PM |
| 11. | Place of Tender Opening | Ranchi Municipal Corporation |
| 12. | Officer Inviting | Administrator, Ranchi Municipal Corporation |
| 13. | Contact Details | 0651-2203469 |

Eligibility Criteria & Project Details: - Interested bidders are advised to go through the NIT and RFP document for information pertaining to Eligibility Criteria and Project related information. Interested Bidder shall submit the Proposal electronically through the website www.jharkhandtender.gov.in other important/relevant documents, should be scanned and enclosed with the e-tender as per the guidelines given in the RFP document.

Note:
1. RMC reserves the right to cancel or modify the bidding criteria/process without assigning any reasons and liability.
2. For further detail can be seen on Bid Document uploaded on Jharkhandtender.gov.in.

Sd/-
Dy. Administrator
Ranchi Municipal Corporation, Ranchi

PR 328805 (Ranchi Municipal Corporation) 24-25 (D)



पत्रांक :– DAY-NULM/........................../2024
कार्यालय नगर परिषद, सिमडेगा
ई-मेल :- simdeganagar@yahoo.in/cmm.sd.simdega@gmail.com

**आम सूचना**

दीनदयाल अन्तयोदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) शहरी क्षेत्रान्तर्गत सभी सर्वेक्षित फुटपाथ विक्रेताओं की कुल संख्या 868 है। इस कार्यालय के पत्रांक 119(ii) दिनांक 21.06.2024 की सूचना दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से प्रकाशित की गई है। पुनः नगर विक्रेता समिति के गठन हेतु फुटपाथ/फेरीवाले विक्रेताओं के 12 प्रतिनिधियों का चुनाव किया जाना है। चुनाव से संबंधित निम्न शर्तें होंगी :–

1. 12 प्रतिनिधियों का चुनाव, चुनाव के माध्यम से किया जाना है।
2. शहर के सभी वार्डों में फुटपाथ विक्रेताओं का सर्वेपूर्ण कर लिया गया है तथा जिसका सूची कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
3. यदि सर्वेसूची में आपत्ति होने पर लिखित रूप से दिनांक 18.07.2024 से दिनांक 26.07.2024 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आपत्ति दर्ज करा सकते है, जिसका निपटारा नियमानुसार किया जायेगा।
4. पूर्ण सर्वेसूची जिसका वार्डवार विवरण निम्न है और जिसका विशेष जानकारी के लिए नगर परिषद से प्राप्त किया जा सकता है। जिसकी प्रति नगर परिषद में उपलब्ध है तथा जिसे निर्धारित 100 रूपये शुल्क देकर खरीदा जा सकता है।

| क्र0 | वार्ड सं0 | महिला | पुरूष | कुल योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 39 | 26 | 65 |
| 2 | 2 | 16 | 10 | 26 |
| 3 | 3 | 10 | 10 | 20 |
| 4 | 4 | 6 | 6 | 12 |
| 5 | 5 | 67 | 65 | 132 |
| 6 | 6 | 28 | 22 | 50 |
| 7 | 7 | 21 | 27 | 48 |
| 8 | 8 | 22 | 24 | 46 |
| 9 | 9 | 15 | 7 | 22 |
| 10 | 10 | 8 | 6 | 14 |
| 11 | 11 | 20 | 38 | 58 |
| 12 | 12 | 47 | 111 | 158 |
| 13 | 13 | 3 | 13 | 16 |
| 14 | 14 | 13 | 10 | 23 |
| 15 | 15 | 7 | 29 | 36 |
| 16 | 16 | 1 | 2 | 3 |
| 17 | 17 | 25 | 14 | 39 |
| 18 | 18 | 13 | 2 | 15 |
| 19 | 19 | 7 | 8 | 15 |
| 20 | 20 | 22 | 48 | 70 |
| कुल | | 390 | 478 | 868 |

प्रशासक, नगर परिषद् सिमडेगा

PR 328784 Simdega (24-25)_D

# पूंजीगत खर्चों में वृद्धि एवं मध्यवर्गीय परिवारों को राहत प्रदान की जानी चाहिए बजट में



प्रहलाद सबनानी

देश में कर संग्रहण में आकर्षक वृद्धि के बाद ही गरीब वर्ग की सहायता के लिए भी विभिन्न योजनाएं सफलता पूर्वक चलाई जा सकेंगी। अतः वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट मध्यवर्गीय परिवारों की संख्या में वृद्धि को ध्यान में रखकर ही बनाया जाना चाहिए। ऐसा कहा भी जाता है कि मध्यवर्गीय परिवार गरीब परिवारों को सहायता उपलब्ध कराने में सदैव आगे रहा है।

जुलाई 2024 माह में शीघ्र ही केंद्र सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पूर्णकालिक बजट पेश किया जाने वाला है। हाल ही में लोक सभा के लिए चुनाव भी सम्पन्न हुए हैं एवं भारतीय नागरिकों ने लगातार तीसरी बार एनडीए की अगुवाई में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को सत्ता की चाबी आगामी पांच वर्षों के लिए इस उम्मीद के साथ पुनः सौंप दी है कि आगे आने वाले पांच वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा देश में आर्थिक विकास को और अधिक गति देने के प्रयास जारी रखे जाएंगे। अब केंद्र सरकार में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण शीघ्र ही केंद्रीय बजट पेश करने जा रही हैं।

पिछले लगातार दो वर्षों के बजट में पूंजीगत खर्चों की ओर इस सरकार का विशेष ध्यान रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 7.50 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान पूंजीगत खर्चों के लिए किया गया था और वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस राशि में 33 प्रतिशत की राशि की भारी भरकम वृद्धि करते हुए 10 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान पूंजीगत खर्चों के लिए किया गया था। हालांकि, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए भी 11.11 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है जो पिछले वर्ष की तुलना में केवल 11 प्रतिशत ही अधिक है। इस राशि को यदि 33 प्रतिशत तक नहीं बढ़ाया जा सकता है तो इसे कम से कम 25 प्रतिशत की वृद्धि के साथ आगे बढ़ाने के प्रयास होना चाहिए अर्थात वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपए की राशि के स्थान पर 12.5 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान पूंजीगत खर्चों के लिए किया जाना चाहिए।

किसी भी देश की आर्थिक प्रगति को गति देने के लिए पूंजीगत खर्चों में वृद्धि होना बहुत आवश्यक है और फिर भारत ने तो वित्तीय वर्ष 2023-24 में 8 प्रतिशत से अधिक की आर्थिक विकास दर की रफ्तार को पकड़ा ही है। आर्थिक विकास की इस वृद्धि दर को बनाए रखने एवं इसे और अधिक आगे बढ़ाने के लिए पूंजीगत खर्चों में वृद्धि करना ही चाहिए। आर्थिक विकास दर में तेजी के चलते देश में रोजगार के नए अवसर भी अधिक मात्रा में विकसित होते हैं। जिसकी वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारत को बहुत अधिक आवश्यकता भी है। भारत में पिछले 10 वर्षों के दौरान विकास की दर को तेज करने के चलते ही लगभग 25 करोड़ नागरिक गरीबी रेखा के ऊपर उठ पाए हैं एवं करोड़ों नागरिक मध्यवर्ग की श्रेणी में शामिल हुए हैं। अब भारत में




गरीबी की दर 8.5 प्रतिशत रह गई है जो वित्तीय वर्ष 2011-12 में 21.1 प्रतिशत थी। गरीबी की रेखा से बाहर आए इन नागरिकों एवं मध्यवर्गीय नागरिकों ने देश में उत्पादों की मांग में वृद्धि करने में अहम भूमिका निभाई है। साथ ही, कर संग्रहण में भी इस वर्ग ने महती भूमिका अदा की है। आज प्रत्यक्ष कर संग्रहण लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता हुआ दिखाई दे रहा है तथा वस्तु एवं सेवा कर भी अब औसतन लगभग 1.80 लाख करोड़ रुपए प्रतिमाह से अधिक की राशि के संग्रहण के साथ आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। साथ ही, भारतीय रिजर्व बैंक ने भी वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 2 लाख करोड़ से अधिक की राशि का लाभांश केंद्र सरकार को उपलब्ध कराया है तो सरकारी क्षेत्र के बैंकों/उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित कर केंद्र सरकार को भारी भरकम राशि का लाभांश उपलब्ध कराया है, जबकि कुछ वर्ष पूर्व तक केंद्र सरकार को सरकारी क्षेत्र के बैंकों के घाटे की आपूर्ति हेतु इन बैंकों को बजट में से भारी भरकम राशि उपलब्ध करानी होती थी। कुल मिलाकर इस आमूल चूल परिवर्तन से केंद्र सरकार के बजटीय घाटे में भारी कमी दृष्टिगोचर हुई है। केंद्र सरकार का बजटीय घाटा कोविड महामारी के दौरान 8 प्रतिशत से अधिक हो गया था जो अब वित्तीय वर्ष 2024-25 में घटकर 5.1 प्रतिशत तक नीचे आने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इस प्रकार, अब यह सिद्ध हो रहा है कि केंद्र सरकार ने न केवल अपने वित्तीय संसाधनों में वृद्धि करने में सफलता अर्जित की है बल्कि अपने खर्चों को भी नियंत्रित करने में सफलता पाई है।

पूंजीगत खर्चों में वृद्धि के साथ ही, केंद्र सरकार द्वारा अपने बजट में मध्यवर्गीय नागरिकों को आय कर की राशि में छूट देने का प्रयास भी वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में किया जाना चाहिए। क्योंकि, प्रत्यक्ष कर संग्रहण में हो रही भारी भरकम 25 प्रतिशत की वृद्धि इसी वर्ग के प्रयासों के चलते सम्भव हो पा रही है। वैसे, भारतीय आर्थिक दर्शन के अनुसार भी नागरिकों/करदाताओं पर करों का बोझ केवल उतना ही होना चाहिए जितना एक मधुमक्खी किसी फूल से शहद लेती है। मध्यवर्गीय नागरिकों के हाथों में अधिक राशि पहुंचने का सीधा सीधा फायदा अर्थव्यवस्था को ही होता है। मध्यवर्गीय नागरिकों के हाथों में यदि खर्च करने के लिए अधिक राशि पहुंचती है तो वह विभिन्न उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देता है इससे इन उत्पादों की मांग में वृद्धि दर्ज होती है और इन उत्पादों का उत्पादन बढ़ता है। उत्पादन बढ़ने से रोजगार के नए अवसर अर्थव्यवस्था में निर्मित होते हैं एवं कम्पनियों द्वारा विनिर्माण इकाईयों का विस्तार किया जाता है तथा निजी क्षेत्र में भी पूंजीगत निवेश बढ़ता है। कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था के चक्र को बढ़ावा मिलता है जो अंततः देश के कर संग्रहण में भी वृद्धि करने में सहायक होता है। मध्यवर्गीय परिवार के आय कर में कमी करने से बहुत सम्भव है कि भारत में औपचारिक अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिले। क्योंकि कई देशों में यह सिद्ध हो चुका है कि कर की राशि को कम रखने से औपचारिक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है इससे कर की दर को कम करने के उपरांत भी कर संग्रहण में वृद्धि होते हुए देखी गई है। ऐसा कहा जाता है कि भारत में अभी भी अनऔपचारिक अर्थव्यवस्था औपचारिक अर्थव्यवस्था के करीब करीब बराबरी पर ही चलती हुए दिखाई देती है। हालांकि केंद्र सरकार द्वारा अर्थव्यवस्था में आर्थिक व्यवहारों के भारी मात्रा में डिजिटलीकरण करने के उपरांत भारत की अर्थव्यवस्था को औपचारिक बनाने में बहुत मदद मिली है और इसी के चलते ही वस्तु एवं सेवा कर का संग्रहण लगभग 1.80 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि प्रतिमाह के स्तर पर पहुंच सका है। अतः कुल मिलाकर देश में मध्यवर्गीय परिवारों की संख्या जितनी तेज गति से आगे बढ़ेगी देश का आर्थिक विकास भी उतनी ही तेज गति से आगे बढ़ता हुआ दिखाई देगा।

दरअसल, देश में कर संग्रहण में आकर्षक वृद्धि के बाद ही गरीब वर्ग की सहायता के लिए भी विभिन्न योजनाएं सफलता पूर्वक चलाई जा सकेंगी। अतः वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट मध्यवर्गीय परिवारों की संख्या में वृद्धि को ध्यान में रखकर ही बनाया जाना चाहिए। ऐसा कहा भी जाता है कि मध्यवर्गीय परिवार गरीब परिवारों को सहायता उपलब्ध कराने में सदैव आगे रहा है।

## संपादकीय

### कांग्रेस पर तीखा हमला

ष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। विपक्ष ने प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान काफी हंगामा करने के बाद वॉकआउट कर दिया। मोदी ने इसका उपहास करते हुए आपातकाल की घटनाओं का उल्लेख किया। कांग्रेस को सबसे सबसे बड़ी संविधान विरोधी पार्टी करार देते हुए कहा कि १९७७ का चुनाव इसी मुद्दे पर लड़ा गया थाड्ड जिसमें कांग्रेस की करारी हुई थी। ७५ साल पुराने कानून पर चर्चा और ५० साल पुराने आपातकाल को भूलने पर कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करते हुए मोदी ने कहा कि पाप पुराना होने के बाद खत्म नहीं हो जाता। विपक्ष के मणिपुर के मुद्दे पर प्रधानमंत्री के न बोलने का जवाब देते हुए उन्होंने बताया कि वहां पहले से अधिक शांति हैड्ड स्कूलझकॉलेजड्ड दफ्तर खुल रहे हैं। मनमोहन सिंह के सरकार के दौरान भी संविधान की धज्जियां उड़ाने की बात भी दोहराई। रोजमर्रा की जिंदगी में सरकार के दखल को कम करने की चर्चा की ताकि अपने बलबूते आगे बढक्ष्र्ने वालों को सरकारी दखल से परेशान न होना पड़े। लोकतंत्र की यह खूबी कही जाएगी जहां विपक्ष को सरकार का प्रतिरोध करने की पूरी आजादी होती है। खासकर नई लोक सभा में पिछली के मुकाबले विपक्ष का



संख्या बल बढक्ष्र है जिसका लाभ लेने से वे चूकना नहीं चाहते। सत्ता पक्ष को भी इसका भरपूर ख्याल रखना चाहिए ताकि विपक्ष की आवाज दबती न प्रतीत हो। विपक्ष का भी दायित्व है कि सदन की मयार्दा बनाए रखते हुए अपनी बात रखे। हालांकि राज्यों को साथ लेकर चलने की मोदी की बात की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए जैसा कि उन्होंने कहा विश्व देश में निवेश को राजी हैड्ड जिसकी हर राज्य को मुस्तैदी से तैयारी करनी चाहिए। असल विकास तभी संभव हैड्ड जब सब मिलझजुलकर सर्वजन हिताय काम करने को राजी होंगे। हालांकि सरकार हमेशा अपनी पीठ थपथपाने का काम करती नजर आती है जबकि हकीकत कुछ और ही होती है। जिस वक्त मोदी अपने भाषण में प. बंगाल में एक महिला की पिटाई की बात कर रहे थेड्ड ठीक उसी वक्त यहां उप्र में सत्संग के दौरान सवा सौ लोग भगदड़ में कुचल कर मारे गए। उन पर दो शब्द बोले जाने भी आवश्यक थे। देश के मुखिया को पक्षपाती नहीं होना चाहिए। करिश्माई चरित्र होने के नाते उनकी बात समूचा देश ध्यान से सुनता है। इसलिए उन्हें जिम्मेदार अभिभावक की तरह हर नागरिक की भावना का ख्याल रखते हुए ही बोलना चाहिए।

## चिंतन-मनन

### सुखी जीवन की राह

एक राजा हमेशा तनाव में रहता था। एक दिन उससे मिलने एक विचारक आया। उसने राजा से उसकी परेशानी पूछी तो वह बोला - मैं एक सफलतम राजा बनना चाहता हूं, जिसे प्रजा का हर व्यक्ति पसंद करे। मैंने अब तक अनेक सफल राजाओं के विषय में पढ़ा और उनकी नीतियों का अनुसरण किया, किंतु मुझे वैसी सफलता नहीं मिली। लाख प्रयासों के बावजूद मैं एक अच्छा राजा नहीं बन पा रहा हूं।

राजा की बात सुनकर विचारक ने कहा- जब भी कोई व्यक्ति अपनी प्रकृति के विपरीत कोई काम करता है, तो यही होता है। राजा ने हैरानी जताते हुए कहा - मैंने अपनी प्रकृति के विपरीत क्या काम किया? विचारक बोला - तुम्हें बाकी लोगों पर हुक्म चलाने का अधिकार प्रकृति से नहीं मिला है। तुम जब बाकी लोगों की तरह साधारण जीवन बिताओगे, तभी तुम्हें आनंद मिलेगा। जंगल में रहने वाले शेर की जान उसकी खाल की वजह से हमेशा खतरे में रहती है, क्योंकि वह बहुत कीमती होती है।

इसी वजह से वह रात में शिकार पर निकलता है, इस भय से कि सुंदर खाल के कारण उसे कोई मार न डाले। शेर तो अपनी खाल को नहीं त्याग सकता, किंतु तुम अपनी सफलता के लिए स्वयं को राजा मानना छोड़ सकते हो। जब तक स्वयं को राजा मानते रहोगे, दुख ही पाओगे। राजा को विचारक की बात जंच गई और उस दिन से वह सुखी हो गया। दरअसल अपेक्षा दुख का कारण है। इसलिए किसी से कोई अपेक्षा न रखें और अपने कर्म करते हुए सहज जीवन जिएं तो निर्मल आनंद की अनुभूति सुलभ हो जाती है।

# जैविक कृषि से घटेगा पानी का संकट



संजय गोस्वामी



जैविक कृषि मिट्टी की उर्वरता में सुधार करता है और जैविक विविधता को बनाए रखता है। यह पर्यावरण के लिए लाभदायक है रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के प्रयोग के कारण पानी की खपत अत्यधिक बढ़ी है। मिट्टी में सैकड़ों किस्म के जीव-जन्तु और जीवाणु होते हैं, जो खेती के लिए हानिकारक कीटों को खा जाते हैं और साथ ही मिट्टी को भुरभुरा, सजीव और उर्वर बनाते हैं। ऐसी भूमि में वर्षा जल के संचय की क्षमता बहुत ज्यादा होती है। लेकिन रासायनिक खाद और कीटनाशक खेती के लिए उपयोगी जीव-जन्तुओं और जीवाणुओं को नष्ट कर देते हैं।कृषि में प्रयुक्त रसायन अनाजों, फलों, सब्जियों और दूध के माध्यम से मानव शरीर में प्रवेश करने लगे हैं, जिससे गर्भपात, कैंसर तथा अन्य घातक बीमारियां बढ़ने लगी हैं। जिन छोटे किसानों के पास अपना नलकूप नहीं होता है उन्हें पानी खरीदने के लिए ज्यादा पैसा देना पड़ता है। किसान कर्जे के बोझ से दबते जाते हैं। पानी की समस्या आने वाले वर्षों में विकराल रूप ले सकती है और भारत को भीषण अन्न संकट का सामना करना पड़ सकता है।। अभी भी भारत की मात्र 35 फीसदी कृषि भूमि में अत्यधिक सिंचाई और रसायनों के प्रयोग वाली खेती होती है। शेष 65 प्रतिशत कृषि उपेक्षित है। अगर इस प्रकार की कृषि और रासायनिक उर्वरकों तथा कीटनाशकों के लिए दी जाने वाली भारी सब्सीडी को जल पुनर्भरण और सम्पूर्ण कृषि भूमि में जैविक कृषि के विकास के लिए लगा दिया जाए तो पानी का संकट घटेगा और कृषि उत्पादन भी बढ़ेगा। यही कारण है कि यूरोप, अमेरिका वाले तेजी से जैविक खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं और रसायनों के उपयोग से उपजे अनाज, फल तथा सब्जियों के आयात पर रोक लगा रखी है, विडम्बना यह है कि जिन जहरीले कीटनाशकों का प्रयोग उन्होंने अपने देश में प्रतिबंधित कर रखा है सारा सार्वजनिक धन इसी पर लगाया जाता है। उन्हीं का निर्यात दुनिया के देशों को करते हैं।जैविक खेती में बहुत कम पानी की जरूरत होती है, क्योंकि सजीव मिट्टी अपनी प्रकृति के कारण वर्षाजल को सोखकर लम्बे समय तक सरस बनी रहती है। गोबर खाद, केंचुआ खाद तथा अन्य जैविक खादों और कीटनाशक के रूप में नीम, लेमन ग्रास जैसे दर्जनों साधन प्रचुरता में उपलब्ध हैं जिनका उपयोग हो सकता है। रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुन्ध प्रयोग से मृदा संरचना नष्ट हो जाती है जिससे मृदा के कण एक दूसरे से अलग हो जाते हैं परिणामस्वरूप मृदा अपरदन की दर में तीव्र वृद्धि की सम्भावना बढ़ जाती है।रासायनिक खते का जैविक खेत में रूपांतरण में जो समय लगता है, उस समय को ब्वरूपांतरण अवधि कहते है। जबकि मृदा उर्वरकता आरै पारिस्थितिकी के संतुलन को पुनः स्थापित करने के लिए यह अवधि हमेशा पर्याप्त नही होती,इसलिए इस अवधि में वहा सारे कार्य करने है,जिनसे हम अपने लक्ष्य तक पहंचु सके।कृषि में जल के अत्यधिक प्रयोग से जलजमाव के कारण मृदा की लवणता एवं क्षारीयता में वृद्धि होती है जिससे उपजाऊ भूमि उसर भूमि में परिवर्तित हो जाती है। सिंचाई जल के कुप्रबन्धन के कारण देश की लगभग 6.5 मिलियन हेक्टयर भूमि जल जमाव से प्रभावित है तथा तकरीबन 7.5 मिलियन हेक्टेयर भूमि लवणता एवं क्षारीयता से प्रभावित है। अतः देश को पानी के संकट से बचाने के लिए, पारम्परिक कृषि के स्थान पर जैविक कृषि के माध्यम जैविक खादों और कीटनाशक के रूप खेतों में प्रयोग करना अति आवश्यक है।

# स्पेशल ऑडिटः ऐसे होते रहना चाहिए



रजनीश कपूर



कई दशकों पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने सार्वजनिक रूप से यह बात स्वीकार की कि जनता के विकास के लिए आवंटित धनराशि का जो प्रत्येक 100 रुपया दिल्ली से जाता है, वह जमीन तक पहुंचते-पहुंचते मात्र 14 रुपये रह जाता है। 86 रुपये रास्ते में भ्रष्टाचार की बलि चढ़ जाते हैं। सारा विकास केवल कागजों पर ही होता है। बीते दशकों में प्रशासनिक भ्रष्टाचार के बावजूद नागरिकों को कुछ सुविधाएं अवश्य मिली हैं। अलबत्ता, जिस तरह के विकास का प्रचार हुआ उसने राजीव गांधी की बात याद दिला दी।

इंद्रदेव के कहर के कारण देश के कई भागों से काफी दर्दनाक दृश्य सामने आए। हर तरफ से तबाही के विचलित करने वाले दृश्यों को देख मन में यही सवाल उठा कि इस साल मानसून की पहली बारिश से जो हाल हुआ है, क्या वो वास्तव में प्राकृतिक आपदा माना जाए? क्या इस तबाही के पीछे इंसान का कोई हाथ नहीं? क्या भ्रष्ट सरकारी योजनाओं के चलते ऐसा नहीं हुआ? कब तक हम ऐसी तबाही को कुदरत का कहर मानेंगे? सरकार चाहे किसी भी दल या राज्य की क्यों न हो जनता के वोट पाने के लिए विकास के कार्यों की अनेक जनोपयोगी योजनाओं की घोषणाएं की जाती हैं। इन्हें सुन कर हर कोई मानता है कि नेता जी ने एक बड़ा सपना देखा है और ये सारी योजनाएं उसी सपने को पूरा करने की तरफ एक-एक कदम हैं। बीते कुछ वर्षों में घोषित योजनाओं में से कुछ का निश्चित रूप से लाभ आम जन को मिला है। दूसरी ओर, कई घोषित योजनाएं केवल कागजों पर ही दिखाई दी। यदि कोई प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री जनता के कल्याण के लिए अनेक दकियानूसी परंपराओं तोड़कर क्रांतिकारी योजनाएं लाते हैं, तो यह भी जरूरी है कि समयझसमय पर वे इस बात का जायजा भी लेते रहें कि घोषित कार्यक्रमों का क्रियान्वयन कितने फीसद हो रहा है। तीसरी बार प्रधानमंत्री बने मोदी जी हों या किसी भी राज्य के मुख्यमंत्री, उन्हें जमीनी सच्चाई जानने के लिए गैर-पारंपरिक साधनों का प्रयोग करना पड़ेगा। मौजूदा खुफिया एजेंसियां या सूचना तंत्र उनकी सीमित मदद ही कर पाएंगे। प्रशासनिक ढांचे का अंग होने के कारण इनकी अपनी सीमाएं होती हैं। इसलिए देश या सूबे के मुखिया को गैर-पारंपरिक 'फीड-बैक मैकेनिज्म' का सहारा लेना पड़ेगा।

हजारों साल पहले भारत के पहले सबसे बड़े मगध साम्राज्य के शासक सम्राट अशोक जादूगरों और बाजीगरों के वेश में अपने विश्वासपात्र लोगों को भेजकर अपने साम्राज्य में जमीनी हकीकत का पता लगवाते थे और उसके आधार पर प्रशासनिक निर्णय लेते थे। आज के सूचना प्रौद्योगिकी के युग में यह आसानी से किया जा सकता है। यदि मोदी जी या कोई मुख्यमंत्री ऐसा कुछ करते हैं, तो उन्हें इसका बहुत बड़ा लाभ होगा। ऐसा करते हैं, तो उन्हें उपलब्धियों के बारे में बढ़ा-चढ़ाकर आंकड़े प्रस्तुत करने वाली अफसरशाही और खुफिया तंत्र गुमराह नहीं कर पाएंगे क्योंकि उनके पास समानांतर स्रोत से सूचना पहले से ही उपलब्ध होगी। अप्रत्याशित स्थिति से निपटने का यही तरीका है कि अफसरशाही के अलावा जमीनी लोगों से भी हकीकत जानने की कोशिश की जाए। यह पहल प्रशासनिक मुखिया को ही करनी होगी। मिसाल के तौर पर इस साल की पहली बारिश के चलते देश के कई एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, ट्रेनों, सड़कों, पुलों आदि के नुकसान को गंभीरता से लेना चाहिए। विपक्ष चाहे जैसे भी हमले करे पर केंद्र और राज्य सरकारों को हादसों से सबक लेते हुए संबंधित राज्य सरकारों, मंत्रालयों, विभागों और अफसरशाही से समयबाधित रिपोर्ट लेनी चाहिए। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

विकास की घोषित योजनाओं का 'सोशल ऑडिट' भी जरूरी है। इसके लिए देश के मुखिया या मुख्यमंत्रियों को अपने विश्वसनीय सेवानिवृत्त अधिकारियों, पार्टी के समर्पित कार्यकताओं और स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों की संयुक्त टीम बनानी चाहिए जो वस्तुस्थिति का मूल्यांकन करें और उन तक निष्पक्ष रिपोर्ट भेजें। 'सोशल ऑडिट' करने का यह तरीका किसी भी लोकतंत्र के लिए फायदे का सौदा होता है। इसलिए जो भी प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री ईमानदार होगा, पारदर्शिता में जिसका विश्वास होगा और जो वास्तव में अपने लोगों की भलाई और तरक्की चाहेगा, वो सरकारी तंत्र के दायरे के बाहर इस तरह का 'सोशल ऑडिट' करवाना अपनी प्राथमिकता में रखेगा। चूंकि चुनावी सभा में हर दल के नेता बार-बार 'जवाबदेही' और 'पारदर्शिता' पर जोर देते हैं, इसलिए निर्वाचित होने के बाद उन्हें यह सुझाव अवश्य ही पसंद आएगा। आशा की जानी चाहिए कि आने वाले समय में देश के कोने-कोने से जागरूक नागरिकों द्वारा प्रधानमंत्री और राज्यों के मुख्यमंत्रियों को ऐसा 'सोशल ऑडिट' करवाने के लिए आह्वान किया जाएगा। इससे देश में नई चेतना और राष्ट्रवाद का संचार होगा। भ्रष्टाचार पर लगाम भी कसेगी। जनहित की योजनाओं की घोषणाएं भी कागजों पर नहीं, बल्कि जमीन पर सफल होती नजर आएंगी।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**कुकड़ू :** कुकड़ू प्रखंड अंतर्गत दारुदा ग्राम के समीप सुबह को एक मोटर साईकिल में सवार कुकडू साप्ताहिक हाट जाने के क्रम में दो व्यक्ति का दुर्घटना हो गया जिसमें धनुडीह निवासी बुद्धेश्वर महतो बुरी तरह घायल हो गया एवं काड़का निवासी रजनी सिंह को भी हल्का फुल्का चोट लगी। घटना की सूचना मिलते ही आजसू पार्टी के कुकडू प्रखंड अध्यक्ष अरुण महतो जी ने ईचागढ़ विधानसभा के लोकप्रिय समाजसेवी सह आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो जी के द्वारा प्रदत्त एम्बुलेंस से बेहतर इलाज के लिए तिरुलडीह स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया एवं उपचार के बाद घर पहुंचा दिया गया। ग्रामीणों का कहना है की इस तरह की दुर्घटनाएं अक्सर होती रहती है। समाजसेवी हरेलाल महतो को धन्यवाद जिन्होंने क्षेत्र के जनता के बारे में सोंचके हर प्रखंड क्षेत्र में एंबुलेंस सेवा प्रदान किए।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से सात वर्षीय बच्चे की हुई मौत

**राजमहल :** थाना क्षेत्र अंतर्गत मानसिंहा ग्रामीण सड़क पर शुक्रवार को एक सीमेंट लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक 7 वर्षीय बच्चे अकबर शेख की मौत हो गयी। जबकि नूर इस्लाम और अब्दुल रकीब गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए राजमहल अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत नाजुक होने के कारण दोनों को भागलपुर रेफर कर दिया गया है। वहीं मौके पर थाना प्रभारी गुलाम सरवर पहुंच कर चालक को पुलिस ने अपने हिरासत में ले लिया है तथा वाहन को जब्त कर पूछताछ जारी है।

### पीएम आवास कार्य में लगे मजदूर ने की आत्महत्या

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत धोबी झरना वृद्धा आश्रम के समीप नगर परिषद के द्वारा बन रहे शहरी पीएम आवास योजना में कार्यरत पलामू जिले के तरहसी के रहने वाले एक युवक ने शुक्रवार की सुबह फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। उधर युवक के साथ साथ काम करने वाले अन्य मजदूरों ने उसे मंजिल के एक कमरे में फंदे से झूलता हुआ पाया जिसकी सूचना जिरवाबाड़ी पुलिस को दी गई। उधर सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक युवक के शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार पलामू के जिले के मजगामा थाना क्षेत्र अंतर्गत तरहसी के मांजीगावां गांव निवासी उदय सिंह का इकलौता पुत्र कमल किशोर सिंह उर्फ कंचन उम्र 23 वर्ष दस दिन पूर्व ही यहां काम करने के लिए आया हुआ था। वही कंचन यहां इलेक्ट्रिक वायरिंग का काम कर रहा था जहां शुक्रवार की सुबह उसका मित्र खाना बनाने व खाने के बाद उसे ढूंढने निकला। उधर मृतक युवक कंचन का मोबाइल उसी के पास था। इस दौरान चौथी मंजिल के एक कमरे में कंचन को गमछे के फंदे से झूलता हुआ पाया। वही मामले की गहराई से पुलिस छानबीन की कर रही है।

### राजद का मनाया गया 28वां स्थापना दिवस

**देवघर :** होटल के सभागार में राष्ट्रीय जनता दल का 28वां स्थापना दिवस एक सादे समारोह आयोजित कर मनाया गया। इस दौरान मौके पर राजद जिला अध्यक्ष फणी भूषन यादव, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, प्रमोद यादव, संजय मंडल, भूत नाथ यादव, दीपू झा, मुकेश यादव,राजद युवा राष्ट्री प्रवक्ता नीतेश यादव सहित बिहार से पहुंचे राजद के नेता मौजूद थे। वहीं कार्यक्रम में जिला के सभी प्रखंडो के नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान बीते 27 वर्षों में पार्टी ने क्या खोया और क्या पाया इस पर समीक्षा की गई।

## आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान का हुआ शुभारंभ

# जन सहयोग से होगा कुकडू प्रखंड का विकास : डीडीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चांडिल :** शुक्रवार को कुकडू प्रखंड प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में नीति आयोग, नई दिल्ली द्वारा संचालित आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान की शुरूआत हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ सरायकेला जिला के उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बारदियार, जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी कीकू महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान बीडीओ, डीडीसी, जीप उपाध्यक्ष समेत कई विभागों के पदाधिकारियों ने आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से मौजूद लोगों को जानकारी दी। वहीं कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान कई स्टॉल भी लगाया गया था। जहां लोगों कि स्वस्थ जांच, खानपान, बीमा योजना, मिट्टी जांच समेत कई जानकारियां उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम के अंत में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान को लेकर प्रभात फेरी भी निकाली गई। वहीं इस कार्यक्रम को लेकर हस्ताक्षर अभियान की भी शुरूआत हुई। मालूम हो कि यह कार्यक्रम 30 सितंबर 2024 तक चलाई जाएगी। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नीति आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित छः इंडिकेटर्स पर लोगों को जागरुक करना है।

**सामूहिक भागीदारी से पिछड़े प्रखंड से आगे देश के मानचित्र पर लाना है: बीडीओ**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुकडू प्रखंड के प्रभारी बीडीओ कीकू महतो ने कहा कि देश के नीति आयोग ने कुकडू प्रखंड को सबसे पिछड़े प्रखंड के रूप में चुनते हुए प्रखंड आकांक्षी योजना के लिए चयनित किया है। इसके अंतर्गत हम सभी को एक साथ मिलजुल कर काम करते हुए कुकडू को पिछड़े प्रखंड से आगे ले जाकर देश के मानचित्र पर लाना है। कुकडू प्रखंड के पास ह्यूमन रिसोर्स है, जिसकी बदौलत हम आसानी से इस प्रखंड के लिए निर्धारित विकास के लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। महिलाओं से अपील करते हुए बीडीओ कीकू महतो ने कहा कि गर्भवती होने पर स्वास्थ्य विभाग में रजिस्ट्रेशन कराएं, पौष्टिक आहार लें, जिससे जन्म से पूर्व ही बच्चे की देखभाल की जा सके। इसके लिए डायबिटीज के रोगी बढ़ रहे हैं, इस रोग से ग्रसित व्यक्ति प्रतिदिन पैदल चलें, तो इस बीमारी से मुक्त हो जायेंगे। समय-समय पर जांच भी होनी चाहिए। किसानों को मिट्टी जांच के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है, लेकिन जमीन जस की तस है। जनसंख्या के पोषण की जिम्मेदारी भी इसी जमीन पर है। इसलिए इसके स्वास्थ्य की जांच भी अतिआवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग और जनप्रतिनिधि एक साथ मिलकर काम करेंगे तभी कुकडू प्रखंड का विकास संभव है। आपने संबोधन में उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बारदियार ने कहा कि जनता के सहयोग से हम निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करेंगे। सभी जनप्रतिनिधि, आशा, जीविका गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्रों पर होने वाले एएनसी जांच के लिए अवश्य भेजें। उससे स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य भी पूरा होगा और प्रखंड को फंड भी मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि आकांक्षी योजना के तहत प्रखंड के विकास के लिए 39 बिंदुओं पर योजना का लक्ष्य पूर्ण करना है।

# शामपुर-मोतीपहाड़ी पीएम ग्राम सड़क योजना में संवेदक ने आम जनता से छुपाया विवरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोरियो :** प्रखंड क्षेत्र के शामपुर-मोतीपहाड़ी बड़ा के बीच निर्माणधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में संवेदक नितेश सिंह प्राईवेट लिमिटेड के द्वारा जमकर अनियमितता बरती जा रही है, ऐसा आरोप ग्रामीणों का है। केंद्र सरकार के इस अति महत्वाकांक्षी योजना से दर्जनों गांवों के लोगों को आने जाने में सुविधा होगा। निर्माण कराई जा रही इस सड़क से शामपुर- राझन- मोतीपहाड़ी- मंझवये गांव एक साथ जुड़ जाएंगे। सड़क की कुल लम्बाई 5.65 किलोमीटर है, निमार्ण कार्य की प्राक्कलित राशि रूपए 4 करोड़ 52 लाख 27 हजार है, वहीं पांच वर्षों तक अनुरक्षण (मेंटेनेंस) के लिए रूपए 1 करोड़ 17 लाख 29 हजार तय किया गया है। लेकिन संवेदक द्वारा निर्माण कार्य में मनमानी किया जा रहा है, पीएम ग्राम सड़क योजना में नियमानुसार निर्माण कार्य शुरू करने से पहले पूर्ण विवरण के साथ बोर्ड लगाने का प्रावधान है, ताकि आमजन को भी जानकारी हो कि सड़क कितनी लम्बी, कितनी चौड़ी, कितनी मोटी, सड़क की गुणवत्ता, मैटेरियल की क्वालिटी आदि कितनी और कैसी है, साथ ही साथ सड़क निर्माण की अवधि कितनी है और संवेदक द्वारा कब तक पूर्ण किया जायेगा ये भी जनता के जागरूकता के लिए जरूरी है। लेकिन पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माण हो रही शामपुर - मोतीपहाड़ी बड़ा सड़क में निर्माण कार्य प्रगति पर है, बोर्ड भी लगा दी गई है, लेकिन कार्य की पूर्ण विवरण बोर्ड में नहीं दशार्या गया है। कई जानकारों ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य में गड़बड़ी किया जा रहा है, पुलिया निमार्ण में धांधली किया गया है, इस योजना के अंतर्गत 6 पुलियों का निमार्ण करवाया जाना है, लेकिन 4 पुलियों का निमार्ण करवाया गया है, बाकी के 1 पुरानी पुलिया को मरम्मत करवा दिया गया है। साथ ही साथ पुलियों का निमार्ण बहुत ही छोटे आकार में किया गया है जिससे पहली बारिश में ही पुलियों के दोनों किनारे पानी जमा हो गई है। जानकारों ने बताया कि संवेदक द्वारा पहले भी पुलिया निर्माण में सीमेंट के जगह पर पत्थर डस्ट का उपयोग किया गया था, तब ग्रामीणों के विरोध करने पर चारों पुलिया का निमार्ण नए सिरे से किया गया है। बता दें कि दर्जनों गांवों को एकसाथ जोड़ने वाली यह सड़क पिछले दस वर्षों से जर्जर स्थिति में थी। इन गांवों के ग्रामीणों के काफी संघर्ष के बाद इस सड़क का निर्माण केंद्र सरकार के ग्राम सड़क योजना के तहत करवाया जा रहा है। इसके बावजूद संवेदक द्वारा भारी अनियमितता बरती जा रही है। पुलिया निर्माण जिन जिन जगहों पर किया गया है। वहां बारिश की पानी जमा हो चुकी है और पूरा रास्ता किचड़ों से भर चूका है। सड़क निर्माण में देरी भी की जा रही है जिससे राहगीरों को बारिश के इस मौसम में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, कभी कभी दुर्घटना का शिकार भी होना पड़ रहा है।

### घटिया सामग्री से लीलातरी अस्पताल निर्माण की शिकायत

**मंडरो :** प्रखंड के गड़रा पंचायत अंतर्गत लीला खेल मैदान के समीप निमार्णाधीन अस्पताल भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गया। बताते चले की विभागीय पदाधिकारी की उदासीनता और लापरवाही के कारण अस्पताल का कार्य आनन-फानन में जैसे-तैसे कराया जा रहा है एक तरफ निर्माण कार्य चल रहा है तो दूसरी तरफ उसकी पोल खुल रही है अस्पताल के लिए बनाया गया शौचालय की टंकी का दीवार अचानक गिर पड़ा इतना ही नहीं बेहद घटिया किस्म का ईट का उपयोग किया जा रहा है ईट की गुणवत्ता को देखकर वरिय अधिकारी भी चिंतित हो जाएंगे कि आखिर किस प्रकार सरकारी राशियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। इस संबंध में नाम प्रकाशित नहीं करने के शर्त पर कई आदिवासी ग्रामीणों ने बताया कि आसपास के बिचौलिया की देखरेख में घटिया सामग्री से अस्पताल निर्माण कार्य कराया जा रहा है। विभाग के अधिकारी महीनों तक एक बार आते हैं और कुछ समय रहकर चले जाते हैं ।

# आयरन ओर लदा अनियंत्रित ट्रेलर खेत में पलटा, लाखों की हुई क्षति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चांडिल :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के सिल्ली रांगामाटी सड़क पर डुमटांड़ मोड़ के पास कुईडीह में एक आयरन ओर लदे अनियंत्रित ट्रेलर सड़क से नीचे करीब 10 फीट नीचे खाय में पलट गयी। ट्रैलर पलटने से आयरन ओर खेत में बीखर गया, जिससे लाखों का क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है। हांलांकि चालक किसी तरह छलांग लगाकर अपनी जान बचाने में सफल रहा । अनियंत्रित ट्रैलर आयरन ओर लेकर जमशेदपुर से हजारीबाग जा रहा था, जहां कुईडीह के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना शुक्रवार की अहले सुबह करीब दो बजे की बताई जा रही है। घटना की सुचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस दलवल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे व 22 चक्का ट्रैलर को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी।। बताया जा रहा है कि रात भर कतारों में भारी वाहनों का परिचालन होने से अक्सर उक्त स्थान पर भारी वाहन पलटने का घटना घटित होता है। वहीं समाज सेवी दिलीप कुमार दास ने बताया कि सुबह करीब 2 ढाई बजे एक अनियंत्रित ट्रैलर कुईडीह के पास सड़क के नीचे पलट गया है। उन्होंने कहा कि रात भर भारी वाहनों का परिचालन होता है और सामने एक तीखा मोड़ है, जिससे प्रायः इस तरह का घटना देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि तीखा मोड़ के आस पास चेतावनी बोर्ड लगाया जाय, जिससे वाहन चालक सतर्क होकर वाहन चला सके।

# पश्चिमी रेलवे फाटक के समीप एक व्यक्ति का शव बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिरवाबाडी थाना क्षेत्र अंतर्गत पश्चिमी रेलवे फाटक के समीप पुलिस ने गुरुवार की रात मजहर टोला निवासी वृद्ध व्यक्ति का शव बरामद किया है। जहां पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए उसका सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों के सौप दिया है। वही मृतक वृद्ध व्यक्ति की पहचान मजहर टोला निवासी मो. फिरोज उम्र 60 वर्ष पिता मो. उस्मान के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात्रि लगभग 11 बजे टाईगर मोबाइल के जवान ने गश्ती के दौरान पश्चिम रेलवे फाटक के पास उसे गिरा पड़ा देखा था जहां उसके सिर के पीछे से खून बह रहा था। इधर मृतक की बहन ताहिरा खातून ने बताया कि उसका भाई भीख मांगने का काम करता है और अपना जीवन यापन उसी से करता था। आगे उन्होंने बताया कि उसका भाई जब भी भीख मांगकर पश्चिमी रेलवे फाटक के रास्ते होते हुए अपने घर आता था तो रास्ते में कुछ चेंगड़े उसे तंग किया करते थे और उसके पास जो कुछ भी रुपया पैसा होता था उसे छिन लिया करते थे। जहां उन्होंने अपने भाई की हत्या की आशंका जताई है। उधर जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है जो भी लोग इस मामले में शामिल होंगे उन्हें चिन्हित करते हुए जेल भेज दिया जाएगा।

# तानाशाही शासन और प्रशासन ने जनता का जीना मुश्किल कर दिया है : हरेलाल महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चांडिल :** आजसू पार्टी द्वारा राज्यभर में किए जा रहे हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को चांडिल प्रखंड मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इससे पहले बीते तीन दिन में ईचागढ़, कुकडू तथा नीमडीह प्रखंड मुख्यालय में कार्यक्रम हुआ। चांडिल प्रखंड मुख्यालय में हल्ला बोल कार्यक्रम के बाद आजसू पार्टी की ओर से अंचलाधिकारी को 16 सूत्री मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा गया। हल्ला बोल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो ने कहा कि राज्य सरकार तानाशाह बनकर जनता को परेशान कर रही हैं। राज्य सरकार के तानाशाही रवैया का छवि हर प्रखंड एवं अंचल मुख्यालय में देखा जा रहा है। ऊपर से नीचे तक हर विभाग में भ्रष्टाचार चरम सीमा पार कर गई हैं। पेंशन, छात्रवृत्ति, राशन, प्रमाण पत्र जैसे कामों के लिए लोगों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपना वाजिब अधिकार पाने के लिए भी जनता को रिश्वत देना पड़ रहा है, यह जनता की मजबूरी है क्योंकि शासन प्रशासन तानाशाह बन गई हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के भ्रष्ट और जनविरोधी आचरण को जनता समझ चुकी हैं। इस आचरण को उखाड़ फेंकना और राज्य में जनहितैषी व्यवस्था स्थापित करना आजसू पार्टी का दायित्व है और पार्टी इस दायित्व का निर्वहन कर रही हैं। आजसू पार्टी राज्य के जनता के अधिकारों के लिए लगातार आंदोलन कर रही हैं, आने वाले समय में सकारात्मक परिणाम मिलेगा। हरेलाल महतो ने कहा कि आए दिन हाथियों द्वारा ग्रामीणों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है और सरकार के प्रतिनिधि पीड़ितों को तिरपाल और राशन बांट रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता ने तिरपाल और राशन बांटने के लिए जनप्रतिनिधि चुनाव नहीं किया था। उन्होंने कहा कि हाथी द्वारा जिन लोगों के घर तोड़े गए हैं उन पीड़ित परिवार को तत्काल पक्का मकान मिलना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सचिन महतो ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार के कार्यकाल में हर सरकारी कार्यालय में टेबल के नीचे से वसूली चल रही हैं। उन्होंने कहा कि जमीन मालिकों को उनके जमीन का विवरण ऑनलाइन चढ़ाने के लिए भी रिश्वत देना पड़ रहा है। यह राज्य के लिए दुर्भाग्य की बात है। इस मौके पर केंद्रीय सचिव सत्यनारायण महतो, दुर्गा महतो, आरती सिंह, तत्कालीन प्रमुख अमला मुर्मू, भरत महतो, प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप, बासुदेव प्रमाणिक, पुलक सथपति, अजय महतो, बुद्धेश्वर महतो, माधव सिंह मुंडा, रेणुका पुराण, रेखा प्रमाणिक, दिलीप प्रमाणिक, आशुतोष महतो, शिवचरण महतो, गोपेश महतो, तुलसी महतो, भगत सिंह मुंडा, प्रदीप गिरी, काला चाँद कुम्हार, देवा कुम्हार, सुभाष महतो, रामप्रसाद महतो, कानगू महतो, गुरुपद मंडल आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा नेता परेश मुखी के प्रयास से मरीज का हुआ बेहतर इलाज



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के बिडरा गांव के रंजीत राजवाड़ के पेट में पानी भरने से काफी दर्द होने से ईलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मरीज के अस्पताल में भर्ती होने की सूचना गोपालपुर के विश्वनाथ माझी द्वारा परेश मुखी को दिया गया। भाजपा नेता परेश मुखी ने अस्पताल प्रबंधन से वार्ता कर रंजीत रजवाड़ के बेहतर ईलाज के लिए मांग की। उन्होंने डॉक्टर से मिलकर आयुष्मान भारत के माध्यम से इलाज करने का आग्रह किया और प्रज्ञा केंद्र में जाकर आयुष्मान कार्ड हुई भूल को सुधार करवाया।

### प्रखंड में आजसू कार्यकर्ताओं ने हल्ला बोल कार्यक्रम चलाया




**साहिबगंज :** शुक्रवार को आजसू पार्टी द्वारा मंडरो प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड के कार्यकारी अध्यक्ष रंजीत कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में जनता की आवाज को मुखर रूप से हल्ला बोल कार्यक्रम के माध्यम से उठाया गया। कार्यक्रम में आजसू पार्टी के सभी पंचायत के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने हल्ला बोल कार्यक्रम के उपरांत 11 सूत्रीय मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी के प्रतिनिधि को सोपा गया। आजसू पार्टी की मुख्य मांग जमीन दाखिल खारिज के आवेदनों का निष्पादन, पणजी टू में दर्ज जीरो प्लॉट पर आवश्यक कार्रवाई, अबुआ आवास के लाभों के चयन में पारदर्शिता, मनरेगा योजनाओं को वर्षा से पूर्व पूरा कर मजदूरी भुगतान करने, गरीब छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र शीघ्रता से बनवा कर छात्रवृत्ति देने, किसानों को ससमय खाद-बीज देने, प्रखंडों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति करने, प्रखंड व अंचल कार्यालय में ग्रामीणों का कार्य शीघ्रता से करने, सरकारी योजनाओं में झारखंड आंदोलनकारी के परिजनों व आश्रितों को प्राथमिकता देने, पेंशनधारियों को ससमय पेंशन देने, कार्डधारियों को समुचित राशन देने, खराब पड़े चापानलों को जल्द ठीक करने की मांग। हल्ला बोल कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष चतुरा नंद पांडे, जिला उपाध्यक्ष मणिकांत मिश्रा, जिला कार्यकारिणी सदस्य गोविंद पासवान, रामप्रवेश यादव, प्रखंड कार्यकारिणी अध्यक्ष रंजीत उपाध्याय, प्रखंड सचिव तनवीर आलम, प्रखंड कोषाध्यक्ष अमरदीप कुमार, रोशन भगत, कालीचरण मुंडा, रुपेश कुमार, सौरभ कुमार, भुजंगी यादव, भैरव यादव, इंदिरा पहाड़िया, चलवा पहाड़िया, रामचंद्र यादव, मनोज उपाध्याय, विकास कुमार शाह, आदि कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### सदर अस्पताल में मरीज की मोबाइल चोरी करने वाले युवक को गार्ड ने किया पुलिस के हवाले



**साहिबगंज :** जिला मुख्यालय के सबसे बड़े सदर अस्पताल में पिछले कई दिनों से भर्ती मरीजों का मोबाइल फोन समेत अन्य दस्तावेज की चोरी थमने का नाम नहीं ले रहा था। जहां गुरूवार की रात लगभग 11:30 बजे प्रसूता वार्ड में भर्ती एक मरीज के परिजन मोबाइल फोन को चार्ज में लगाकर खाना खा रहे थे इसी दौरान नगर थाना क्षेत्र के नॉर्थ कॉलोनी निवासी एक युवक मोबाइल फोन की चोरी करके भाग रहा था जिसके बाद भर्ती मरीज के परिजनों के द्वारा हो हल्ला मचाने पर अन्य मरीजों के परिजनों ने उक्त युवक को रंगेहाथ मोबाइल फोन के साथ दबोच लिया और उसकी जमकर धुनाई कर दी है। उधर मोबाइल फोन चोरी करने वाले युवक को भर्ती मरीज के परिजन ने स्थानीय जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र की पुलिस के हवाले कर दिया। उधर जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडे मोबाइल फोन चोरी करते हुए युवक के पकड़े जाने की खबर पाकर सदर अस्पताल पहुंच मामले की छानबीन करते हुए युवक को अपने हिरासत में ले लिया। उधर धराया युवक नॉर्थ कॉलोनी का रहने वाला किशन हरि पिता रंजीत हरी बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सदर अस्पताल के प्रथम तल्ले पर स्थित प्रसूता वार्ड में रामपुर दियारा के छोटेलाल महतो ने अपनी पुत्री को प्रसव के लिए भर्ती कराया था जहां उसने रात लगभग 11 बजे मोबाइल को चार्ज में लगाया और परिवार के अन्य लोगों के साथ खाना खाने के लिए बैठ गया। आगे उन्होंने बताया कि इसी बीच अचानक एक युवक वार्ड के अंदर घुसकर उसका मोबाइल फोन को चार्जर सहित लेकर अस्पताल से भागने लगा जहां उसने उक्त युवक को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन युवक रैंप से ही कूदकर भागने लगा। इधर हो हल्ला होने पर मेन गेट पर तैनात सुरक्षा गार्ड सुधीर कुमार चौधरी ने उसे खदेड़ कर पकड़ लिया। इधर जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडे ने बताया कि आरोपी युवक को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### मछुआ सोसाइटी में राष्ट्रीय जनता दल का 28वां स्थापना दिवस मनाया गया



**साहेबगंज :** जिले के मछुआ सोसाइटी में शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल का 28वां स्थापना दिवस जिला अध्यक्ष सत्यनारायण यादव की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सत्यनारायण यादव ने पार्टी का झंडा फहराकर जिले से आए हुए तमाम कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, राष्ट्रीय जनता दल का स्थापना दिवस हर साल पुरे देश में 5 जुलाई को मनाया जाता है। साथ ही उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल ही एक जैसा पार्टी है जो गरीबों, पिछड़ों, मजलूमों की पार्टी है। जिसमें सभी लोगों को सम्मान दिया जाता है। साथ ही उन्होंने अपने संबोधन में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के विचारों एवं पार्टी के सिद्धांतों को सभी कार्यकर्ताओं के सम्मुख रखा। साथ ही जिला अध्यक्ष ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में राजमहल, पाकुड़, बोरियो, बरहेट, महेशपुर, लिट्टीपाड़ा इन सभी विधानसभा में राष्ट्रीय जनता दल चुनाव लड़ेंगी।

# जून में सात फीसदी गिरी यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री: फाडा

**नई दिल्ली।**

जून में सालाना आधार पर भारत में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में सात प्रतिशत की गिरावट आई। भीषण गर्मी के कारण शोरूम में आने वाले लोगों की संख्या में 15 प्रतिशत गिरावट इसकी बड़ी वजह बताई जा रही है। उद्योग निकाय फाडा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कुल यात्री वाहन पंजीकरण पिछले महीने 2,81,566 इकाई रहा, जबकि जून 2023 में यह 3,02,000 इकाई था। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मांग को प्रोत्साहित करने के मकसद से बेहतर उत्पाद उपलब्धता तथा पर्याप्त छूट के बावजूद भीषण गर्मी के कारण ग्राहकों की संख्या में 15 प्रतिशत गिरावट आई और मानसून में देरी के कारण बाजार की धारणा सुस्त बनी हुई है। उन्होंने कहा कि डीलरों के अनुसार ग्राहकों के वाहनों के बारे में कम जानकारी हासिल करने और खरीद निर्णय में देरी जैसी चुनौतियों का उन्होंने सामना किया। उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन में अभी कुछ समय बाकी है, इसलिए यात्री वाहन मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) के लिए सावधानी बरतना महत्वपूर्ण है।



जून में दोपहिया वाहनों का पंजीकरण सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 13,75,889 इकाई हो गया। मानसून में देरी और चुनाव से संबंधित बाजार मंदी ने विशेष रूप से ग्रामीण बिक्री को प्रभावित किया, जो मई में 59.8 प्रतिशत से गिरकर जून में 58.6 प्रतिशत पर आ गई। वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री पिछले महीने पांच प्रतिशत घटकर 72,747 इकाई रह गई, जो जून 2023 में 76,364 इकाई थी। जून में ट्रैक्टर की बिक्री सालाना आधार पर 28 प्रतिशत घटकर 71,029 इकाई हो गई। तिपहिया वाहनों का पंजीकरण जून में पांच प्रतिशत बढ़कर 94,321 इकाई हो गया, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 89,743 इकाई था। कुल खुदरा बिक्री जून में सालाना आधार पर मामूली बढ़कर 18,95,552 इकाई हो गई।

# मांग में कमी की वजह से जोमेटो ने बंद किया एक्सट्रीमी ऐप

**नई दिल्ली।**

जोमेटो ने मांग कम आने की वजह से अपना हाइपरलोकल डिलीवरी ऐप एक्सट्रीमी बंद कर दिया है। अच्छी शुरुआत के बावजूद एक्सट्रीमी उतना लोकप्रिय नहीं हो सका। इसलिए जोमेटो ने इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर से हटा दिया है। जोमेटो ने आधिकारिक रूप से इस बारे में कुछ नहीं कहा है, लेकिन कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि एक्सट्रीमी एक प्रयोग था। कई रेस्टोरेंट सीधे डिलीवरी पर भी जोमेटो जैसी ही बेहतरीन सेवा देना चाहते थे। इसी सोच के साथ एक्सट्रीमी को शुरू किया गया था। लेकिन यह हमेशा से एक प्रयोग था और इसके सफल या असफल होने का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता था। जब जोमेटो हाइपरलोकल डिलीवरी मार्केट में कूदने की कोशिश कर रहा था, उस वक्त उसके प्रतिद्वंदियों को भी कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। रिलायंस रिटेल समर्थित दुनजो को अपने कामकाज को सुचारू रूप से चलाने में दिक्कतें आ रही थीं। इसी मौके का फायदा उठाकर सॉफ्टबैंक समर्थित ओला ने बेंगलुरु में अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटरों की मदद से ओला पार्सल सर्विस शुरू कर दी।




जोमेटो ने अपनी इंटरसिटी फूड डिलीवरी सर्विस लीजेंड को फिर से शुरू कर दिया है। ये अब तक की तीसरी कोशिश है। लीजेंड के ज़रिए आप चुनिंदा शहरों के फेमस रेस्टोरेंट्स से खाना सीधे अपने घर मंगा सकते हैं। पहले के लीजेंड से ये नया वर्जन अलग है। पहले पैकड खाना स्टोर करके रखा जाता था, फिर उसे डिलिवरी किया जाता था। अब खाना सीधे रेस्टोरेंट से ही भेजा जाएगा। हालांकि, अब कम से कम 5,000 का ऑर्डर देना ज़रूरी होगा।

# एफएसएसएआई ने 111 मसाला उत्पादकों पर लगाया प्रतिबंध

### - एमडीएच और एवेरेस्ट को हरी झंडी, 4000 सैंपल की चल रही जांच

**नई दिल्ली।**

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने सुरक्षा जांच के लिए विभिन्न शहरों में मसालों के नमूने एकत्र करना शुरू किया। हाल ही में आई रिपोर्ट के अनुसार पिछले महीने 111 मसाला उत्पादकों के लाइसेंस रद्द किये गए हैं और उन्हें तुरंत उत्पादन बंद करने का निर्देश दिया गया है। खबरों के मुताबिक एफएसएसएआई देश भर में मसालों के 4,000 से ज्यादा सैंपल का परीक्षण कर रहा है और संभावना है कि कुछ और कंपनियों के उत्पादों में मिलावट सामने आ सकती है. इन सैंपल में एवरेस्ट, एमडीएच, कैच और बादशाह जैसे प्रसिद्ध ब्रांडों के उत्पाद शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार नियामक संस्था ने 2,200 नमूनों का परीक्षण किया, जिनमें से 111 मसाला उत्पाद बुनियादी मानकों को पास नहीं कर पाए। ऐसे मसाला निर्माताओं का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है और उत्पादन बंद कर दिया गया है। यह भी बताया गया है कि एफएसएसएआई के तहत परीक्षण केंद्रों की संख्या कम है और इसलिए उन कंपनियों की सूची तैयार करने में समय लग रहा है जिनके लाइसेंस रद्द करने की आवश्यकता है। अधिकारियों के अनुसार रद्द किए गए लाइसेंसों में से अधिकांश केरल और तमिलनाडु के छोटे मसाला निर्माताओं के हैं, साथ ही गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश ब्रांड भी जांच के दायरे में हैं। इन 111 कंपनियों में से अधिकांश छोटी हैं और उनसे संपर्क नहीं किया जा सका क्योंकि उनके पास आधिकारिक वेबसाइट, संपर्क नंबर या ईमेल आईडी नहीं हैं। मई के महीने में एफएसएसएआई ने एमडीएच और एवरेस्ट के सैंपल की जांच की और उसमें एथिलीन ऑक्साइड नहीं पाया गया। जांच में एवरेस्ट और एमडीएच मसालों के 34 सैंपल शामिल थे, जिनमें से 9 महाराष्ट्र और गुजरात में एवरेस्ट की सुविधाओं से और 25 दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान में एमडीएच की सुविधाओं से लिए गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक परीक्षणों में नमी की मात्रा, इंसेट और रोडेंट कंटैमिनेशन, हैवी मेटल, एफ्लाटॉक्सिन और कीटनाशक अवशेष सहित कई पैरामीटर भी शामिल थे।

# माइक्रोसॉफ्ट ने की छंटनी, कर्मचारियों की संख्या का नहीं किया खुलासा

### - अब तक कंपनी ने लगभग 100,000 कर्मचारियों को निकाला

**वाशिंगटन।**




टेक दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट ने इस सप्ताह एक और छंटनी की पुष्टि की है। एक रिपोर्ट के अनुसार ये छंटनी कंपनी के विभिन्न टीमों और स्थानों को प्रभावित करेगी। हालांकि, माइक्रोसॉफ्ट ने इस ताजा छंटनी में प्रभावित कर्मचारियों की संख्या का खुलासा नहीं किया है। रिपोर्ट में लिंक्डइन पर सोशल मीडिया पोस्ट का हवाला दिया गया है, जिसमें संकेत मिलता है कि छंटनी का असर प्रोडक्ट और प्रोग्राम मैनेजमेंट विभागों पर पड़ा है। माइक्रोसॉफ्ट के प्रवक्ता ने छंटनी की पुष्टि की। प्रवक्ता ने कहा कि हमारे व्यवसाय को चलाने के लिए संगठन और कार्यबल में बदलाव जरूरी होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम अपने भविष्य के लिए और ग्राहकों एवं पार्टनर्स के समर्थन के लिए महत्वपूर्ण वृद्धि क्षेत्रों में निवेश करना जारी रखेंगे। माइक्रोसॉफ्ट ने अपना वित्तीय वर्ष 30 जून को समाप्त किया और इस दौरान पुनर्गठन प्रयास टेक दिग्गज के लिए असामान्य नहीं हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने 2023 में भी ऐसा ही किया था। ताज़ा छंटनी 2024 में पहले हुई कटौती के बाद हुई है। साल की शुरुआत में माइक्रोसॉफ्ट ने अपने गेमिंग डिवीजन में लगभग 2,000 नौकरियों में कटौती की थी। पिछले महीने, एक और छंटनी दौर में एज़ुरे क्लाउड यूनिट और होलोलेंस मिक्स्ड-रियलिटी टीम सहित लगभग 1,000 पदों पर असर पड़ा था। पिछले 18 महीनों में माइक्रोसॉफ्ट ने हजारों कर्मचारियों को निकाला है। ये छंटनी टेक इंडस्ट्री में चल रही व्यापक प्रवृत्ति का हिस्सा रही हैं। बताया जाता है कि अब तक लगभग 100,000 कर्मचारियों को टेक कंपनियों ने निकाला है। 2023 में टेक कंपनियों द्वारा निकाले गए कर्मचारियों की संख्या लगभग 260,000 थी।

# जियो ने बंद किए गए सारे पुराने प्रीपेड प्लान

**मुंबई।**

दूरसंचार कंपेनियों ने अपने मोबाइल टैरिफ को 11 प्रतिशत से लेकर 25 प्रतिशत तक बढ़ा दिए हैं। वहीं अब जियो ने अपने सारे पुराने प्रीमेड प्लान बंद कर दिए हैं। जिससे अब जियो के 10 से ज्यादा प्लान्स नहीं मिलेंगे। बताया गया कि जियो ने अपने रिचार्ज पोर्टफोलियो को पूरी तरह से अपडेट कर दिया है। कंपनी ने सारे प्लान्स की कीमतों में इजाफा किया है। साथ ही ब्रांड ने बहुत से प्लान्स को अपनी लिस्ट से गायब कर दिया है। जियो के रिचार्ज लिस्ट में ऐसे 10 से ज्यादा प्लान्स हैं, जो अब नहीं मिल रहे हैं। यानी जियो ने कई ओटीटी प्रीपेड प्लान के साथ-साथ डेटा वाउचर भी हटा दिए हैं। इन प्लान्स की कीमतों में बढ़ोतरी भी नहीं हुई, इन्हें बस हटा दिया गया और इनके वापस आने की भी कोई गारंटी नहीं है। बता दें कि जियो ने 3662 रुपये, 3226 रुपये, 3225 रुपये के प्लान को रिमूव किया है। इन तीनों ही प्लान्स 365 दिनों की वैलिडिटी के साथ आते थे। इन प्लान्स में डेली 2.5 जीबी डेटा और 2 जीबी डेटा क्रमशः मिलता था। इनमें सोनी लिव और दूसरे ओटीटी प्लेटफॉर्म का एक्सेस मिलता था। इसके अलावा कंपनी ने 2999 रुपये के प्लान की कीमत बढ़ाकर 3599 रुपये कर दी है। जियो ने 84 दिनों की वैलिडिटी वाला 909 रुपये का प्लान हटा दिया है। इनके अतिरिक्त 806 रुपये और 805 रुपये के दो प्लान्स को हटा दिया है, जो डेली 2जीबी डेटा और 84 दिनों की वैलिडिटी के साथ आते थे। साथ ही कंपनी ने 3178 रुपये, 4498 रुपये और 3227 रुपये के प्लान्स को हटा दिया है, जो 365 दिनों की वैलिडिटी के साथ आते थे।




## रुपया 5 पैसे बढ़कर 83.45 डॉलर पर

**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में पांच पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.45 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी मुद्रा के अपने उच्च स्तर से नीचे आने और विदेशी पूंजी प्रवाह से स्थानीय मुद्रा को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.48 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद 83.45 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से पांच पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.50 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 105 पर रहा।





## भारत आएंगे फॉक्सकॉन के चेयरमैन यंग लियू

**नई दिल्ली।** ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक कंपनी फॉक्सकॉन के चेयरमैन यंग लियू इस साल भारत का दौरान करने की योजना बना रहे हैं। लियू को चार जुलाई को ताइपे में पद्म भूषण पुरस्कार दिया गया। भारत ताइपे एसोसिएशन के महानिदेशक मनहरसिंह यादव ने उन्हें यह पुरस्कार दिया। इस वर्ष 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर उन्हें तीसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण से सम्मानित करने की घोषणा की गई थी। लियू ने बयान में कहा कि मैं यह पुरस्कार पाकर अभिभूत हूं। मैं कहना चाहता हूं कि मुझे उन सभी महिलाओं तथा पुरुषों की ओर से यह पुरस्कार स्वीकार करते हुए बेहद गर्व हो रहा है जो भारत में स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ाने में अपना योगदान दे रहे हैं। मैं इस वर्ष भारत में राष्ट्रपति से मिलने को उत्साहित हूं। वह पिछले साल जुलाई में सेमीकॉन इंडिया कॉन्क्लेव में हिस्सा लेने के लिए भारत आए थे। उस समय उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की थी। भारत में फॉक्सकॉन का कुल निवेश नौ से 10 अरब अमेरिकी डॉलर के आसपास होने का अनुमान है। कंपनी अपनी आईफोन उत्पादन सुविधा का विस्तार करने की प्रक्रिया में है। एचसीएल समूह के साथ संयुक्त उद्यम में एक चिप संयंत्र भी स्थापित कर रही है।

## कुमार मंगलम बिड़ला खरीद सकते हैं ओरिएंट सीमेंट का कारोबार

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी सीमेंट निर्माता कंपनी अल्ट्राटेक के मालिक कुमार मंगलम बिड़ला अब आरिएंट सीमेंट को खरीदने की योजना बना रहे हैं। कहा जा रहा है कि कुमार मंगलम बिड़ला ओरिएंट सीमेंट को खरीदने के लिए कंपनी के प्रमोटर सीके बिड़ला के साथ अंतिम दौर की बातचीत कर रहे हैं। पिछले साल ओरिएंट सीमेंट को खरीदने के लिए इन दोनों कंपनियों के बीच चर्चा हुई थी, लेकिन तब यह सौदा सिरे नहीं चढ़ा था। गौरतलब है कि अडानी समूह के मालिक गौतम अडानी ने भी भारतीय सीमेंट बाजार में अपना दबदबा बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। पिछले साल अडानी ग्रुप ने अंबुजा और एसीसी सीमेंट को खरीदा था। इसके बाद अंबुजा सीमेंट ने गुजरात की सीमेंट कंपनी सांघी इंडस्ट्रीज में 54 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी थी। फिलहाल भारतीय बाजार में कुमार मंगलम बिड़ला की अल्ट्राटेक सबसे बड़ी कंपनी है। इसकी कुल उत्पादन क्षमता 152.7 एमपीटीए है। अडानी ग्रुप के भारतीय सीमेंट बाजार में उतरने के बाद से कुमार मंगलम बिड़ला ने भी कमर कस ली है और अडानी से दो-दो हाथ करने को तैयार है। इस साल की शुरुआत में अल्ट्राटेक ने 7,600 करोड़ में केसोराम के सीमेंट कारोबार का अधिग्रहण किया था। यही नहीं 27 जून को अल्ट्राटेक सीमेंट के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने इंडिया सीमेंट्स में 23 फीसदी की इक्विटी हिस्सेदारी के अधिग्रहण की मंजूरी दी थी। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में इसके बारे में जानकारी दी थी।

## आरबीआई ने रद्द किया बनारस मर्केंटाइल सहकारी बैंक का लाइसेंस

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बनारस मर्केंटाइल सहकारी बैंक, वाराणसी का लाइसेंस रद्द कर दिया है। उत्तर प्रदेश के सहकारिता आयुक्त और सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार से भी बैंक को बंद करने और एक लिक्विडेटर नियुक्त करने का आदेश जारी करने का अनुरोध किया गया है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि बैंक द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, 99.98 प्रतिशत जमाकर्ता जमा बीमा और ऋण गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) से अपनी पूरी जमा राशि प्राप्त करने के हकदार हैं। परिसमापन पर प्रत्येक जमाकर्ता डीआईसीजीसी से अपनी जमाराशि पर पांच लाख रुपये तक की जमा बीमा दावा राशि प्राप्त करने का हकदार होगा। आरबीआई ने कहा कि सहकारी बैंक के पास पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावनाएं नहीं हैं तथा इसका जारी रहना इसके जमाकर्ताओं के हितों में नहीं है। रिजर्व बैंक ने कहा कि अपनी वर्तमान वित्तीय स्थिति के कारण बैंक अपने जमाकर्ताओं को पूर्ण भुगतान करने में असमर्थ होगा।

## कल्याण ज्वैलर्स का राजस्व 27 प्रतिशत बढ़ा, विस्तार की योजना

**नई दिल्ली।** कल्याण ज्वैलर्स का वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में राजस्व सालाना आधार पर 27 फीसदी बढ़ गया है। भारतीय और पश्चिम एशिया बाजारों में मजबूत प्रदर्शन इसकी मुख्य वजह रही। कंपनी का वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में राजस्व 4,376 करोड़ रुपये था। कल्याण ज्वैलर्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत में उसके परिचालन में 29 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि देखी गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में बिक्री में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। पश्चिम एशिया परिचालन से राजस्व में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसने एकीकृत राजस्व में 15 प्रतिशत का योगदान दिया। कंपनी के अनुसार इस साल अप्रैल-जून की अवधि में भारत में 13 नए फ्रेंचाइजी-स्वामित्व-कंपनी-संचालित (एफओसीओ) शोरूम खोले गए, जबकि डिजिटल मंच कैनडेयर ने 13 प्रतिशत राजस्व वृद्धि दर्ज की। कंपनी ने कहा कि वह अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के बाद अपने कैनडेयर कारोबार को पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी में बदलने की योजना बना रही है। कल्याण ज्वैलर्स का लक्ष्य वित्त वर्ष 2024-25 में 130 से अधिक नए शोरूम शुरू करना है, जिसमें भारत में कल्याण के करीब 40 शोरूम, कैनडेयर के करीब 30 शोरूम और दिवाली तक अमेरिका में पहला शोरूम खोलना शामिल है।




# शेयर बाजार हल्की गिरावट के साथ बंद

**मुम्बई।**

घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिलेजुले संकेतों के साथ ही दिग्गज कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हॉवी रहने से आयी है। इसी के साथ ही बाजार में पिछले दिनों से जारी तेजी पर अंकुश लग गया। आज एचडीएफसी बैंक, टाइटन, टाटा स्टील और एमएंडएम के शेयरों में बिकवाली के कारण बाजार गिरावट पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई मानक सूचकांक सेंसेक्स 53.07 अंक करीब 0.07 फीसदी नीचे आकर 79,996.60 अंक पर बंद हुआ।

वहीं दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज निफ्टी में भी 21.70 अंक तकरीबन 0.09 फीसदी की हल्की बढ़त रही और अंत में ये 24,323.85 अंक पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 शेयर लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। रिलायंस, एसबीआई, एनटीपीसी, एचयूएल और एलएंडटी सेंसेक्स के सबसे अधिक लाभ वाले पांच शेयर रहे। इसके अलावा, नेस्ले इंडिया, पावर ग्रिड, आईटीसी, जेएसडब्लयू स्टील, सन फार्मा, कोटक बैंक, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, एक्सिस, मारुति, टेक महिंद्रा और आईसीसी बैंक के शेयरों में भी बढ़त रही।




वहीं दूसरी ओर 13 शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये हैं। इसमें एचडीएफसी बैंक, टाइटन, टाटा स्टील, एमएंडएम और इंडसइंड बैंक जैसे शेयर रहे जबकि अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा मोटर्स, एचसीएल टेक, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, टीसीएस, अदाणी पोर्ट्स और इंफोसिस के शेयर नीचे आये।

विदेशी संस्थागत निवेशकों ने गत दिवस 25.67 अरब डॉलर के शेयर खरीदे और घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 23.75 अरब डॉलर के शेयर बेचे। वहीं गत कारोबारी दिवस बेंचमार्क सेंसेक्स पहली बार 80 हजार के लेवल के पार बंद हुआ था।

इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। बीएसई सेंसेक्स 461 अंक फिसलकर 79,587 अंक पर आ गया, जबकि निफ्टी50 सूचकांक 0.27 प्रतिशत गिरकर 24,236 अंक पर पहुंच गया!

वहीं एशिया-प्रशांत बाजारों में ज्यादातर सकारात्मक रुझान नजर आया। जापान के प्रमुख सूचकांक निक्केई 225 ने शुरुआती कारोबार में 0.24 फीसदी की बढ़त के रखी। व्यापक टॉपिक्स इंडेक्स में मामूली 0.07 फीसदी की गिरावट आई। अमेरिका में 4 जुलाई को स्वतंत्रता दिवस के कारण बाजार बंद थे।

# बारिश के मौसम में कार कंपनियां दे रहीं तरह-तरह के ऑफर

### - छूट, एक्सचेंज बोनस और फ्री गिफ्ट भी शामिल

**नई दिल्ली।**

बारिश का मौसम शुरू होते ही गाड़ियों की बिक्री बढ़ाने के लिए कार कंपनियां और डीलर्स तरह-तरह के ऑफर दे रही हैं, जिनमें छूट, एक्सचेंज बोनस और फ्री गिफ्ट शामिल हैं। आमतौर पर मानसून के दौरान शुभ दिन कम होते हैं और मौसम भी खराब रहता है, जिसकी वजह से गाड़ियों की बिक्री कम हो जाती है। इसीलिए कंपनियां बिक्री बढ़ाने के लिए ग्राहकों को लुभाने वाले ऑफर देती हैं।इस बार मानसून आने से पहले देशभर के शोरूम पर अलग-अलग गाड़ियों पर 20,000 रुपए से लेकर 4 लाख रुपए तक की छूट दी जा रही है। ये छूट पिछले साल के मानसून के मुकाबले ज्यादा हैं, क्योंकि कंपनियों के पास पहले से ज्यादा गाड़ियां स्टॉक में हैं और गर्मी की वजह से लोग कम शोरूम जा रहे हैं। फाडा के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि इस साल पिछले साल के मुकाबले ज्यादा छूट मिल रही है क्योंकि कंपनियों के पास ज्यादा गाड़ियां जमा हो गई हैं। यानी कि गाड़ियां बनाने वाली कंपनियां ही नहीं बल्कि डीलर्स भी अपना स्टॉक खत्म करने के लिए ऑफर दे रहे हैं। पिछले साल गाड़ियों की कमी थी और लोगों को गाड़ी लेने के लिए इंतजार करना पड़ता था, लेकिन अब ज्यादातर मॉडल और वेरिएंट आसानी से मिल रहे हैं। इस वजह से ग्राहकों को काफी ज्यादा डिस्काउंट मिल रहा है। मारुति सुजुकी की गाड़ियों पर भी अच्छी छूट मिल रही है, जैसे अल्टो के 10 पर 40,000 रुपए, एस-प्रेसो और वेगनआर पर 25,000 से 30,000 रुपए तक और स्वीफ्ट पर 15,000 से 20,000 रुपए तक की छूट मिल रही है। होंडा ने भी होंडा मैजिकल मानसून नाम से एक खास ऑफर शुरू किया है, जिसमें उनकी सभी गाड़ियों पर फायदे और फ्री गिफ्ट दिए जा रहे हैं। जुलाई 2024 में गाड़ी खरीदने वाले ग्राहकों को स्विट्जरलैंड घूमने का मौका या 75,000 रुपए तक के इनाम मिल सकते हैं।



टेस्ट ड्राइव करने पर भी सरप्राइज गिफ्ट मिल रहे हैं। ये ऑफर 1 जुलाई से 31 जुलाई तक मान्य हैं। टाटा की भी कई गाड़ियों पर 15,000 रुपये से लेकर 65,000 रुपए तक की छूट है। वहीं हुंडई के वाहनों पर भी डिस्काउंट मिल रहे हैं।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र का कर्ज वितरण अप्रैल-जून में 19 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में कर्ज वितरण 19 फीसदी बढ़कर 2.09 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी है। 30 जून, 2023 के अंत तक बकाया ऋण 1.75 लाख करोड़ रुपए था। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने बताया कि उसकी कुल जमा सालाना आधार पर 9.44 प्रतिशत बढ़कर 2.67 लाख करोड़ रुपए हो गई है। यह पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में 2.44 लाख करोड़ रुपए थी। समीक्षाधीन तिमाही में बैंक की कुल जमा में चालू खाते और बचत खाते (कासा) का हिस्सा घटकर 49.86 प्रतिशत रह गया है। यह पिछले साल समान अवधि में 50.97 प्रतिशत था। बैंक का 30 जून 2024 के अंत तक ऋण जमा अनुपात बढ़कर 78.18 प्रतिशत हो गया, जबकि एक वर्ष पहले इसी अवधि में यह 71.89 प्रतिशत था।



# बैलगाड़ी से पत्नी को लेने गए थे ससुराल

# 78वीं जयंती पर जानिए कुछ दिलचस्प किस्से



**पटना।** दलितों के नायक...भारत की सियासत के मौसम वैज्ञानिक, समाजवादी नेता रहे रामविलास पासवान के नाम के पहले कुछ ऐसे ही उपनाम लगाए जाते हैं। बिहार के खगड़िया जिले के छोटे से गांव शहबन्नी से लुटियंस (दिल्ली) के बनाए 12 जनपथ तक के सफर में इस बेटे ने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। बिहार पुलिस में डीएसपी बनने का सपना लिए गांव से शहर आए रामविलास पासवान ने कांग्रेस के एक नेता के व्यंग्य से चुनाव लड़ने की ठानी। जिद ऐसी कि सबसे ज्यादा वोट से जीतने का वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया। जिस रामविलास के पास कभी पहनने के लिए दो जोड़ी कपड़े नहीं थे, चंदे के पैसे से चुनाव लड़ा। उस रामविलास ने देश में टेलीकॉम क्रांति लाई, हाजीपुर शहर की तस्वीर बदल दी। सियासत को इस तरह सूंघा कि हर सरकार में मंत्री बनते गए। 6 प्रधानमंत्रियों के साथ काम करने की उपलब्धि हासिल की।पासवान के पॉलिटिक्स में एंट्री की कहानी बताते हुए प्रदीप श्रीवास्तव लिखते हैं कि रामविलास पासवान का चयन डीएसपी के पद पर हो चुका था। वे जॉइनिंग से पहले अपने दोस्तों के साथ मस्ती में व्यस्त थे। तभी खगड़िया जाने वाली एक ट्रेन में अचानक उन्होंने अपने नाम का व्यंग्य होते सुना। ऐसा करने वाले कांग्रेस नेता मिश्री सदा और उनके साथी थे। मिश्री सदा 1957 से लगातार कई वर्षों से अलौली विधानसभा से जीतते आ रहे थे। ट्रेन में मिश्री सदा के समर्थक उन्हें बता रहे थे कि इस बार संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी अलौली से किसी पासवान नाम के लड़के को टिकट दे रहा है, जो अभी डीएसपी बना है। कल का लौंडा आपको चुनौती देगा। तब मिश्री सदा ने जवाब दिया था कि चलो पिछली बार 40 हजार से जीते थे। इस बार 80 हजार से जीत जाएंगे। मिश्री सदा की यही बात रामविलास पासवान को खल गई। उन्होंने ठान लिया कि अब वे चुनाव लड़ कर ही मानेंगे। ट्रेन से उतर कर वे सीधा संसोपा के नेता से मिलने चल दिए। उनकी मुलाकात संसोपा के लक्ष्मीनारायण आर्य से हुई। रामविलास ने उनके सामने अपनी दुविधा रखी। लक्ष्मीनारायण ने जवाब देने की जगह पासवान से सवाल किया, 'तुम गवर्नमेंट बनना चाहते हो या सर्वेंट?' इस एक सवाल से पासवान के मन की सारी दुविधा खत्म हो गई। तभी तय किया राजनीति में आना है। उनके इस फैसले के बाद सबसे बड़ी चिंता उनके पिता को हुई । उन्हें डर सता रहा था कि उनके डीएसपी बेटे का पूरा करियर समाप्त हो जाएगा। बिहार में मध्यावधि चुनाव की तैयारी चल रही थी।

## प्रेमी-प्रेमिका ने जहर खाकर की खुदकुशी




**पटना।** फतुहा में प्रेमी और प्रेमिका ने जहर खाकर खुदकुशी कर ली। फतुहा स्टेशन और बुद्धदेवचक हाल्ट के बीच पोल संख्या 520/16 के पास रेलवे लाइन के किनारे दोनों बेहोशी की हालत में दिखे। इसके बाद लोगों ने सीएचसी फतुहा में भर्ती कराया। दोनों को पटना रेफर कर दिया गया। वहीं, रास्ते में ही प्रेमी ने दम तोड़ दिया। जबकि, इलाज के दौरान प्रेमिका की मौत हो गई। गुरुवार की रात ग्रामीणों ने डायल 112 की पुलिस को कॉल कर जानकारी दी थी। लोकल थाने की पुलिस के साथ आरपीएफ भी मौके पर पहुंची। दोनों को पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर फतुहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालांकि, गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया था। युवक नीरज कुमार (19) नालंदा जिले के खरजम्मा गांव का रहने वाला है। जबकि, लड़की भी उसी गांव की ब्यूटी कुमारी (18) है। हालांकि, दोनों ने जहर क्यों खाया। इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। वहीं, इस मामले में फतुहा डीएसपी 1 निखिल कुमार ने बताया कि गुरुवार की रात्रि 9:00 बजे एक प्रेमी युगल के जहर खाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। ये प्रेमी युगल थाना थरथरी जिला नालंदा के रहने वाले थे। इन्होंने रेलवे लाइन पर लेट के जहर खा लिया। घटनास्थल पर पहुंचकर रेलवे लाइन से इन दोनों प्रेमी युगल को बेहतर इलाज के लिए फतुहा सीएचसी लाया गया।

## मोतिहारी में लेखापाल को बाइक सवार अपराधियों ने मारा चाकू



**मोतिहारी।** के कल्याणपुर थाना क्षेत्र में बेखौफ अपराधी ने बीआरसी के लेखापाल को चाकू मारकर बाइक और मोबाइल लूट कर फरार हो गया। घायल लेखापाल को इलाज के लिए सदर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर चकिया SDPO सतेंद्र सिंह पहुंच कर मामले की जांच कर रहे हैं। घटना कल्याणपुर थाना क्षेत्र के सेमरा बाजार के आगे पेट्रोल पंप के निकट रोहुआरा पुल के पास की है। घायल युवक की पहचान छतौनी थाना क्षेत्र के छोटा बरियापुर के उमेश कुमार शर्मा के बेटे रितेश कुमार शर्मा(30) के रूप में हुई है।घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि कल्याणपुर बीआरसी के लेखापाल को रितेश कुमार शर्मा घायल लेखापाल बीआरसी से काम निपटाकर अपने घर मोतिहारी जा रहा था। इसी बीच घात लगाए 3 अपराधियों ने वारदात को अंजाम दे दिया। उनके दाहिने साइड पाजर में चाकू मार कर मोटरसाइकिल और मोबाइल छीन कर पिपरा कोठी की तरफ फरार हो गए।चाकू मार कर लेखपाल से बाइक और मोबाइल लूट कर अपराधी वहां से फरार हो गया। इसके बाद ग्रामीण वहां पहुंच कर घायल को इलाज के लिए हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां इलाज के बाद घायल को रेफर कर दिया। इसका मोतिहारी सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। सीसीटीवी को खंगालने में जुटे हैं। चकिया SDPO सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

## जहानाबाद में आकाशीय बिजली से 3 की मौत बक्सर में स्टेट हाई-वे धंसा 8 जिलों में बारिश



**पटना।** , नालंदा, जहानाबाद, बेतिया, बेगूसराय, अररिया और मुजफ्फरपुर में आज तेज बारिश हुई है। राजधानी में बारिश की वजह से कई इलाकों में पानी भर गया है। नगर निगम निचले इलाकों से पानी हटाने में जुटा है। जहानाबाद में लगातार बारिश से ठल्ल-83 झील में तब्दील हो चुका है। लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। जहानाबाद में आज आकाशीय बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई। बक्सर में तेज बारिश से स्टेट हाई-वे धंस गया है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 36 जिलों में बारिश को लेकर अलर्ट है। मुजफ्फरपुर, सीवान, सीतामढ़ी, पूर्णिया, कटिहार, अररिया, किशनगंज में भारी बारिश हो सकती है। वहीं पटना, नालंदा, जहानाबाद, गया, नवादा, लखीसराय, शेखपुरा, बेगूसराय, औरंगाबाद, अरवल, रोहतास, कैमूर, भोजपुर, बक्सर में ऑरेंज अलर्ट है। इसके अलावा गोपालगंज, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, शिवहर, खगड़िया, भागलपुर, मुंगेर, बांका और जमुई में बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। पटना समेत कई जिलों में 6 जुलाई तक बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार समुद्र तल से 1.5 किलोमीटर ऊपर एक रेखा उत्तर-पूर्व राजस्थान से बिहार, उत्तर प्रदेश होते हुए गुजर रही है। इसके प्रभाव से अगले 48 घंटे के दौरान प्रदेश के उत्तरी भागों में भारी बारिश हो सकती है। असर बिहार की नदियों में दिखने लगा है। बिहार की पांच नदियां लाल निशान के ऊपर बह रही हैं।

## सीसीटीवी इंस्टॉलेशन प्रोजेक्ट के सुपरवाइजर की बिगड़ी थी तबीयत अस्पताल पहुंचे ही तोड़ा दम



**नालंदा।** में यूपी के एक व्यक्ति की संदिग्ध स्थिति में गुरुवार की देर शाम मौत हो गई। मामला वेना थाना क्षेत्र अंतर्गत निमार्णाधीन टोल प्लाजा के समीप की है। मृतक यूपी के मुजफ्फरनगर निवासी अशोक कुमार के (40) वर्षीय पुत्र राहुल कुमार हैं। राहुल पावापुरी मोड़ के पास रह रहा था। सहकर्मी राजू ने बताया कि भागन बीघा के समीप निमार्णाधीन टोल प्लाजा के पास सीसीटीवी इंस्टॉलेशन का काम चल रहा है। इसी प्रोजेक्ट में राहुल कुमार सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थे। अचानक शाम में उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्होंने फोन कर बताया कि उनकी बीपी लो हो गई है। जाने वक्त साथ लेकर चलिएगा। अचानक पता चला कि उन्हें ऑटो पर बैठाकर अस्पताल ले जाया गया। पर ज्यादा तबीयत बिगड़ने पर ऑटो वाले ने उसे रास्ते में उतार दिया। जब वे अस्पताल पहुंचे तो उनकी मौत हो गई। वेना थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि अधेड़ निमार्णाधीन टोल टैक्स में सीसीटीवी इंस्टॉलेशन का काम कर रहे थे। अचानक उनकी बीपी लो हो गई। इसके बाद सहकर्मी ने ऑटो पर बैठाकर अस्पताल भेज दिया। जब राहुल की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई तो घबराकर ऑटो वाले ने पैठना स्थित डेंटल कॉलेज के गेट के समीप उतार दिया। मामले की जानकारी डेंटल कॉलेज के गार्ड ने पुलिस को दी। फिर बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## औरंगाबाद में पत्नी की हथेली काटने वाला पति गिरफ्तार



**औरंगाबाद।** के देव थाना क्षेत्र के जंगी मोहल्ला में पत्नी की हथेली काटने वाले पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना 3 जुलाई की देर रात की है। इस मामले में सदर डीएसपी 2 अमित कुमार ने बताया कि सुनील ने गुरुवार को अपनी पत्नी का हथेली काटकर अलग कर दिया था। पुलिस ने देव थाना मोड़ के समीप से आरोपी को गिरफ्तार किया है। सुनील वहां से दूसरे शहर में भागने की फिराक में था। इस मामले में देव थाने में कांड संख्या 146/ 24 दर्ज की गई थी। घटना की सूचना के बाद प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई थी। FSL की टीम घटनास्थल का निरीक्षण किया था। वहीं एसपी के निर्देश पर अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए एक SIT टीम का गठन किया गया था। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त के निशानदेही पर उसके घर से दो बंदूक और घटना में प्रयुक्त तलवार सहित 8 जिंदा कारतूस बरामद किया है। कुमार, PSI नीतीश कुमार, PTC अर्जुन कुमार, सिपाही लालू कुमार, लालमुनी कुमारी, तुलसी दास, उपेंद्र कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। वहीं सुनील के घर से अवैध हथियार की बरामदगी को लेकर एक और मामला दर्ज किया गया है।

## संक्षिप्त डायरी

### सत्ता से लेकर विपक्ष तक का 27 साल का सफर मोदी-नीतीश मिलकर दे रहे चुनौती



**पटना।** 5 जुलाई 1997 को देश की सियासत में एक नई राजनीतिक पार्टी का गठन हुआ। इस पार्टी के संस्थापक थे, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और पार्टी का नाम था 'राष्ट्रीय जनता दल' यानी आरजेडी। आरजेडी के गठन में चारा घोटाला मामले की अहम भूमिका मानी जाती है। चारा घोटाला में फंसने के बाद ही लालू ने जनता दल से अलग होकर नई पार्टी बनाई थी। मुस्लिम-यादव (MY) समीकरण के सहारे आरजेडी ने करीब एक दशक तक बिहार में राज किया। आज मजबूत विपक्ष के रूप में मौजूद है। आरजेडी आज अपना 27वां स्थापना दिवस मना रही है। इस बार का स्थापना दिवस इसलिए भी खास है, क्योंकि सामने विधानसभा चुनाव है और नरेंद्र मोदी- नीतीश कुमार एक साथ हैं। आरजेडी का गठन 5 जुलाई 1997 को हुआ था। उस वक्त लालू प्रसाद यादव तत्कालीन जनता दल के अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री थे। नब्बे के दशक की शुरूआत से शुरू हुई चारा घोटाले के जांच की आंच लालू तक पहुंच चुकी थी। सीबीआई ने जांच के बाद लालू यादव के खिलाफ चार्जशीट तैयार कर ली थी। घोटाले के बड़े आरोप के बीच जनता दल का एक धड़ा लालू पर पार्टी के अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने का दबाव बना रहा था। लालू ने मौके की नजाकत को समझा और आनन-फानन में अपने विश्वासपात्रों की बैठक बुलाई। इस बैठक में लालू का समर्थन करने वाले 17 लोकसभा और 8 राज्यसभा सदस्य शामिल हुए। बैठक में तय हुआ कि जनता दल का दामन छोड़कर अब नई पार्टी का गठन किया जाए। सहयोगियों का समर्थन मिला तो लालू भी तैयार हो गए। राष्ट्रीय जनता दल के गठन का ऐलान किया गया और लालू को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। लालू की इस पार्टी को लालटेन चुनाव चिह्न मिला. जिस पर लालू यादव ने दावा किया कि ये लालटेन ही गरीब की कुटिया में रोशनी लाएगी और समाजवाद का नारा बुलंद करेगा। पार्टी के गठन के समय लालू प्रसाद यादव, रघुवंश प्रसाद सिंह, कांति सिंह सहित 17 लोकसभा सांसद और 8 राज्यसभा सांसदों की मौजूदगी में काफी संख्या में समर्थकों का जुटान हुआ था। पार्टी के स्थापना काल से ही लालू प्रसाद यादव ही इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। पार्टी गठन के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए लालू प्रसाद ने कहा था कि 'हमारी पार्टी ओरिजिनल पार्टी होगी।' नई पार्टी बनाने के कुछ ही दिन बाद लालू प्रसाद ने नई राजनीतिक चाल चलते हुए 24 जुलाई, 1997 को अपनी पत्नी राबड़ी देवी को बिहार का मुख्यमंत्री बना दिया। लालू प्रसाद ने एक साथ दो काम किए। अपनी अलग पार्टी बना ली और अपनी सत्ता भी बचा ली। लालू प्रसाद ने साल 1997 से साल 2005 तक अपनी पार्टी को बिहार की सत्ता में रखा। बीच में 7 दिनों के लिए नीतीश कुमार सत्ता में आए। 2015 से 2017 और 2022 से लेकर 28 फरवरी 2024 तक नीतीश के साथ रहे। अपने बेटों के बारे में लालू प्रसाद साफगोई से कह चुके हैं कि 'मेरे बेटे लालटेन ही उठाएंगे, नीतीश अपने बेटे का बारे में सोचें।' तेजस्वी यादव को लालू प्रसाद ने डिप्टी सीएम बनवाया और तेजप्रताप यादव को मंत्री। आरजेडी से तीसरी बार बड़ी बेटी मीसा भारती को पाटलिपुत्र लोकसभा सीट से टिकट दिया और वह दो बार हारने के बाद तीसरी बार पाटलिपुत्र सीट से जीतर कर सांसद बनी। उन्हें लालू प्रसाद ने दो बार राज्यसभा भी भेजा। लालू प्रसाद ने तेजस्वी यादव को अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी बना दिया है! पूरे लोकसभा चुनाव में आरजेडी के स्टार प्रचारक तेजस्वी यादव ही थे। आरजेडी के गठन के वक्त बिहार की सियासत में भारी उथल-पुथल का माहौल था। चारा घोटाला मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही थी। विपक्ष के साथ-साथ जनता दल के एक धड़े का भी लालू पर दबाव था। ऐसी स्थिति में लालू ने राष्ट्रीय जनता दल बनाया और गिरफ्तारी तय हो जाने के बाद लालू बिहार की बागडोर पत्नी राबड़ी को सौंप कर जेल चले गए। आरजेडी की स्थापना में जिन लोगों की भूमिका रही उसमें चित्तरंजन गगन भी थे। वे आरजेडी की ड्राफ्ट कमिटी के सदस्य थे। वे स्थापना काल को याद करते हुए कहते हैं कि 5 जुलाई 1997 को आरजेडी की स्थापना दिल्ली में बिहार भवन में हुई थी। तीन सदस्यीय ड्राफ्ट कमिटी में शकील अहमद, रामचंद्र पूर्वे और चित्तरंजन गगन थे। हम खुद को सौभाग्यशाली मानते हैं। ड्राफ्ट बनाते समय किन बातों का आप लोगों ने ख्याल रखा? इस सवाल पर वे कहते हैं कि गांधी, लोहिया, जेपी, कपूरी ठाकुर के आदर्शों को हमने ध्यान में रखा। लालू प्रसाद सामाजिक न्याय के आंदोलन के रूप में जिस तरह से सामने आए और जिन परिस्थतियों में जनता दल का विभाजन हुआ उसमें कुछ नेताओं का विचलन हो रहा था। लालू प्रसाद को लगा कि जनता दल को डायवर्ट किया जा रहा है, सामाजिक न्याय की लड़ाई को कमजोर किया जा रहा है। नीतीश कुमार तो 94 में जनता दल से अलग हो गए थे और 96 में भाजपा से मिल गए। लालू प्रसाद ने निर्णय लिया कि अलग पार्टी बनाई जाए। नई पार्टी का नाम राष्ट्रीय जनता दल नाम रखा गया। राजनीतिक उत्तराधिकारी के सवाल पर चित्तरंजन गगन कहते हैं कि तेजस्वी यादव की अपनी अलग पहचान है। नई पीढ़ी की समस्याओं को तेजस्वी बखूबी समझते हैं। सामाजिक न्याय का लड़ाई लालू प्रसाद ने लड़ी और अभी आरजेडी में तेजस्वी यादव आर्थिक न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं। लालू प्रसाद से तेजस्वी यादव को पहचान जरूर मिली पर जनता ने ही तेजस्वी प्रसाद को उत्तराधिकारी चुना है। इस बार का स्थापना दिवस इसलिए महत्वपूर्ण है कि सामने विधानसभा का चुनाव है। दो बड़ी ताकतें नीतीश कुमार और नरेन्द्र मोदी एक साथ हैं। लोकसभा चुनाव में आरजेडी 20 सीट हासिल करने के अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पाई। बड़ी बात यह कि कई लोकसभा उम्मीदवार आरजेडी के विधायक हैं अपने विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक वोट नहीं दिला पाए। स्थापना दिवस में आरजेडी सुप्रीमो

## वियतनाम से आई बोधगया के युवक की डेड बॉडी



**गया।** वियतनाम के हिनोई में बोधगया के एक युवक की मौत हो गई थी। अपार्टमेंट में आग लगने से सोहेल और उसकी वियतनामी पत्नी ने दम घुटने की वजह से दम तोड़ दिया था। घटना के 10वें दिन सोहेल की डेड बॉडी को बोधगया लाया गया। विदेश से डेड बॉडी लाने में परिजनों को पुरजोर कोशिश करनी पड़ी। देर रात सोहेल (22 वर्ष) को बोधगया स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। सोहेल वियतनाम में बीते 6 माह से गाइड की नौकरी कर रहा था। सोहेल बीते दिनों बकरीद के मौके पर बोधगया स्थित अपने घर आया था। सोहेल हिनोई में अगलगी से तीन दिन पहले ही बोधगया से वियतनाम गया था। मृतक के परिजनों ने शॉर्ट-सर्किट घटना की वजह बताई है। सभी लोग मृतक सोहेल को एक झलक देखने के लिए परेशान थे। इस घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन डेड बॉडी को बोधगया लाने में जुटे थे। मृतक के परिजन चाहते थे कि सोहेल की बॉडी वियतनाम से बोधगया लाई जाए। ताकि उसके परिजन उसका अंतिम दर्शन कर सकें। परिजन दिन रात एक कर डेड बॉडी वियतनाम से मंगवाने में सफल हुए। सोहेल के परिजनों ने बोधगया के क्षेत्रीय विधायक, 'हम' पार्टी के नेताओं और जिला प्रशासन से लेकर कोलकाता स्थित वियतनाम एंबेसी तक गुहार लगाई थी।

## 7 से 28 अगस्त के बीच होगी सिपाही भर्ती परीक्षा





**बिहार।** पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा 7 अगस्त से 28 अगस्त के बीच होगी। इसे लेकर आयोग की ओर से सभी डीएम को पत्र लिखा गया है। सिपाही भर्ती परीक्षा 1 अक्टूबर 2023 को हुआ था। इसका पेपर लीक हुआ था। इसके बाद इस परीक्षा को रद्द कर दिया गया था। आयोग की ओर से लिखे गए पत्र के अनुसार इस परीक्षा का आयोजन 7, 11, 18,21, 25 और 28 अगस्त को किया जाएगा। परीक्षा का आयोजन दोपहर 12:00 से लेकर 2:00 तक एक पाली में किया जाएगा। सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक में आर्थिक अपराध में खुलासा करते हुए बताया है कि इस पेपर लीक कांड का सरगना भी नालंदा के नगरनौसा का संजीव मुखिया उर्फ लूटन ही है। पेपर एग्जाम के 4 दिन पहले ही लीक हो गया था। ईओयू की जांच में ये भी पता चला है कि जो प्रश्नपत्र मोतिहारी जाने वाले थे, वो पटना में गाड़ी में लोड होकर 6 घंटे खड़ी थी। इसी दौरान संजीव मुखिया और उसकी गैंग ने क्वेश्चन पेपर गायब किए। प्रश्न-पत्रों की फोटो खींचने के बाद इसे सॉल्व किया गया। अभ्यर्थियों से पैसे लेकर इनकी उत्तर-कुंजी उपलब्ध कराई गई। एग्जाम के दिन प्रश्नपत्र और आंसर की वायरल हुए थे। इतना ही नहीं संजीव मुखिया को जब पता चला कि कोलकाता में सिपाही बहाली का प्रश्नपत्र छाप रहा है, तब वह गिरोह के कुछ शातिरों के साथ कोलकाता पहुंच गया। 21,391 खाली पदों पर योग्य उम्मीदवारों की भर्तियां की जाएगी। इसके लिए लगभग 18 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा के दौरान भीड़-भाड़ जैसी समस्या को दूर रखने के लिए एग्जाम का आयोजन सिर्फ एक पाली में किया जा रहा है। सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक कांड में पटना पुलिस को कई अहम जानकारियां मिली हैं। जांच में यह बात आई कि इसमें नालंदा पुलिस के क्यूआरटी के तीन और बोधगया पुलिस का एक जवान भी शामिल है। आरा का ओमप्रकाश, नवादा का संटू और पटना का नीतीश क्यूआरटी का जवान है। वहीं गया का मुकेश बोधगया में सिपाही है। इनके पास एक अक्टूबर को हुई सिपाही भर्ती परीक्षा से पहले ही प्रश्नपत्र और उत्तर आ गया था।



# काजोल और प्रभुदेवा नजर आएंगे महारागिनी में

बॉलीवुड फिल्म महारागिनी में मशहूर अभिनेत्री काजोल और प्रभुदेवा नजर आने वाले हैं। दोनों कलाकार करीब 27 साल बाद स्क्रीन पर एक साथ नजर आने वाले हैं। इससे पहले ये जोड़ी साल 1997 में रिलीज हुई फिल्म सपने में नजर आई थी। हाल में ही फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था, जिसमें काजोल का दमदार एक्शन देखने को मिला। अभिनेत्री का ये अंदाज देख कर उनके फैंस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। इसी बीच फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। इस बहुप्रतीक्षित फिल्म में अभिनेता आदित्य सील भी शामिल हो गए हैं। उन्हें तुम बिन 2 और स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 जैसी फिल्मों में उनके अभिनय के लिए जाना जाता है। अभिनेता अपनी इस भूमिका को लेकर काफी रोमांचित हैं और उन्होंने इस अवसर को खुद के लिए काफी महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि ये उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा है। एक अभिनेता के तौर पर वह काजोल और प्रभुदेवा का काम देखते हुए बड़े हुए हैं, ऐसे में इन दिग्गजों के साथ पर्दे पर नजर आना, उनके लिए काफी शानदार अनुभव है। वह इसे लेकर काफी उत्साहित हैं। बीते 28 मई को फिल्म महारागिनी-क्वीन ऑफ क्वींस का टीजर रिलीज हुआ था। इस फिल्म का पहला शेड्यूल पूरा हो चुका है, जिसके बाद ही टीजर जारी किया गया था। इसमें प्रभुदेवा अपने साउथ स्टाइल में काफी जंच रहे थे, जबकि काजोल एक्शन अवतार में मारपीट करती नजर आई थीं। इस दौरान उन्होंने एक दमदार डायलॉग भी बोला, जिसमें वह कहती हैं, पावर मांगकर नहीं, छीन कर ली जाती है। फिल्म में काजोल, प्रभुदेवा, नसीरुद्दीन शाह, आदित्य सील , संयुक्ता मेनन, जीशु सेनगुप्ता जैसे कई शानदार कलाकार नजर आने वाले हैं। महारागिनी फिल्म में दर्शकों को कई रंग देखने को मिलेंगे। इसमें ड्रामा, डांस और इमोशन का एक आकर्षक मिश्रण होने का दावा किया जा रहा है। इसके बारे में बात करते हुए निर्देशक ने कहा है कि उनके लिए इस फिल्म का निर्देशन करना काफी शानदार अनुभव रहा है। उन्होंने फिल्म के कलाकारों के अभिनय की भी तारीफ करते हुए कहा कि उनकी वजह से फिल्म को एक नई ऊंचाई मिली है। वह दर्शकों को इस फिल्म को बड़े पर्दे पर दिखाने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि तेलुगु फिल्मों के शानदार निर्देशक चरण तेज उप्पलापति अपनी पहली बॉलीवुड फिल्म महारागिनी लेकर आने वाले हैं। इस फिल्म को लेकर दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



# रिया के चैप्टर 2 में पहली गेस्ट बनी सुष्मिता सेन

हाल ही में एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती ने अपना नया चैट शो चैप्टर 2 लॉन्च किया है। इस शो की प्रथम गेस्ट बनी हैं पूर्व मिस यूनिवर्स और अभिनेत्री सुष्मिता सेन। हाल ही में रिया चक्रवर्ती ने इस शो का टीज़र जारी किया है, जिसमें रिया को कुछ ऐसा कहते सुना जा सकता है, जो उनके फैंस के लिए थोड़ा शॉकिंग हो सकता है। रिया चक्रवर्ती ने सुष्मिता सेन के आगे खुद को लेकर एक ऐसी बात कही जो थोड़ा हैरानी भरा था। रिया चक्रवर्ती ने रोडीज में एक गैंग लीडर के तौर पर शोबिज की दुनिया में वापसी की। वहीं, अब वह अपने शो चैप्टर 2 के साथ पॉडकास्टिंग की दुनिया में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इसी कड़ी में प्रशंसकों के उत्साह को बढ़ाने के लिए अभिनेत्री ने पहले एपिसोड की एक दिलचस्प झलक साझा की है। इसमें वह बॉलीवुड डीवा सुष्मिता सेन के साथ नजर आ रही हैं। प्रोमो में दोनों हसीनाओं को गोल्ड डिगर्स के टैग पर चर्चा करते देखा जा रहा है। रिया चक्रवर्ती ने अपने नए शो चैप्टर 2 का प्रोमो जारी किया जिसकी शुरुआत रिया चक्रवर्ती के एक खुलासे से होती है। इसमें वह सुष्मिता सेन के सामने कहती हैं, इस कमरे में आपसे भी बड़ा गोल्ड डिगर है। इस पर सुष्मिता पूछती हैं, सच में तो रिया कहती हैं, हां जी मैं। प्रोमो में रिया को आगे यह भी कहते सुना जाता है कि नफरत चिल्लाकर कही जाती है, लेकिन प्यार महसूस किया जाता है। इसके अलावा सुष्मिता अपने बच्चों की परवरिश पर भी खुलकर बात की। रिया चक्रवर्ती ने कैप्शन में आगे लिखा, इस शो को शुरू करने के लिए सुष्मिता सेन से बेहतर मेहमान कोई नहीं हो सकता। मैं बचपन से ही उन्हें देखती रही हूं और मैं अब भी इस बात से आश्चर्यचकित हूं कि वह जीवन को कैसे चुनौती देती हैं और उसमें जीत हासिल करती हैं। हमने जीवन, प्रेम और विकास से जुड़ी सभी चीजों के बारे में बहुत अच्छी बातचीत की। सीक्वल आमतौर पर उबाऊ होते हैं, लेकिन यह नहीं है। स्टे ट्यून्ड चैप्टर 2। मालूम हो कि एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती किसी फिल्म तो नहीं, लेकिन एक नए शो के साथ जरूर दर्शकों के बीच दस्तक दे रही हैं। रिया चक्रवर्ती के पॉडकास्ट का नाम चैप्टर 2 है।

# कमल हासन ने इंडियन 3 के बारे में बयान देकर माहौल किया गर्म

बालीवुड एक्टर कमल हासन ने इंडियन 3 के बारे में बयान देकर माहौल गर्म कर दिया है। उन्होंने दावा किया है कि उन्हें दूसरे भाग की तुलना में तीसरा भाग ज्यादा पसंद है। देशभर में इंडियन 2 का प्रचार कर रहे कमल हासन ने पुष्टि की है कि उन्होंने इंडियन 2 सिर्फ़ इसलिए करने के लिए हामी भरी क्योंकि उन्हें इंडियन 3 बहुत पसंद आई थी। सच कहूं तो, मैंने दूसरे भाग को करने के लिए सिर्फ़ इसलिए हामी भरी क्योंकि मैं तीसरे भाग को देखना चाहता था। मैं तीसरे भाग का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। आम तौर पर लोग कहते हैं कि उन्हें फ़िल्म का पहला भाग या दूसरा भाग पहले भाग से ज़्यादा पसंद आता है। मेरा दूसरा भाग इंडियन 3 है। मैं खुद फ़िल्म की तारीफ़ करता रहा हूँ और मुझे सिर्फ़ इस बात की चिंता है कि इसके लिए छह महीने का इंतज़ार करना होगा, हसन ने कहा। एक बार फिर शंकर द्वारा निर्देशित, इंडियन 2 में प्रभावशाली



स्टार कलाकार हैं। कलाकारों में सिद्धार्थ, एसजे सूर्या, काजल अग्रवाल, रकुल प्रीत सिंह, प्रिया भवानी शंकर, कालिदास जयराम, गुलशन ग्रोवर, नेदुमुदी वेणु, विवेक, समुथिरकानी, बॉबी सिम्हा, गुरु सोमसुंदरम, दिल्ली गणेश, जयप्रकाश, मनोबाला, वेनेला किशोर और दीपा शामिल हैं। शंकर सहित अन्य लोग शामिल थे। अनिरुद्ध रविचंदर ने फिल्म के दोनों भागों के लिए संगीत तैयार किया है। मेकर्स ने दोनों पार्ट की शूटिंग पूरी कर ली है। इंडियन 2 के ऑडियो लॉन्च पर बोलते हुए, शंकर ने खुलासा किया कि उन्होंने तीसरा पार्ट इसलिए बनाया क्योंकि एक पार्ट उनके कंटेंट की आत्मा के साथ न्याय नहीं कर रहा था। इंडियन 2, इंडियन ( 1996 ) के बाद की कहानी है, जिसमें कमल हासन ने पिता और पुत्र की दोहरी भूमिका निभाई थी। हासन का किरदार सेनापति एक पूर्व स्वतंत्रता सेनानी है जो भ्रष्ट अधिकारियों का पता लगाकर आधुनिक समाज में भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जब उसके बेटे के भ्रष्ट इंस्पेक्टर होने का पता चलता है, तो सेनापति उसे भी नहीं छोड़ता। बता दें कि इंडियन– 2 12 जुलाई को सिनेमाघरों में आने वाली है। इंडियन–2 का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है।

# आलिम ने अर्जुन को दिया सदा सेक्सी रहो का आर्शीवाद

हाल ही में सेलिब्रिटी हेयर स्टाइलिस्ट आलिम हकीम ने बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर के बालों को हाइलाइट कर मेकओवर किया और उनका एक वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया। वीडियो में अर्जुन सैलून की कुर्सी पर बैठे नजर आ रहे हैं और अपने नए हेयर स्टाइल को दिखा रहे हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए आलिम ने कैप्शन में लिखा, खुशियों को हाइलाइट करें। अपने बालों को स्टाइल करना हमेशा मजेदार होता है... इस पोस्ट पर अर्जुन ने कमेंट में लिखा, आपका आशीर्वाद, जिस पर रिप्लाई देते हुए आलिम ने लिखा, सदा सेक्सी रहो। बड़े पर्दे की बात करें तो अर्जुन फिल्म मेकर रोहित शेट्टी की अपकमिंग फिल्म सिंघम अगेन में नजर आएंगे। इस फिल्म में वह विलेन के रोल में दिखाई देंगे। सिंघम अगेन में अजय देवगन, दीपिका पादुकोण, करीना कपूर खान और जैकी श्रॉफ जैसे कलाकार भी हैं। हेयरस्टाइलिस्ट की बात करें तो हाल ही में आलिम ने क्रिकेटर युवराज सिंह और एमएस धोनी के लिए हेयर स्टाइलिंग करते हुए वीडियो भी शेयर किए। युवराज का वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, वन एंड ओनली



युवराज सिंह। धोनी के लिए उन्होंने कैप्शन दिया, हमारे यंग, डायनामिक और हैंडसम महेंद्र सिंह धोनी। उन्होंने सुपरस्टार रजनीकांत की एक तस्वीर भी शेयर की और लिखा, किंग के साथ उनका दिन बहुत बढ़िया रहा। बता दें कि बॉलीवुड में आलिम हकीम सेलिब्रिटी हेयर स्टाइलिस्ट के तौर पर काफी पॉपुलर हैं। अमिताभ बच्चन से लेकर सलमान खान, एमएस धोनी से लेकर विराट कोहली तक, हर कोई उनके हेयर कटिंग को पसंद करता है।

# चाणक्य बंद नहीं हुई है यह बनेगी जरूर: नीरज पांडे

बालीवुड अक्षय कुमार के साथ फिल्में बनाने वाले निर्देशक नीरज पांडे ने भी एक बार अजय देवगन को लेकर बड़े स्तर पर चाणक्य नामक फिल्म बनाने का ऐलान किया था, लेकिन यह फिल्म बन नहीं पाई।

कहा गया कि यह फिल्म अब कभी नहीं बनेगी इसे पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। लेकिन हाल ही में नीरज पांडे ने इस बात की पुष्टि की है कि फिल्म बंद नहीं हुई है यह बनेगी जरूर, पर फिलहाल इसे होल्ड पर रखा गया है। गौरतलब है कि अजय देवगन को लेकर चाणक्य बनाने वाले निर्देशक नीरज पांडे ने चाणक्य को होल्ड करके अजय देवगन के साथ औरों में कहाँ दम था का निर्माण व निर्देशन किया है। फिल्म आगामी शुक्रवार 5 जुलाई को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने जा रही है। नीरज ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में अपनी फिल्मों को लेकर कई बातें शेयर कीं। जब नीरज से उनकी फिल्म 'चाणक्य' के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि कई कारणों से वह फिल्म नहीं बन पाई है। फिलहाल हमने उसे होल्ड पर डाल दिया है। मुझे लगता है कि काफी समय से हममें एक गिल्ट सा था कि एक प्रोजेक्ट में हमने अपना काफी समय दे दिया है और वह प्रोजेक्ट बन नहीं पाया। फिर मैंने यह फिल्म बना ली। इस फिल्म के लिए वहीं से बातचीत शुरू हुई थी। मेरे पास यह कहानी थी। कलाकारों को सुनाई और फिल्म शुरू हो गई। यह कहानी कोलकाता में मेरे बड़े होने के दौरान का एक अहम हिस्सा रही है। इस कहानी का एक हद तक श्रेय मैं अपनी जन्मस्थली को दूंगा। मैंने कभी नहीं सोचा कि वह घटना कभी कहानी में परिवर्तित होगी या एक दिन उस पर स्क्रिप्ट लिखूंगा। घटना के बारे में नहीं बता सकता वरना फिल्म का मजा खराब हो जाएगा। बता दें कि अजय देवगन को फिल्म उद्योग में आए 34 साल हो चुके हैं। इन 34 सालों में उन्होंने कई बेहतरीन फिल्मों को दर्शकों के सामने पेश किया है। उनका अपना एक अलग दर्शक वर्ग है जो लगातार उनकी फिल्मों को देखना पसन्द करता है। फिल्म उद्योग का हर बड़ा निर्माता निर्देशक अजय देवगन के साथ काम करना चाहता है।



# अरबाज के शो में बतौर स्पेशल गेस्ट शामिल हुई शबाना

स्ट्रीमिंग चैट शो द इनविन्सिबल्स विद अरबाज खान में एक्ट्रेस शबाना आजमी ने खुलासा किया कि एक्टर मिथुन चक्रवर्ती इंडस्ट्री में शुरुआती दिनों में अपने स्किन टोन को लेकर काफी चिंता में रहते थे। बॉलीवुड इंडस्ट्री के एक्टर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर अरबाज खान के स्ट्रीमिंग चैट शो द इनविन्सिबल्स विद अरबाज खान में अनुभवी एक्ट्रेस शबाना आजमी स्पेशल गेस्ट के तौर पर शामिल हुईं। शो के होस्ट अरबाज खान से बात करते हुए शबाना ने बताया कि मिथुन चक्रवर्ती, जो उस समय मेरे जूनियर थे, हमारे घर आते थे और हमें बताते थे कि उनका रंग गोरा नहीं है या उनके दांत अलग हैं। मां उन्हें गले लगाती और कहती थीं, तुम्हें इन सब चीजों की चिंता नहीं करनी चाहिए। तुम बहुत अच्छे डांसर हो... मां की ये बातें सुनकर, हम सभी को एक अलग कॉन्फिडेंस मिलता था। अपनी हिट फिल्म अर्थ के बारे में शबाना ने बताया कि इस प्रोजेक्ट में शामिल किसी भी कलाकार ने इतने सालों में इसके कल्ट स्टेटस की उम्मीद नहीं की थी। इस फिल्म के लिए उन्हें नेशनल अवॉर्ड मिला। एक्ट्रेस ने कहा कि इस फिल्म ने समाज में बदलाव की शुरुआत की। अर्थ 1982 में रिलीज हुई थी। इसमें शबाना आजमी के अलावा, कुलभूषण खरबंदा और स्मिता पाटिल अहम भूमिका में थे। एपिसोड के दौरान उन्होंने अपने पति व लेखक जावेद अख्तर की शराब की लत से डील कैसे किया, इस बारे में भी बात की। एक्ट्रेस ने कहा–एक दिन जब वे पेरिस में थे, तो जावेद शराब के नशे में थे और उसी पल उन्होंने शराब छोड़ने का फैसला किया। उन्होंने अपने पति की इच्छाशक्ति की सराहना की और कहा कि उन्हें समझ नहीं आया कि अचानक उन्होंने शराब कैसे छोड़ दी। बता दें कि एक्ट्रेस ने हाल ही में सिनेमा में 50 साल पूरे किए। शबाना आजमी और मिथुन चक्रवर्ती ने एक साथ कई फिल्मों में काम किया है, इनमें समीरा, हम पांच, झूठी शान, नसीहत, अशांति और अमर दीप शामिल हैं।



# भारतीय फिल्म महोत्सव में गर्ल्स विल... ने दर्ज की बडी जीत



फिल्म गर्ल्स विल बी गर्ल्स ने लॉस एंजिल्स के भारतीय फिल्म महोत्सव ( आईएफएफएलए ) में ग्रैंड जूरी पुरस्कार जीता। एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा और अली फजल द्वारा समर्थित इस फिल्म ने पहले ही कई पुरस्कार जीत लिए थे। शुचि तलाटी द्वारा निर्देशित फिल्म गर्ल्स विल बी गर्ल्स ने पहले रोमानिया में ट्रांसिल्वेनिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल और फ्रांस में बियारिट्ज़ फिल्म फेस्टिवल में ग्रैंड जूरी पुरस्कार जीते थे। इसने सनडांस फिल्म फेस्टिवल 2024 में दो प्रमुख पुरस्कार भी जीते। इस आने वाली उम्र की ड्रामा में कनी कुसरुति और प्रीति पाणिग्रही मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की अनूठी कथा और सम्मोहक अभिनय ने कई पुरस्कार जीते हैं, जो इसके निर्माण के पीछे की प्रतिभा और दृष्टि को दर्शाता है। आईएफएफएलए में अपनी फिल्म की बड़ी जीत पर अपनी खुशी साझा करते हुए, होने वाली मां ऋचा चड्ढा ने कहा, आईएफएफएलए में ग्रैंड ज्यूरी पुरस्कार जीतना एक अविश्वसनीय सम्मान है। हमारी पूरी टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण को ऐसे प्रतिष्ठित मंच पर मान्यता मिलना बहुत संतोषजनक है। गर्ल्स विल बी गर्ल्स एक ऐसी कहानी है जो हमारे दिल के करीब है और हम रोमांचित हैं कि यह दुनिया भर के दर्शकों को पसंद आ रही है। उन्होंने कहा, यह इस महीने फिल्म की तीसरी जीत है, जो बहुत बड़ी बात है। प्रतिक्रिया जबरदस्त रही है और फिल्म को जो प्यार मिल रहा है वह वाकई असाधारण है। हम निर्माता के तौर पर इससे बेहतर शुरुआत पाकर बहुत खुश हैं।

अली फजल ने कहा, यह यात्रा किसी जादुई अनुभव से कम नहीं है। सनबर्न से लेकर कान्स और अब आईएफएफएलए तक, प्रत्येक पुरस्कार प्रामाणिक कहानी कहने की शक्ति में हमारे विश्वास की पुष्टि करता है। हमें मिले समर्थन और प्यार के लिए हम आभारी हैं, और हम यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि गर्ल्स विल बी गर्ल्स आगे कहाँ तक जाती है। इंडो–फ्रेंच सह–निर्माण में बनी गर्ल्स विल बी गर्ल्स 16 वर्षीय मीरा ( जिसे प्रीति पाणिग्रही ने निभाया है ) और उसकी माँ के साथ उसके तनावपूर्ण संबंधों के बारे में एक आने वाली उम्र का नाटक है।

# जिम्बाब्वे के खिलाफ भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने जमकर अभ्यास किया

हरारे (एजेंसी)।

कप्तान शुभमन गिल सहित भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 6 जुलाई से शुरु होने वाली टी20 सीरीज को देखते हुए जमकर नेट अभ्यास किया है। भारतीय टीम को इस सीरीज में पांच मैच खेलने हैं। टीम में अधिकतर युवा खिलाड़ी शामिल हैं क्योंकि टी20 विश्वकप टीम में शामिल अनुभवी खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार सभी मैच हरारे में खेले जाएंगे। इस दौरे में पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण मुख्य कोच की भूमिका निभाएंगे। टीम में तीन नए खिलाड़ियों साई सुदर्शन, जितेश शर्मा और हर्षित राणा को संजू सैमसन, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल की जगह शामिल किया गया है।

ऐसे में इस सीरीज में शामिल युवाओं के पास बेहतर प्रदर्शन कर अपने को साबित करने का अवसर है।

भारतीय टीम इस दौरे में पांच मैच 6 जुलाई , 7 जुलाई , 10 जुलाई , 13 जुलाई और 14 जुलाई को खेलेगी। ये सभी मैच हरारे में होंगे।



**टीम इस प्रकार है**

शुभमन गिल (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे, साई सुदर्शन , जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हर्षित राणा।

## जिम्बाब्वे की ओर से डेब्यू करेंगे कमर्शियल पायलट लाइसेंस धारी अंतुम

भारत के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे की टीम में शामिल बल्लेबाज अंतुम नकवी के माता पिता पाकिस्तानी मूल के हैं। वहीं अंतुम कर जन्म बेल्जियम में हुआ है। अब वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने को तैयार है।

अंतुम ने ऑस्ट्रेलिया में कमर्शियल एयरलाइन पायलट का लाइसेंस हासिल किया पर क्रिकेटर बनने उन्होंने विमानन क्षेत्र में काम करने की जगह जिम्बाब्वे का रुख किया।दाएं हाथ के बल्लेबाज अंतुम ने इस साल से ही काफी अच्छा खेलते हुए तिहरा शतक लगाया था। वह ये उपलब्धि हासिल करने वाले जिम्बाब्वे के पहले खिलाड़ी हैं। इस युवा ने मिड वेस्ट राइनो के लिए लोगन कप में नाबाद 300 रन बनाये थे। वह शीर्ष क्रम के बल्लेबाज हैं और घरेलू मैचों में उनका स्ट्राइक रेट 146.80 का रहा है। अंतुम ने अब तक 10 फर्स्ट क्लास मैचों में 72 के औसत से 792 रन बनाए हैं। नाबाद 300 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनके नाम 4 शतक भी हैं। लिस्ट ए के 8 मैचों में 3 शतक और एक अर्धशतक के साथ ही उनके नाम 514 रन हैं।



## वर्ल्ड चैंपियन खिलाड़ियों से मुलाकात के लिए महाराष्ट्र विधानसभा का निमंत्रण, रोहित शर्मा समेत चार खिलाड़ी शामिल

**मुम्बई (एजेंसी)।** बेरिल तूफान की वजह से तीन दिन बाद आखिरकार स्वदेश लौट आई है। गुरुवार, 4 जून को भारतीय टीम दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंची। भारतीय टीम के टी20 वर्ल्ड कप जीतने की खुशी में महाराष्ट्र विधानसभा टीम के चार खिलाड़ियों को शुक्रवार को सम्मानित करेगी। गुरुवार को स्वदेश पहुंची विश्व विजेता इंडियन टीम का भव्य स्वागत किया गया।राज्य विधानमंडल के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने गुरुवार को सदन में कहा कि टी20 वर्ल्ड कप क्रिकेट टीम में भाग लेने वाले मुंबई के चार खिलाड़ियों को शुक्रवार को मुंबई के महाराष्ट्र विधान भवन परिसर में सम्मानित किया जाएगा। स्पीकर नार्वेकर के अनुसार, शहर के खिलाड़ियों को शुक्रवार दोपहर विधान भवन में सम्मानित किया जाएगा।मुंबई के मूल निवासी रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल भारत की टी-20 विश्व कप टीम का हिस्सा थे। एएनआई के अनुसार शिवसेना विधायक प्रताप सरनाइक ने गुरुवार को मुंबई के खिलाड़ियों को सम्मानित किए जाने के मामले को उठाया। इसके बाद विधानमंडनल के अध्यक्ष ने खिलाड़ियों को न्यौता भेजने की बात कही।गौरतलब हो कि भारत ने 11 साल बाद कोई आईसीसी ट्रॉफी जीती है। साल 2013 में आखिरी बार भारतीय टीम ने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की थी। वहीं, भारतीय टीम ने 17 साल बाद दूसरी बार आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप की ट्रॉफी अपने नाम की है।

## बुमराह, रोहित, मंधाना प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए नामांकित

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह , कप्तान रोहित शर्मा और अफगानिस्तान के बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज के अलावा भारतीय महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना , इंग्लैंड की मैया बाउचिर और श्रीलंका की विशमी गुणरत्ने को अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टी-20 विश्वकप टूर्नामेंट के लिए जून माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामांकित किया है।बुमराह ने टी-20 विश्वकप टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 विकेट लिए थे। उन्हें इस प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब भी दिया गया है। वहीं रोहित ने टी-20 विश्वकप के आठ मैच में 156.70 स्ट्राइक रेट से नाबाद 257 रन बनाए थे। उन्होंने तीन अर्धशतक भी बनाए थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 92 रन रहा था।इसके अलावा आफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने टी-20 विश्वकप में 35.12 की औसत और 124.33 के स्ट्राइक रेट से कुल 281 रन बनाए। वहीं महिला वर्ग की बात करें तो मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 210 बनाकर दोहरा शतक लगाया था। गुणरत्ने और और बाउचिर ने भी अंतरराष्टीय क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया था।

## रोहित को देखकर भावुक हुई मां

## डॉक्टर का अपाइंटमेंट छोड़कर पहुंचीं थीं स्टेडियम

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा की मां विश्वकप ट्रॉफी के साथ अपने बेटे को देखकर भावुक हो गयी। रोहित की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को स्वदेश लौटी। बारबाडोस में आये भयंकर तूफान के कारण टीम तीन दिनों तक वहीं फंसी हुई थी।विशेष विमान से टीम के मुंबई पहुंचने पर रोहित भी अपने माता-पिता से मिले। इस दौरान भावुक हुई मां ने रोहित को बार-बार चूमा और गले लगाया। इससे पहले हवाई अड्डे पर विश्व चैंपियंस का स्वागत करने के लिए एकत्र हुए प्रशंसकों ने पूरी टीम का जोरदार स्वागत किया। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से भी खिलाड़ियों ने मुलाकात की। इसके बाद मुम्बई में एक खुली बस से विजय परेड निकली गयी। अंत में वानखेड़े स्टेडियम में सम्मान समारोह हुआ। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की मां भी स्टेडियम में पहुंची थीं वह डॉक्टर से इलाज के लिए अपना अपाइंटमेंट छोड़कर रोहित को देखने आई थी।रोहित शर्मा की मां पूर्णिमा ने कहा, मैंने कभी ये नहीं सोचा था कि मैं एक दिन ये दिन भी देखूंगी। रोहित ने टी20 विश्व कप से पहले हमसे बात की थी और उसने कहा था कि वो टी20 क्रिकेट छोड़ देना चाहता है लेकिन मैंने उससे बस इतना कहा कि जीतने की कोशिश करो। मेरा डॉक्टर से आज अपाइंटमेंट था क्योंकि मेरी तबियत खराब थी। इसके बावजूद मैं आई क्योंकि मैं इसे सामने से देखना चाहती थी। मैं सच में अपनी खुशी जाहिर नहीं कर सकती। वहीं विश्व कप जीत के बाद रोहित की मां ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर भी जारी की थी। इसमें विराट कोहली और रोहित शर्मा एक साथ दिखाई दे रहे थे। रोहित ने विश्वकप में भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कुशल कप्तानी करते हुए कठिन हालातों में भी टीम का मनोबल बढ़ाया।

## श्रीलंकाई लीग में छाये शादाब

**मुम्बई (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप 2024 में असफल रहे पाकिस्तानी स्पिनर शादाब खान आजकल श्रीलंकाई प्रीमियर लीग में कोलंबो स्ट्राइकर्स की ओर से खेल रहे हैं। शादाब ने यहां अच्छी गेंदबाजी करते हुए एक हैट्रिक भी अपने नाम की है और टीम को जीत दिलायी। लंका प्रीमियर लीग के तहत कोलंबो स्टाइकर्स और कैंडी फाल्कन्स के बीच हुए मुकाबले में शादाब खान ने हैट्रिक लेकर कैंडी टीम की कमर ही तोड़ दी। इसके बाद कैंडी को इस मैच में 51 रनों से हार का सामना करना पड़ा। शादाब ने इस मैच में 4 ओवर में 22 रन देकर 4 विकेट लिए।वहीं शादाब ने इसके बाद गैले मार्वल्स के खिलाफ हुए मुकाबले में भी अपनी टीम की ओर से 4 विकेट लिए। उस मुकाबले में हालांकि वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये। इस मैच में कप्तान डिकवेला ने 18 गेंदों पर 50, सहान ने 27 गेंदों पर 35 तो इसरु उडाना ने 34 गेंदों पर 52 रन बनाकर स्कोर 179 तक पहुंचाया था। वहीं कोलंबो की ओर से शादाब ने 4 ओवर में 21 रन देकर 4 विकेट लिए पर उनकी टीम के बल्लेबाजी लक्ष्य का पीछा करते हुए 172 रन ही बना पाये और उसे हार का सामना करना पड़ा।

## पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज चैंपियंस को 29 रन से हराया

**मुम्बई (एजेंसी)।** वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स लीग 2024 के चौथे मैच में पाकिस्तान चैंपियंस ने वेस्टइंडीज चैंपियंस को 29 रन से धूल चटा दी। शोएब मलिक की अर्धशतकीय पारी के बाद शाहिद अफरीदी और सोहेल तनवीर की घातक गेंदबाजी के आगे वेस्टइंडीज की पारी बिखर गई। वेस्टइंडीज चैंपियंस के कप्तान क्रिस गेल का बल्ला नहीं चला, हालांकि ड्वेन स्मिथ ने अर्दशतकीय पारी खेली।पाकिस्तान चैंपियंस टीम के कप्तान यूनिस खान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पाकिस्तान ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 194 रन का स्कोर बनाया। पाकिस्तान की तरफ से मध्यक्रम के बल्लेबाज शोएब मलिक ने 41 गेंद पर 54 रन की पारी खेली। अपनी पारी के दौरान मलिक ने एक छक्का और 5 चौके लगाए। इसके अलावा सरजील खान ने 35 रन, शान मसूद 22 रन और आमेर यामीन ने नाबाद 29 रन की पारी खेली। सलामी बल्लेबाजी कामरान अकमल ने 5 रन जबकि कप्तान यूनिस खान ने मात्र 2 रन का योगदान दिया। शाहिद अफरीदी 10 गेंद पर 16 रन बनाकर आउट हुए। वेस्टइंडीज चैंपियंस की तरफ से एश्ले नर्स ने सर्वाधिक तीन विकेट लिए।पाकिस्तान के 194 रन के लक्ष्य का पीछा करते समय वेस्टइंडीज की पारी पाक की घातक गेंदबाजी के आगे बिखर गई। 20 ओवर में 9 विकेट पर 165 रन ही बना पाई और उसे 29 रन से हार का सामना करना पड़ा। ड्वेन स्मिथ ने 46 गेंद पर 2 छक्के और 8 चौकों की मदद से 65 रन की पारी खेली। कप्तान क्रिस गेल इस मैच में सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हो गए। जोनाथन कार्टर ने 34 रन का योगदान दिया।

# शुभमन की कप्तानी में जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

## 4.30 बजे से शुरु होगा जिम्बाब्वे से मुकाबला



**हरारे (एजेंसी)।** शुभमन गिल की कप्तानी में युवा खिलाड़ियों से भारी भारतीय क्रिकेट टीम शनिवार को यहां मेजबान जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले टी20 क्रिकेट मुकाबले में जीत से शुरुआत करने उतरेगी। भारतीय टीम में शामिल युवा खिलाड़ियों के पास इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन कर अपने को साबित करने का अवसर रहेगा। भारतीय टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ इस दौरे में पांच मैचों की सीरीज खेलेगी। भारतीय टीम की कप्तानी कर रहे शुभमन गिल ने कहा है कि टी20 विश्वकप में टीम की जीत से हमारा भी मनोबल बढ़ा है। ऐसे में युवा टीम में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। इस दौरे में युवा अभिषेक शर्मा, रियान पराग जैसे खिलाड़ियों पर सभी की नजरें रहेंगी।इस दौरे में शुभमन की कप्तानी कौशल की भी परीक्षा होगी। पारी की शुरुआत का अवसर रूतुराज गायकवाड़ को मिलना तय है। वहीं अभिषेक अगर पारी की शुरूआत करते हैं तो गायकवाड़ तीसरे नंबर पर उतर सकते हैं।

पराग चौथे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। वहीं आक्रामक बल्लेबाज रिंकू सिंह पांचवें नंबर पर उतरेंगे। वहीं छठे नंबर पर विकेटकीपर जितेश शर्मा या ध्रुव जुरेल में से जिसे अवसर मिलता है उतरेंगे। गेंदबाजी की कमान आवेश खान और खलील अहमद और मुकेश कुमार के पास रहेगी। स्पिनर के तौर पर रवि बिश्नोई और वॉशिंगटन सुंदर को अवसर मिलेगा।वहीं दूसरी ओर जिम्बाब्वे की बात करें तो वह भारत से काफी कमजोर है पर इस दौरे में भारतीय टीम को मेजबान टीम के सिकंदर रजा से सावधान रहना होगा। रजा को आईपीएल में खेलने के कारण भारतीय खिलाड़ियों के खेलने का तरीका पता है। इसके अलावा वेलिंगटन मसाकाजा , टेंडाइ चतारा जैसे खिलाड़ियों पर भी अंकुश लगाना होगा। कुल मिलाकर देखा जाये तो भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार है।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :-**

**भारत** = शुभमन गिल (कप्तान), रूतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे, साइ सुदर्शन, जितेश शर्मा, हर्षित राणा।

**जिम्बाब्वे** = सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जोनाथन कैंपबेल, टेंडाइ चतारा, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट केइया , क्लाइव एम, वेसली मेदेवेरे, टी मारूमानी, वेलिंगटन मसाकाजा, ब्रेंडन मावुता, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डियोन मायर्स, एंटम नकवी, रिचर्ड एंगारावा, मिल्टन शुम्बा।

# प्रधानमंत्री ने पेरिस ओलंपिक के लिए रवाना वाले खिलाड़ियों को दी शुभकामनायें



## नीरज से बोले, तेरी मां के हाथ का चूरमा खाना है

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक के लिए रवाना होने वाले भारतीय खिलाड़ियों के दल से मुलाकात कर उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों से कहा कि वे हार-जीत की चिंता किये बिना अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का प्रयास करें। पेरिस ओलंपिक खेल 26 जुलाई से शुरू हो रहे है और इसमें भारतीय खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। ओलंपिक के लिए रवाना होने वाले अधिकतर खिलाड़ी गुरुवार शाम को प्रधानमंत्री आवास पहुंचे थे पर नीरज चोपड़ा सहित कुछ खिलाड़ियों ने विदेश में प्रशिक्षण के कारण वीडियो कॉल से ही उनसे बात की।

नीरज से बात करते हुए प्रधानमंत्री ने उन्हें शुभकामनाएं देते कहा, 'मुझे तेरी मां के हाथ का चूरमा खाना है।

' प्रधानमंत्री ने सभी खिलाड़ियों से कहा कि खेल के जरूरी है कि अच्छी नींद लें। इसलिए बिना किसी दबाव के आप सब लोग अच्छी नींद लीजिए। हो सकता है कि आपको लगे कि प्रधानमंत्री सोने को कह रहे हैं पर ऐसा सोचने की जरूरत नहीं है।

मेडिकल साइंस भी अच्छी नींद लेने की बात कहता रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, ' आप सब ओलंपियन हैं। ओलंपिक में हिस्सा लेना ही काफी बड़ी बात है पदक मिले तो अच्छा है नहीं मिले तो भी परेशान न हों। केवल अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ध्यान दें। मैं प्रयास करूंगा कि इस बार 15 अगस्त को लालकिले के स्वतंत्रता दिवस समारोह में आप भी मौजूद रहें.'

प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों से इस दौरान खेलो इंडिया के बारे में भी बात की। उन्होंने पूछा कि आप में से कितने लोग खेलो इंडिया से निकलकर खिलाड़ी बने हैं। इस पर कई खिलाड़ियों ने हाथ उठाए तो पीएम बोले, अच्छा काफी लोग हैं. इसके जवाब में मनु भाकर ने भी बताया, 'मुझे भी खेलो इंडिया से ही यहां तक पहुंचने में सहायता मिली है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस मुलाकात का वीडियो शुक्रवार सुबह जारी किया है।

# सूर्यकमार ने कहा , रोहित ने हमें दबाव में शांत बने रहकर खेलना सिखाया

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव टी20 विश्वकप टूर्नामेंट में मिली खिताबी जीत से बेहद उत्साहित हैं। ट्रॉफी हाथ में लिए हुए सूर्यकुमार ने कप्तान रोहित शर्मा की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने हमें दबाव का सामना करना सिखाया है। सूर्यकुमार ने कहा कि उन्होंने हम सभी को सिखाया है कि दबाव में कैसे शांत रहना है। वह स्वयं भी हमेशा शांत बने रहे। उन्होंने हमसे कहा कि हम ज्यादा आगे के बारे में न सोचें। हमारा एक आदर्श वाक्य भी था- अपना दिमाग वहीं रखें जहां आपके पैर हैं। रोहित ने हमें कहा कि सुपर 8 या सेमीफाइनल या फाइनल के बारे में नहीं सोचना चाहिए पर मैच को उसके अनुसार खेलना चाहिये। हमें एक समय में एक कदम उठाने की जरूरत थी और उन्होंने हमें दिखाया कि इस छोटे प्रारूप में कैसे बल्लेबाजी करनी है।

# चेपॉक में गेंदबाजों का होगा राज या रनों का लगेगा अंबार?

भारत और साउथ अफ्रीका महिला टीम के बीच पहली टी20 मैच चेपॉक में खेला जाएगा। एमए चिदंबरम स्टेडियम में भारतीय समायनुसार शाम 7 बजे मुकाबला खेला जाएगा। भारतीय टीम ने इससे पहले वनडे सीरीज और एकमात्र टेस्ट मैच में साउथ अफ्रीका को हरा चुकी है।

इस सीरीज से पहले भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में 5-0 से क्लीन स्वीप किया था। वहीं, दूसरी तरफ साउथ अफ्रीका ने श्रीलंका के खिलाफ अपनी टी20द्ब सीरीज 2-1 से गंवाई है। भारत टी20द्ब सीरीज को भी जीतने के इरादे से उतरेगा।

एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले जाने वाले मैच में पिच हमेशा ही गेंदबाजों मददगार साबित हुई है। इस पिच पर स्पिनर्स का रोल अहम होता है। तकनीकी रूप से सक्षम बल्लेबाज इस पिच पर खूब रन बना सकते हैं। यहां आखिरी बार 2016 में इंग्लैंड और पाकिस्तान महिला टीम के बीच टी20द्ब मैच खेला था। कुल 228 रन बने थे और 15 विकेट गिरे थे।

## टी20 सीरीज के लिए दोनों टीमों के स्क्वाड

भारतीय महिला टीम- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, दयालन हेमलता, उमा छेत्री (विकेट कीपर), ऋचा घोष (विकेट कीपर), जेमिमा रोड्रिग्स , सजाना सजीवन, दीप्ति शर्मा, श्रेयंका पाटिल, राधा यादव, अमनजोत कौर, आशा शोभना, पूजा वस्त्रकार, रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी दक्षिण अफ्रीका की टीम- लौरा वोलवार्ड (कप्तान), एनेके बॉश, ताजमिन ब्रिट्स, नादिन डी क्लार्क, एनेरी डर्कसेन, मिके डी रिडर, सिनालो जाफ्ता, मेरिजेन कैप, अयाबोंगा खाका, मसाबाटा क्लास, सुने लुस, एलिज-मारी मार्क्स, नॉनकुलुलेको म्लाबा, तुमी सेखुखुने, क्लो ट्रायोन।

# वानखेड़े में रोहित शर्मा और विराट कोहली के डांस ने बनाया माहौल

## मुंबई के वानखेड़े में कुछ अलग ही नज़ारे देखने को मिल

नई दिल्ली (एजेंसी)।

भारतीय टीम ने वैसे हर जगह ही माहौल जमाया, लेकिन मुंबई के वानखेड़े में कुछ अलग ही नज़ारे देखने को मिले. मुंबई की मरीन ड्राइव पर हुई विक्ट्री परेड के बाद वानखेड़े स्टेडियम में टीम इंडिया के लिए सम्मानित समारोह का आयोजन हुआ. इस आयोजन में कई ऐतिहासिक पल देखने को मिले, जैसे टीम इंडिया को ब्ष्टद्ब ने अब तक की सबसे बड़ी 125 करोड़ रुपये की प्राइज़ मनी दी. इसके अलावा वानखेड़े में कुछ मस्ती भरे पल भी दिखाई दिए, जिसमें विराट कोहली और रोहित शर्मा समेत पूरी टीम शामिल रही.

मस्ती भरे पलों की एक वीडियो बीसीसीआई की तरफ से शेयर की गई, जिसमें रोहित शर्मा और विराट कोहली अपने डांस से माहौल बनाते हुए दिख रहे हैं. वीडियो में देखा जा सकता है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा पूरी टीम के साथ मैदान का चक्कर लगा रहे होते हैं. इस दौरान ढोल बजने शुरू हो जाते हैं. ढोल की आवाज़ सुनते ही विराट कोहली और रोहित शर्मा नाचना शुरू कर देते हैं. दोनों को देखकर टीम के बाकी खिलाड़ियों के भी पैर थिरकने शुरू हो जाते हैं.



पूरी टीम इसी तरह अपने पैरों को थिरकाते हुए आगे बढ़ती है. सभी खिलाड़ियों के डांस में एक अलग एनर्जी देखने को मिली. हालांकि खिलाड़ी इससे पहले काफी लंबा सफर करके आए थे लेकिन फिर भी किसी के चेहरे पर थकान नहीं दिख रही थी.

डांस को आगे बढ़ता देख हार्दिक पांड्या और सूर्यकुमार यादव में अलग जोश आ गया.

दोनों ही खिलाड़ी जमकर नाचे. इतना ही टीम के सपोर्ट स्टाफ के मेंबर भी इस डांस में बराबरी का हिस्सा ले रहे थे. जश्न मनाने के बाद लंदन के लिए रवाना हुए विराट कोहलीबता दें कि विराट कोहली विक्ट्री परेड और वानखेड़े स्टेडियम में हुए जश्न के बाद लंदन के लिए रवाना हो गए. मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो किंग कोहली अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा और बच्चों से मिलने के लिए लंदन रवाना हुए.

## गुजरात पुलिस के हत्थे चढ़ा वीआईपी चोर, कई राज्यों की पुलिस कर रही थी तलाश

वलसाड । दक्षिण गुजरात के वापी से वलसाड एलसीबी ने एक वीआईपी चोर को दबोच लिया है, जिसकी देश की आधा दर्जन राज्यों की तलाश थी। गिरफ्तार शातिर शख्स चोरी करने फ्लाइट में जाता था और घटना को अंजाम देकर रात ही अपने घर लौट आता था। ऑडी कार में घूमने वाला शख्स जिस शहर में चोरी करने जाता वहां की फाइव स्टार होटल में ठहरता था। वलसाड एलसीबी के हत्थे चढ़े चोर की पूछताछ में देश के विभिन्न राज्यों के 27 जितने मामलों का खुलासा हुआ है। मुंबई के मुंब्रा क्षेत्र में एक करोड़ कीमत के किराये के घर में रहनेवाला रोहित दया सोलंकी उर्फ रोहित चेतन शेट्टी उर्फ अरहान शेट्टी को वलसाड की एलसीबी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वलसाड के वापी में घरफोड़ चोरी के मामले में रोहित के गिरफ्तार होने के बाद उसकी पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। पुलिस ने आरोपी के पास एक चमचमाती ऑडी कार, सोने-चांदी के आभूषण, नकद समेत कुल रु. 12 लाख का माल-सामान जब्त किया है। रोहित चोरी के लिए उस शहर को चुनता जहां एयरपोर्ट हो या आसपास हो। चोरी करने के लिए फ्लाइट में जानेवाला रोहित शहर की पांच सितारा होटल में ठहरता था और दिन के दौरान पॉश इलाकों की रेकी करता और रात को चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद उसी रात फ्लाइट में अपने घर लौट आता। इस प्रकार रोहित अब तक गुजरात के अलावा महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली समेत देश के आधा दर्जन जितने राज्यों में चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुका है। इन राज्यों की पुलिस को रोहित की तलाश है। वलसाड पुलिस की पूछताछ में पता चला कि रोहित ने एक मुस्लिम युवती के साथ शादी की थी और उसके साथ ठाठ से जिंदगी गुजार रहा था7 ड्रग्स का आदी है और इस पर हर महीने 2 लाख रुपए खर्च करता है। ऐसे महंगे शौक पूरे करने के लिए रोहित अब तक कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुका है।

## 1.91 करोड़ की लाल चंदन की लकड़ियाँ जब्त, चार तस्कर गिरफ्तार

कडप्पा । आंध्र प्रदेश पुलिस ने चार तस्करों को गिरफ्तार कर 1.91 करोड़ मूल्य की 158 लाल चंदन की लकड़ियाँ जब्त कीं। उन्होंने एक मिनी लॉरी, एक ट्रैक्टर और एक दोपहिया वाहन भी जब्त किया। खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने कडप्पा जिले के पोटलाडुर्थी गांव के पास प्रोड्डुटूरु-येरागुंटला रोड पर औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परिवहन के लिए तैयार लाल चंदन की लकड़ियाँ लदी एक छोटी लॉरी को रोका। एसपी ने कहा, पुलिस ने अब तक 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस अपराध के मास्टरमाइंड और अन्य आयोजकों की भी पहचान कर ली है। हम उन्हें भी जल्द ही गिरफ्तार करने वाले है। इस साल की शुरुआत में मार्च में, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लाल चंदन तस्कर बादशाह माजिद मलिक और विजय सुब्बान्ना पुजारी सहित उनके सहयोगियों की 72.45 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर ली थी। जांच एजेंसी ने विशेष आर्थिक क्षेत्रों में स्थित कंपनियों के जाली दस्तावेज जमा करके लाल चंदन की तस्करी के लिए राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) द्वारा बादशाह, विजय और अन्य के खिलाफ दायर एक शिकायत के आधार पर जांच शुरू की।

## इंतजार खत्म... आज नयन उत्सव में श्रीहरि देंगे भक्तों को दर्शन

आगरा । भक्तों का इंतजार खत्म होने को है। क्योंकि, 6 जुलाई शनिवार को कमला नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर (इस्कॉन) में आयोजित नयन उत्सव में श्रीहरि 15 दिन बाद भक्तों को दर्शन देने वाले है। 7 जुलाई को बल्केश्वर महालक्ष्मी मंदिर से भव्य रथयात्रा का आयोजन होगा। जिसमें विभिन्न शहरों के हजारों भक्तजन भाग लेने वाले हैं। इतना ही नहीं रशिया के भक्त भी हिस्सा लेने पहुंच रहे है। ढोलक, मृदंग, मंजीरों संग श्रीहरि के भक्त हरे राम, हरे राम, राम राम हरे हरे, हरे कृष्णाज्कीर्तन करते हुए बल्केश्वर, कमला नगर क्षेत्र का भ्रमण किया और भक्तों को रथयात्रा के लिए निमंत्रण दिया। श्री जगन्नाथ भगवान की भक्ति में झूमते नाचते भक्तों का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलराम के विग्रह स्वरूपों के दर्शन को हर कोई उत्साहित और लालायित है। अरविन्द प्रभु ने बताया कि सभी भक्त भक्ति भाव के साथ रथयात्रा महोत्सव की तैयारियों में जुटे हैं। भक्तों के घर में छप्पन भोग के लिए पकवान बन रहे हैं, कहीं श्रीहरि की पोशाक तैयार की जा रही है। 6 जुलाई को नयन उत्सव में श्री जगन्नाथ भगवान भक्तों को 15 दिन बाद दर्शन देने वाले है। 7 जुलाई को बल्केश्वर स्थित श्री महालक्ष्मी मंदिर से भव्य रथयात्रा का आयोजन होगा।

## आगरा के एयरफोर्स स्टेशन में तैनात अग्निवीर ने की खुदकुशी

आगरा। आगरा के एयरफोर्स स्टेशन में तैनात अग्निवीर ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अग्निवीर जवान श्रीकांत कुमार चौधरी (22) ने सरकारी इंसास से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। श्रीकांत मूलत : नारायणपुर, बलिया के निवासी थे। डेढ़ साल पहले अग्निवीर योजना के तहत संतरी पद पर भर्ती हुए थे। पुलिस ने बताया कि जवान ने माथे के बीच में खुद को गोली मारी है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। उनके जीजा और रिश्तेदार शव लेकर चले गए। परिजनों ने इसबारे में कोई लिखित शिकायत नहीं की है। पचरुखिया नई बस्ती (नारायणपुर) निवासी श्रीकांत वर्ष 2022 में एयरफोर्स में अग्निवीर भर्ती के तहत संतरी के पद पर शामिल हुए थे। वर्तमान में उनकी पोस्टिंग आगरा के एयरफोर्स स्टेशन पर थी। जवानों ने घरवालों को फोन कर श्रीकांत के मौत की खबर दी। इसके बाद चंडीगढ़ में नौकरी करने वाले श्रीकांत के बड़े भाई सिद्धांत बुधवार को आगरा पहुंच गये। इधर, जानकारी होने के बाद से ही गांव-घर में मातम पसरा था। पिता मनजी चौधरी भी कोलकाता से गांव पहुंच गये थे। श्रीकांत के घरवालों ने मौत के सही कारणों की जानकारी लेने का प्रयास किया, लेकिन अधिकारियों ने बताने से परहेज कर दिया। घटना की जांच के लिए बोर्ड ऑफ इन्क्वायरी का गठन किया गया है।

**यह दूसरी खुदकुशी-** वर्ष 2019 में एयरफोर्स परिसर स्थित आवास में हिमांशु सिंह (32) का शव फंदे पर लटका मिला था। वह स्क्वाड्रन लीडर के पद पर कार्यरत थे। वह मूलत : मुरादाबाद के निवासी थे।

## आईसीआईसीआई प्रू आईप्रोटेक्ट स्मार्ट में मिलता है 'लाइफ कंटिन्यूटी' का विकल्प

**नयी दिल्ली :** कमाने वाले हर व्यक्ति के अपने वितीय लक्ष्य होते हैं, जैसे घर खरीदना, बच्चों की शिक्षा के लिए धन जुटाना या रिटायरमेंट के लिए बचत करना। लेकिन जीवन अप्रत्याशित है और कमाने वाले सदस्य की असामयिक मृत्यु किसी के भी वित्तीय लक्ष्यों को बाधित कर सकती है और परिवार को वित्तीय संकट में डाल सकती है। आम तौर पर यही माना जाता है कि लोगों को एक सामान्य नियम के तौर पर पहले सुरक्षा और फिर बचत के दृष्टिकोण का पालन करना चाहिए। वितीय बचत की योजना बनाने के लिए टर्म इंश्योरेंस प्लान खरीदने को सबसे बेहतर विकल्प माना जाता है। इसका कारण सरल है कि यदि कमाने वाले सदस्य की मृत्यु हो जाती है, तो परिवार बचत योजना को कैसे जारी रखेगा। आदर्श रूप से जीवन बीमा को सभी बकाया देनदारियों को कवर करना चाहिए और परिवार के जीवन को जारी रखने के लिए पर्याप्त होनी चाहिए। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ अपने सबसे ज्यादा बिकने वाले टर्म इंश्योरेंस प्रोडक्ट आईसीआईसीआई प्रू आईप्रोटेक्ट स्मार्ट में लाइफ कंटिन्यूटी का विकल्प भी देता है। यह सुविधा परिवार को मासिक आय के रूप में क्लेम राशि प्राप्त करने में सक्षम बनाती है। यह उन परिवारों के लिए बहुत उपयोगी है, जो एकमुश्त क्लेम राशि को मैनेज करना नहीं जानते हैं। एक और मूल्यवान अतिरिक्त लाभ गंभीर बीमारी से जुड़ा नाम है, जिसे लिया जाना चाहिए। अध्ययनों से पता चलता है कि लगभग 10 करोड़ भारतीय परिवार हर साल स्वास्थ्य सेवा खर्च के कारण गरीबी में चले जाते हैं। मामूली अतिरिक्त प्रीमियम के लिए आईप्रोटेक्ट स्मार्ट गंभीर बीमारी लाभ प्रदान करता है, जो कैंसर, किडनी फेलियर, न्यूकेमिया, पार्किंसंस जैसी 34 बीमारियों को कवर करता है। इस प्लान के तहत गंभीर बीमारी लाभ निदान पर दावे का भुगतान किया जाता है। इस तरह यह सुनिश्चित किया जाता है कि व्यक्तियों के पास चिकित्सा उपचार के लिए पर्याप्त फाइनेंस है। दावा निपटान अनुपात और औसत दावा निपटान समय की जाँच करना दो महत्वपूर्ण बिंदु हैं, जिन पर लोगों को टर्म इंश्योरेंस प्लान खरीदने से पहले विचार करना चाहिए। वित्त वर्ष 2024 में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ का दावा निपटान अनुपात (गैर-जांच) 99.17 प्रतिशत था और औसत निपटान समय केवल 1.27 दिन था।

# मैंने पार्टी नहीं बदली, मेरे खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप कभी साबित नहीं हुए : अजित पवार




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने लोगों से विकास के लिए उनका समर्थन करने की अपील की है और उन्होंने इस बात पर बल दिया कि राजनीति में आने के बाद से वह अपनी पार्टी के साथ हैं तथा उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप कभी साबित नहीं हुए। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता ने एक वीडियो संदेश में कहा, ''केवल जनता ही मेरी पार्टी है। जनता का कल्याण ही मेरी प्राथमिकता है। मैं हमेशा सोचता हूं कि जनता का भला कैसे होगा।''

लोगों से समर्थन की अपील वाला पवार का वीडियो संदेश, राज्य में लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के भीतर असंतोष की अटकलों के बीच आया है। महायुति गठबंधन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), राकांपा और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना शामिल हैं। इस वर्ष के लोकसभा चुनाव में महायुति को राज्य की 48 सीट में से सिर्फ 17 सीट मिलीं, जबकि भाजपा की सीट की संख्या 23 (वर्ष 2019 में) से घटकर नौ रह गईं। शिवसेना ने नौ और राकांपा ने सिर्फ एक सीट हासिल की। इसके विपरीत, महाविकास आघाड़ी ने 30 सीट जीतीं जिसमें कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और राकांपा (शरदचंद्र पवार) शामिल हैं। पिछले सप्ताह राज्य विधानसभा में पेश किए गए बजट के संदर्भ में पवार ने कहा कि उनके विरोधी उन्हें अपशब्द बोल रहे हैं, क्योंकि वे नहीं चाहते कि विकास का लाभ नागरिकों तक पहुंचे।

उन्होंने यह भी दावा किया कि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप अभी तक साबित नहीं हुए हैं। उन्होंने विरोधियों पर ''ओछी राजनीति'' करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आरोप कभी साबित भी नहीं होंगे। पवार ने लोगों से आग्रह किया कि वे भाषणबाजी करने वाले नेताओं कोनजरअंदाज करें और काम करने वाले नेताओं को ही वोट दें। उन्होंने कहा कि जो लोग काम करते हैं उनकी ज्यादा आलोचना की जाती है। जुलाई 2024 में, पवार ने अपने चाचा और राकांपा संस्थापक शरद पवार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था और भाजपा तथा शिवसेना के साथ गठबंधन कर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री बन गए।

## तेलंगाना में बीआरएस को झटका... विधान परिषद सदस्य कांग्रेस में शामिल

हैदराबाद । लोकसभा चुनाव में 99 सीट जीतने वाली कांग्रेस को अब तेलंगाना में भी मजबूती मिली है। तेलंगाना में विपक्षी दल भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को बड़ा झटका देकर उसके 6 विधान परिषद सदस्य मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल हो गए। पिछले साल विधानसभा चुनाव में बीआरएस की हार के बाद छह विधायकों सहित कई नेता पार्टी छोड़ चुके हैं। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों ने बताया कि पार्टी में शामिल हुए बीआरएस के छह विधान परिषद सदस्य दांडे विट्ठल, भानु प्रसाद राव, एम एस प्रभाकर, बोग्गरापु दयानंद, येग्गे मल्लेशम और बसवाराजू सरैया हैं। बीआरएस पार्टी के छह विधान परिषद सदस्य मुख्यमंत्री रेड्डी के आवास पर कांग्रेस में शामिल हुए। इस दौरान तेलंगाना में पार्टी मामलों की एआईसीसी प्रभारी दीपा दासमुंशी और अन्य नेता भी मौजूद थे। 40 सदस्यीय विधानपरिषद में चार मनोनीत सदस्य भी हैं, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के दो, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और पीआरटीयू के एक-एक और एक निर्दलीय सदस्य भी हैं, जबकि दो सीट रिक्त हैं। सीएम रेड्डी के दिल्ली की दो दिवसीय यात्रा से लौटने के तुरंत बाद ये सदस्य कांग्रेस में शामिल हुए। बीआरएस के छह नेताओं के कांग्रेस में शामिल होने से तेलंगाना विधान परिषद में कांग्रेस सदस्यों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में और भी विधायक सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हो सकते हैं।

## मोबाइल फोन यूजर से 34824 करोड़ की मुनाफा वसूली



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने तीन बड़ी टेलीकॉम कंपनियों द्वारा, 109 करोड़ मोबाइल फोन यूजर पर 34824 करोड़ रुपए का बोझ डालने पर केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। कांग्रेस ने ट्राई की रिपोर्ट को आधार बनाते हुए कहा है, कि सेल कंपनियां हर फोन ग्राहक से 152 रुपये 55 पैसे प्रतिमाह कमाती हैं। उसके बाद भी टेलीकॉम कंपनियों ने साजिश करके सुनयोजित रूप से अपने प्लान के रेट बढ़ाए हैं।

यहां शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला है। उल्लेखनीय है 27 जून को रिलायंस जिओ ने 12 से लेकर 27 फ़ीसदी तक रेट बढ़ा दिए हैं। वहीं 28 जून को एयरटेल ने 11 से लेकर 21 फीसदी तक तथा 29 जून को वोडाफोन आइडिया ने 10 से लेकर 24 फीसदी तक प्लान के रेट बढ़ाकर उपभोक्ताओं के साथ 35000 करोड़ रुपए की वसूली की जा रही है। तीनों टेलीकॉम कंपनियों ने सरकार और ट्राई की मोन सहमति मिलने के बाद सेल उपभोक्ताओं के ऊपर 34824 करोड रुपए का बोझ डाला है। यह टेलीकॉम कंपनियों की खुले आम लूट है।

कांग्रेस ने मोदी सरकार से सवाल किया है। नीलामी के माध्यम से स्पेक्ट्रम की खरीद होने वाले असर का अध्ययन करने के लिए सरकार ने कोई कमेटी बनाकर अध्ययन किया है? मोदी सरकार ने इसके पहले भी टेलीकॉम कंपनियों को 102000 करोड रुपए के स्पेक्ट्रम भुगतान की छूट देकर टेलीकॉम कंपनियों को फायदा पहुंचाया है। कांग्रेस ने चुनाव तक टेलीकॉम कंपनियों को दरें बढ़ाने की अनुमति नहीं दी। चुनाव परिणाम आने के बाद टेलीकॉम कंपनियों ने उपभोक्ताओं के ऊपर 35000 करोड रुपए का बोझ डाला है। कांग्रेस ने कहा है, सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी के बाद भी भारत सरकार और ट्राई ने जिस तरह से टेलीकॉम कंपनियों की लूट पर चुप्पी साध रखी है। यह उपभोक्ताओं के साथ धोखा है।

## एक ओर जेल में बंद हैं अरविंद केजरीवाल, इधर संजय सिंह को आम आदमी पार्टी ने दी अहम जिम्मेदारी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी ने वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को आप संसदीय दल का अध्यक्ष नियुक्त किया है। संजय सिंह के पास पार्टी की जिम्मेदारी भी है क्योंकि आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल एक्साइज पॉलिसी मामले में जेल में हैं। सिंह 2012 में आम आदमी पार्टी की स्थापना के कुछ समय बाद ही इसमें शामिल हो गए और तेजी से आगे बढ़ते हुए पार्टी के सबसे दृश्यमान और प्रभावशाली नेताओं में से एक बन गए।

संजय सिंह पहली बार 2018 में राज्यसभा के लिए चुने गए थे और इस साल फिर से चुने गए। राज्यसभा के सदस्य के रूप में, सिंह ने क्कके विधायी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए अन्य राजनीतिक दलों के साथ गठबंधन बनाने और बातचीत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आप संसदीय दल के अध्यक्ष की भूमिका में, सिंह संसद में पार्टी की गतिविधियों के समन्वय के लिए जिम्मेदार होंगे, यह सुनिश्चित करेंगे कि इसकी विधायी रणनीतियों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए और इसके सांसदों के बीच अनुशासन बनाए रखा जाए।

अध्यक्ष पार्टी और अन्य राजनीतिक दलों, सरकारी अधिकारियों और संसदीय समितियों के बीच प्राथमिक संपर्क के रूप में भी कार्य करता है। संजय सिंह वर्तमान में समाप्त हो चुकी दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत पर बाहर हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा याचिका का विरोध नहीं करने का विकल्प चुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल में उन्हें जमानत दे दी। इसी मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उनके पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन अभी भी न्यायिक हिरासत में हैं।

## हिंडनबर्ग केस में चीन का हाथ? वरिष्ठ वकील महेश जेठमलानी ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के सबसे वरिष्ठ वकील और भाजपा नेता महेश जेठमलानी ने आरोप लगाया है कि चीनी लिंक वाले एक अमेरिकी-आधारित व्यवसायी ने हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट बनाई थी, जिसके कारण जनवरी-फरवरी 2023 में अदानी समूह की कंपनियों के शेयरों में महत्वपूर्ण गिरावट आई। राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ वकील महेश जेठमलानी ने अडानी समूह पर हिंडनबर्ग रिपोर्ट में %चीन एंगल% का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अडानी के शेयरों की कम बिक्री के संबंध मे हमने केवल हिंडनबर्ग के बारे में सुना है, उन्होंने एक फंड के कहने पर अदानी समूह पर शोध रिपोर्ट तैयार की थी, जिसे मार्क किंग्डन और अनला चेंग नाम के एक जोड़े ने प्रमोट किया था। शोध के बाद हमने पाया कि कोटक को व्यापार करने के लिए नियुक्त किया गया था, इसलिए उन्होंने एक ऑफशोर खाता स्थापित किया और इस जोड़े के लगभग 40 मिलियन के मास्टर फंड से पैसा लिया। इस राशि का उपयोग कोटक के माध्यम से मॉरीशस मार्ग के माध्यम से बड़े पद लेने के लिए किया गया था।

अडानी इस विचार से सहमत हैं कि एक बार नकारात्मक रिपोर्ट सामने आने के बाद वे बेच देंगे और बाहर चले जाएंगे। यह पाया गया कि इस महिला पर अमेरिकी कांग्रेस द्वारा जांच की जा रही थी कि वह एक बहुत ही कुशल चीनी जासूस थी इसके बारे में और पूछताछ करने की जरूरत है। मकसद न केवल अडानी को निशाना बनाना था बल्कि चीनी राज्य की मदद करना भी था... इससे यह स्थापित होता है कि यह सब भारत के रणनीतिक हितों को खतरे में डालने के लिए किया गया था। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के साथ संबंध सहित कुछ अमेरिकी सीनेटरों द्वारा इसकी विध्वंसक गतिविधियों की जांच के आह्वान के बाद चाइनाप्रोजेक्ट बंद हो गया। उत्तरार्द्ध में स्पष्ट रूप से अडानी समूह के साथ प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता है। किंग्डन ने अदानी शेयरों में व्यापार करने के लिए एक ऑफशोर फंड और एक ऑफशोर अकाउंट स्थापित करने के लिए कोटक महिंद्रा इंटरनेशनल लिमिटेड (KMIL) को भी काम पर रखा। जेठमलानी ने आरोप लगाया कि कोटक ने अडानी शेयरों में कारोबार के लिए कोटक इंडिया अपॉर्चुनिटी फंड (KIOF) बनाया।

## गुणवत्ता के साथ समझौता करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

### -बिहार में पुल गिरने की घटनाओं पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान बोले



**पटना (एजेंसी)।** बिहार में पिछले 15 दिनों में 11 पुल गिर गए। इसे लेकर राजनीतिक बयानबाजी जारी है। विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव डबल इंजन की सरकार की विफलता पर हमला बोल रहे हैं तो सत्ताधारी दल भी पुराना इतिहास याद दिला रहा है।

पटना में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने एक सवाल के जवाब में कहा, जो लोग ये कह रहे हैं कि एनडीए सरकार लूटने में लगी है। उनसे पूछना चाहूंगा कि ये निर्माण किसके समय में हुआ? निर्माण उसी समय हुआ है जिस वक्त राजद भी सरकार में थे। उन्होंने आगे कहा कि वह आरोप प्रत्यारोप की सियासत से ऊपर उठ कर काम कर रहे हैं और उनकी सरकार दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हम आरोप प्रत्यारोप में नहीं जा रहे। इस बात को तय करने की जिम्मेदारी ले रहे हैं कि जिसने भी ऐसा किया है उसे बख्शा नहीं जाएगा। भ्रष्टाचार की वजह से गुणवत्ता के साथ समझौता किया है ऐसे हर एक दोषी को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार और डीईओ को निलंबित करने के सवाल पर चिरागा ने कहा कि जिस विभाग में भ्रष्टाचार हुआ है। मुख्यमंत्री कई बार इस बात को कह चुके हैं कि वह भ्रष्टाचार से समझौता नहीं करेंगे जिस तरह से किशनगंज की घटना सामने आई तुरंत उसके ऊपर कारवाई भी हुई है। तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में राज्य सरकार पर तीखा हमला किया। दिन में पुलों का गिरना कोई सामान्य घटना नहीं है। यह भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है। जिस दिन से नीतीश कुमार सीएम बने हैं, सिर्फ 18 महीने को छोड़ दें तो पूरे समय ग्रामीण कार्य विभाग जेडीयू के पास ही है। बिहार में लगातार भ्रष्टाचार देखने को मिल रहा है, बिहार में लगातार अपराध की घटनाएं हो रही हैं और सरकार चुप है।

## तमिलनाडु में वकीलों ने तीन आपराधिक कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन किया



**चेन्नई। (एजेंसी)।** तमिलनाडु में चेन्नई समेत अन्य शहरों में बड़ी संख्या में वकीलों ने एक जुलाई से देशभर में लागू हुए तीन नए आपराधिक कानूनों के संस्कृतनिष्ठ हिंदी नामों के खिलाफ शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया और इन्हें तत्काल वापस लेने की मांग की। ऑल इंडिया अन्ना द्रविड मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) अधिवक्ता प्रकोष्ठ ने सचिव आई एस इंबादुरई के नेतृत्व में तीन नए आपराधिक कानूनों- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के खिलाफ मद्रास उच्च न्यायालय के सामने प्रदर्शन किया।

पूर्व विधायक इंबादुरई ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि इन कानूनों को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए क्योंकि ये भ्रम पैदा करेंगे। द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अधिवक्ता प्रकोष्ठ के सचिव एन आर एलंगो ने यहां इसी तरह के विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया। एलंगो ने आरोप लगाया कि ये तीनों आपराधिक कानून ''लोकतंत्र और संविधान विरोधी हैं क्योंकि इनका नाम हिंदी में है जो अनुच्छेद 348 के अनुसार नहीं किया जा सकता है।''

एलंगो ने संवाददाताओं से कहा, ''ये अपराध के आरोपी व्यक्तियों और अपराध के पीड़ितों के हितों के भी खिलाफ हैं। इसलिए, इन्हें लागू नहीं किया जा सकता। इन्हें समाप्त किया जाना चाहिए और इन पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संसद को इन कानूनों पर पुनर्विचार करने की कवायद शुरू करनी होगी, अन्यथा द्रमुक की कानूनी शाखा और तमिलनाडु के अधिवक्ता समुदाय शांत नहीं बैठेंगे।

# समलैंगिक विवाह के फैसले को चुनौती, याचिका पर 10 जुलाई को सुनवाई

**प्रयागराज (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट 10 जुलाई को अपने पिछले साल के फैसले की समीक्षा की मांग करने वाली याचिकाओं पर विचार करने वाला है, जिसमें समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया गया था। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड की गई 10 जुलाई की वाद सूची के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ पिछले साल 17 अक्टूबर के फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिका पर चैंबर में विचार करेगी।

हालाँकि, शीर्ष अदालत ने समलैंगिक लोगों के अधिकारों के लिए एक मजबूत वकालत की थी ताकि उन्हें उन वस्तुओं और सेवाओं तक पहुँचने में भेदभाव का सामना न करना पड़े जो दूसरों के लिए उपलब्ध हैं, उन्हें आश्रय प्रदान करने के लिए सभी जिलों में सुरक्षित घर बनाए गए हैं जिन्हें %गरिमा गृह% के रूप में जाना जाता है। उत्पीड़न और हिंसा का सामना करने वाले समुदाय के सदस्यों और समर्पित हॉटलाइन नंबरों का उपयोग करें जिनका उपयोग वे परेशानी की स्थिति में कर सकें। विषमलैंगिक संबंधों में ट्रांसजेंडर लोगों को मौजूदा वैधानिक प्रावधानों के तहत शादी करने की स्वतंत्रता और अधिकार है, शीर्ष अदालत ने कहा था कि यह विवाह या नागरिक संघ के समान मिलन के अधिकार को कानूनी मान्यता देने या रिश्ते को कानूनी दर्जा प्रदान करने का अधिकार है। ऐसा केवल ÷अधिनियमित कानून÷ के माध्यम से ही किया जा सकता है। सीजेआई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने समलैंगिक विवाह के लिए कानूनी मंजूरी की मांग करने वाली 21 याचिकाओं के एक बैच पर चार अलग-अलग फैसले सुनाए थे।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह*** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**